✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 86 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करते सीएम नीतीश कुमार

# अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं का तुरंत होगा समाधान : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनकी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि मुस्लिम समाज हमारे कार्यों के साथ पूर्ववर्ती सरकार के कार्यों को देखें। गुरुवार को बापू सभागार में बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हम अल्पसंख्यक समाज के लिए आज भी काम कर रहे हैं। हमारे पहले की सरकार ने उनके लिए कुछ नहीं किया। आज भी वो लोग कुछ नहीं कर रहे हैं। हमने विकास कार्यों में कभी भेदभाव नहीं किया। सभी वर्गों के लिए काम किया। हमारा मानना है कि समाज में पिछड़ा, दलित हो या महादलित, सभी को लाभ मिलना चाहिए। पहले बिजली का क्या हाल था। आज मुफ्त में लोगों को बिजली दी जा रही है। नीतीश कुमार ने कहा कि खुशी की बात है बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड का 100 वर्ष पूरा हो रहा है। यहां करीब 15 हजार की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। पहले कुछ नहीं था, कोई काम नहीं हुआ, पहले बुरा हाल था, हम लोग जब सरकार में आए तब काम करना शुरू किए। पहले झगड़ा बहुत होता था। आज बिहार में कानून का राज है। सीएम ने कहा कि 2005 के पहले मुस्लिम समुदाय के लिए काम नहीं किया जाता था। एनडीए की सरकार बनने के बाद मुसलमानों के लिए काम किया गया। 2006 से ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई। आज मदरसा के शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के बराबर समान वेतन दिया जा रहा है। पहले मदरसा शिक्षक को पैसा नहीं नहीं मिलता था। अब समान वेतन मिलता है। 2005 में एनडीए की सरकार **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

# प्रधानमंत्री आज बिहार को 13 हजार करोड़ की कई विकास योजनाओं की देंगे सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 22 अगस्त को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। वह सुबह लगभग 11 बजे बिहार के गया में लगभग 13,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद, वे गंगा नदी पर औंटा-सिमरिया पुल परियोजना का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे। कनेक्टिविटी में सुधार की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर 8.15 किलोमीटर लंबी औंटा-सिमरिया पुल परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जिसमें गंगा नदी पर 1,870 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 1.86 किलोमीटर लंबा 6 लेन वाला पुल भी शामिल है। यह पटना के मोकामा और बेगूसराय के बीच सीधा संपर्क प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री लगभग 1,900 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के बख्तियारपुर से मोकामा तक चार लेन वाले खंड का भी उद्घाटन करेंगे, जिससे भीड़भाड़ कम होगी, यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों के आवागमन एवं माल ढुलाई में आसानी होगी। बिहार में बिजली क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री लगभग 6,880 करोड़ रुपये की लागत से बक्सर थर्मल पावर प्लांट (660ब1 मेगावाट) का उद्घाटन करेंगे। इससे बिजली उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, ऊर्जा सुरक्षा में सुधार होगा और क्षेत्र में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकेगा।स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इस केंद्र में उन्नत ऑन्कोलॉजी ओपीडी, आईपीडी वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक प्रयोगशाला, ब्लड बैंक और 24 बिस्तरों वाला आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) और एचडीयू (उच्च निर्भरता इकाई) शामिल हैं। स्वच्छ भारत के अपने विजन को आगे बढ़ाते हुए और गंगा नदी की अविरल और निर्मल धारा **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## 12 हजार रुपए घूस लेते महिला दारोगा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियागंज में गुरुवार को पटना से आई विजिलेंस की टीम ने शिकारपुर थाना में पदस्थापित महिला दारोगा प्रीति कुमारी को 12 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने दारोगा के दलाल प्रकाशनगर निवासी अर्जुन कुमार को भी मौके से पकड़ा। यह कार्रवाई दोपहर करीब 2:30 बजे की गई। टीम ने दोनों को स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के पास स्थित दारोगा के आवास से दबोचा। विजिलेंस डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि मलदहिया निवासी फिरोज कौशर ने महिला दारोगा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। केस नंबर 791/25 में दारोगा ने फोन पर उससे 15 हजार रुपए की मांग की थी। शिकायत के बाद विजिलेंस टीम ने पूरे मामले की रेकी (निगरानी) की और फिर ट्रैप प्लान के तहत कार्रवाई की। डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता को विजिलेंस टीम ने रंग लगे नोट उपलब्ध कराए थे। जब यह रकम दारोगा के दलाल अर्जुन कुमार ने ली तो उसके पास से 12 हजार रुपए बरामद हुए। दारोगा प्रीति कुमारी के हाथ पर रंग के निशान मिले जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हो गई। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ लेकर चली गई। कार्रवाई करने वाली टीम में डीएसपी रिसिता कुमारी, अरुणोदय पांडेय, इंस्पेक्टर मुरारी प्रसाद समेत कई अधिकारी शामिल थे।

## दो युवकों की जिंदा जलकर मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सकरा थाना क्षेत्र के सकरा वाजिद गांव में एक ट्रैक्टर बिजली के खंभे से टकरा गया जिससे उसमें करंट दौड़ पड़ा और आग लग गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो युवकों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतकों की पहचान सकरा थाना क्षेत्र के भट्टांडी गांव निवासी राहुल कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 18 वर्ष बताई जा रही है।

## आइसीडीएस की डीपीओ निलंबित

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले में आईसीडीएस की डीपीओ रश्मि सिन्हा को सेविका चयन में गड़बड़ी करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है। इसे लेकर समाज कल्याण विभाग द्वारा आदेश भेजे जाने के बाद गुरुवार की सुबह जिला मुख्यालय समेत इससे जुड़े सभी कार्यालय में हड़कंप मच गया। जिले में वे अपने विभागीय कार्यों को करने में काफी लापरवाही करती थी। इसी का परिणाम था कि डीएम और डीडीसी बार-बार उनके खिलाफ स्पष्टीकरण की कार्रवाई करते थे। कई विभागीय कार्यों में उनके द्वारा रुचि नहीं लिए जाने के कारण स्थिति काफी दयनीय हो गई है। निलंबन की सूचना के बाद सुबह में वे कार्यालय आई और दोपहर में वापस चली गई।

## बिहार में जल्द शुरू होगी गंगा पर वॉटर मेट्रो सेवा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गंगा नदी से जुड़ी एक ऐतिहासिक पहल जल्द ही बिहार की तस्वीर बदल सकती है। पटना और हाजीपुर के बीच लंबे समय से चर्चा में रही वॉटर मेट्रो सेवा को लेकर अब काम तेज हो गया है। यह परियोजना कोच्चि वॉटर मेट्रो की तर्ज पर विकसित की जाएगी जिससे गंगा के किनारे बसे शहरों को एक नया और आधुनिक परिवहन साधन मिलेगा। इस सेवा को शुरू करने के लिए काफी समय से कोशिशें चल रही थीं। अब केंद्र सरकार के जलमार्ग प्राधिकरण और पोत परिवहन मंत्रालय के निर्देश के बाद बिहार सरकार का नगर विकास विभाग इस दिशा में कदम बढ़ा चुका है।

**ब्रिकी के लिए उपलब्ध**



हुंडई की 2024 मॉडल सीएनजी फाइव सीटर कार बिल्कुल नयी जैसी और कम चली हुई उचित मूल्य पर ब्रिकी के लिए उपलब्ध है।

**संपर्क करें : 6206165107**



# छह जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को नई शक्तियां : डॉ. प्रेम कुमार

## मखाना उद्योग को मजबूती देने के लिए सहकारिता विभाग का बड़ा कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता विभाग ने एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है। इसके तहत राज्य के छह जिलों–मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया और कटिहार–के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को नई शक्तियां प्रदान की गई हैं। अब संबंधित जिलों के पदाधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में केवल एक प्रखंड स्तरीय मखाना उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड का गठन और निबंधन कर सकेंगे। सहकारिता विभाग ने यह भी तय किया है कि वर्ष 1996 में निबंधित बिहार स्वावलंबी सहकारी समितियों को अब 1935 के अधिनियम में परिवर्तित कर निबंधित किया जाएगा। वर्तमान में मखाना से संबंधित 31 सहकारी समितियां कार्यरत हैं जिनमें एफ.पी.ओ., स्वावलंबी सहकारी समितियां और पुरानी मत्स्यजीवी सहयोग समितियां शामिल हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मखाना उत्पादक किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। इससे प्रखंड स्तर पर मखाना समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज होगी और किसानों को संगठित कर उनकी आय में वृद्धि की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उत्पादन और विपणन में सहयोग मिलेगा और बिहार का मखाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत पहचान बना सकेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिला सहकारिता पदाधिकारियों को दी गई नई शक्तियों से मखाना उत्पादकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। यह निर्णय किसानों को सहकारी ढांचे से जोड़कर उन्हें न केवल बाजार उपलब्ध कराएगा बल्कि उत्पादन से लेकर विपणन तक सहकारिता आधारित तंत्र विकसित करेगा।



# चुनाव नहीं लड़ने वाले 15 राजनीतिक दलों पर निर्वाचन आयोग की कड़ी नजर

## सूची से बाहर करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे 15 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक कोई भी चुनाव नहीं लड़ा है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पंजीकरण का लाभ उठाने वाले इन दलों ने सक्रिय राजनीति में भागीदारी नहीं दिखाई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार इन दलों में भारतीय आवाम एक्टिविस्ट पार्टी, भारतीय जागरण पार्टी, भारतीय युवा जनशक्ति पार्टी, एकता विकास महासभा पार्टी, गरीब जनता दल (सेक्युलर), जय जनता पार्टी, जनता दल हिंदुस्तानी, लोकतांत्रिक जनता पार्टी (सेक्युलर), मिथिलांचल विकास मोर्चा, राष्ट्रवादी युवा पार्टी, राष्ट्रीय सद्भावना पार्टी, राष्ट्रीय सदाबहार पार्टी, वसुधैव कुटुंबकम पार्टी, वसुंधरा जन विकास दल और यंग इंडिया पार्टी शामिल हैं। आयोग ने इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि यदि वे अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें सूची से बाहर (डीलिस्ट) करने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय ने सूचना दी है कि सभी संबंधित दलों को 1 सितंबर 2025 को अपराह्न 3 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत करना होगा। इसके आधार पर कार्यालय की ओर से प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा।

# आज प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बिहार को मिल सकती है 16 केंद्रीय विद्यालयों की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आज प्रधानमंत्री के गया जी में आयोजित होने वाले सभा के दौरान बिहार में 16 अलग-अलग स्थान पर केंद्रीय विद्यालय के स्थापना की मंजूरी मिलने की संभावना है। बताया जाता है कि इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से स्थल चयन के साथ-साथ भूमि का प्रस्ताव तथा तत्काल विद्यालय के संचालन की प्रक्रिया अस्थाई रूप से किए जाने की व्यवस्था पहले ही कर ली गई है। कई ऐसे नए जिले जहां पर जिला के सृजन होने के बाद भी केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकी है वहां भी केंद्रीय विद्यालय का सौगात मिलेगी। इस संबंध में बताया जाता है कि अरवल जिले के करपी प्रखंड में परियारी मौजा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना किया जाना है। यहां पर अरवल के जिलाधिकारी कुमार गौरव ने 5 एकड़ भूमि हस्तांतरण करने का प्रस्ताव केंद्रीय शिक्षा विभाग को पहले ही दे दिया है। सूत्रों के अनुसार इसी सत्र में नए विद्यालय की स्थापना के साथ कक्षा संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। तात्कालिक रूप से विद्यालय के संचालन के लिए अस्थाई रूप से अरवल जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शांतिपूरम बाजार स्थित बुनियादी विद्यालय के परिसर में केंद्रीय विद्यालय का संचालन किया जाएगा। वहीं जहां नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जानी है उसमें पटना, सासाराम, नालंदा जिले के बिहार शरीफ एवं नालंदा विश्वविद्यालय परिसर, राजगीर, हाजीपुर, मधेपुरा, बोधगया सहित 16 जगह पर केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी जल्द ही मिलेगी। इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से केंद्रीय शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है जिसे इसी सत्र में मंजूरी मिलने की बात बताई जा रही है। देखा जाए तो बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले इतने बड़े स्तर पर केंद्रीय विद्यालय स्थापित होना बिहार के लिए एक गौरव का विषय होगा। यहां केंद्रीय विद्यालय की स्थापना सिविल स्तर पर की जाएगी जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए शिक्षण सहायक सामग्री सहित कई अन्य सुविधाएं उन्हें मुफ्त में मिलेंगी।

# डॉ. रत्ना अमृत का आह्वान- छोटे-छोटे कदमों से करें धरती की रक्षा

## बी. डी. कॉलेज, पटना के विद्यार्थियों ने सीखा पर्यावरण संरक्षण का मंत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के प्राचीन इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग द्वारा 'गुरु गौरव' कार्यक्रम अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर विशेष चर्चा सत्र का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई और इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रत्ना अमृत ने की। मंच पर विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी, प्राचीन इतिहास विभाग की डॉ. स्वर्णा कुमार और हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली कुमारी उपस्थित थीं। विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को प्राचीन भारतीय परंपराओं से जोड़कर समझाया। उन्होंने अथर्ववेद के मंत्र 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदा से पृथ्वी को माता और मनुष्य को उसका पुत्र मानकर उसकी रक्षा का संदेश दिया है। श्रीमती तिवारी ने व्यावहारिक स्तर पर इको ब्रिक बनाने की विधि का प्रदर्शन किया और इसकी उपयोगिता बताई। उन्होंने गीले और सूखे कचरे, शीशे और धातु को अलग-अलग रखने का मॉडल प्रस्तुत किया। अपने प्रस्तुतीकरण में उन्होंने थ्री पी सिद्धांत – पेड़, पानी और प्लास्टिक – पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जैव विविधता पर संकट गहराता है, दूषित जल से मानव और कृषि प्रभावित होती है तथा प्लास्टिक प्रदूषण संपूर्ण धरती के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने फाइव आर सिद्धांत – रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल, रिकवर और रिफ्यूज – पर बल देते हुए कहा कि यदि हम इन सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा दी जा सकती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. रत्ना अमृत ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। डॉ. लाडली कुमारी ने भी विचार रखते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन नीतू तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वर्णा कुमार ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन पंचम सेमेस्टर की छात्राओं छाया, आकांक्षा और श्रेया ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को साझा जिम्मेदारी मानते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।



# उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की स्मृति को नीतीश कुमार ने किया स्थापित : मुरली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पुनाईचक स्थित एक निजी भवन में भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक संगीतप्रेमी, साहित्यकार, कलाकार और छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां पर शोध कर चुके लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां भारतीय संगीत के एक ऐसे स्तंभ थे जिन्होंने शहनाई को मंदिरों और शादी-ब्याह तक सीमित न रखकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। उन्होंने कहा कि खां साहब की शहनाई से निकलने वाले सुरों में आध्यात्मिकता और भारतीयता दोनों का समावेश होता था। आगे उन्होंने बताया कि 15 नवंबर, 2009 को हमारी पुस्तक शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पुस्तक के लोकार्पण करने के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि उस्ताद के नाम पर डुमरांव में स्मृति स्थापित की जाएगी और उनके जन्मदिन को राजकीय समारोह के रुप में मनाया जाएगा। इनदोनों घोषणाओं को उन्होंने पूरा कर दिया। अब बिहार का पहला बिस्मिल्लाह खां संगीत महाविद्यालय, डुमरांव में खुलने जा रहा है जो उस्ताद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बिस्मिल्लाह खां की विनम्रता, उनके जीवन मूल्यों और संगीत के प्रति उनकी साधना को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस मौके पर मृत्युंजय सिंह, शशि रंजन, रंजीत कुमार, प्रो. नीतू सिन्हा सहित अन्य लोग भी शामिल हुए।



# कांग्रेस-राजद के भ्रम फैलाने की रणनीति नाकाम : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि राजद-कांग्रेस का वोटर लिस्ट से नाम कटने को लेकर किया जा रहा फरेब एक-एक कर बेनकाब हो रहा है। इसी के साथ राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की 'वोट अधिकार यात्रा' की कलई भी खुलती जा रही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि कानपुर के आदित्य श्रीवास्तव से लेकर रोहतास की रंजू देवी और नवादा के सुबोध कुमार के जरिए वोटर लिस्ट से नाम कटने का राहुल गांधी के फैलाये फरेब का पदार्फाश हो चुका है। इसके बाद से इस अफवाह व भ्रम फैलाओं यात्रा से लोगों ने दूरी बनानी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि असलियत तो यह है कि जिनके भी वोट चोरी का राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं, वही व्यक्ति सामने आकर उनके आरोप को झुठला दे रहा है। जिन 65 लाख वोटरों के एस आई आर में नाम कटने का विपक्ष ने हौव्वा खड़ा किया, चुनाव आयोग ने बूथवार कारण सहित उनकी सूची जारी कर विपक्ष को बेपर्द कर दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सिवान की मिन्ता देवी ने खुद स्वीकार किया कि गलती से फार्म में उन्होंने अपनी गलत जन्म तिथि भरी थी। इसी प्रकार रोहतास की रंजू देवी से वार्ड सचिव के दबाव में गलतबयानी कराई गई थी। उनके परिवार के सभी छह सदस्यों के नाम यथावत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में दर्ज है। नवादा के सुबोध कुमार के बारे में निर्वाचन आयोग ने बताया है कि उनका नाम कभी वोटर लिस्ट में था ही नहीं, फिर कटने का कहां सवाल उठता है। विपक्ष को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि तिकड़म और फरेब की राजनीति जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। इस देश में लोकतंत्र की जड़ें काफी मजबूत है और अब जनता भी जागरुक हो चुकी है।



# यातायात जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभानी होगी : डॉ. संजय कुमार सिंह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना कॉलेजिएट स्कूल के सभागार में यातायात पुलिस, पटना और एनसीसी उड़ान के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं अस्पताल पूर्व चिकित्सा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक, यातायात नव वैभव ने सभागार में उपस्थित सभी एनसीसी कैडेट्स को यातायात जागरूकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल लगभग 80,000 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का 13% है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती है। इसलिए सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य, पटना कॉलेजिएट स्कूल, अफजल सआदत हुसैन ने किया। उन्होंने अपने संबोधन भाषण में कहा कि सभी बच्चों को सड़क पर यातायात नियम का पालन करना चाहिए क्योंकि आप का जीवन अगर सुरक्षित है तो आपका परिवार सुरक्षित रहेगा। सड़क सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आप यातायात नियमों का जितना अधिक ध्यान रखेंगे, उतनी ही कम दुर्घटनाएं होंगी। इस कार्यक्रम में 1 बिहार नेवल यूनिट के एन.सी.सी पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमें यातायात जागरूकता में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमें वह सब मिले जिसके हम हकदार हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचें, यातायात संकेतों जैसे स्टॉप साइन, लाल बत्ती का पालन करें, सीटबेल्ट/हेलमेट पहनें, गति सीमा और सुरक्षित दूरी बनाए रखें । प्रशिक्षक अभय कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा में सुधार लाने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा उपायों में जमीनी स्तर पर नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक रितिका शर्मा एवं अंजली कुमारी ने अस्पताल पूर्व चिकित्सा का ज्ञान कैडेट्स को दिया। इस अवसर ट्रूप संख्या 4 पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना के सभी जे.डी. जे. डब्लू. कैडेट्स के साथ -साथ विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

# बीआईए ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी का किया स्वागत

## बंद पड़े उद्योगों को फिर से शुरू करने का सुनहरा अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की ओर से जारी की गई एमनेस्टी पॉलिसी झ 2025 का बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) ने स्वागत किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष केपीएस केशरी ने कहा कि बीआईए सरकार से यह मांग करता रहा है कि जिन औद्योगिक इकाइयों का संचालन किसी परिस्थिति के कारण बंद हो गया था और जिनका भू-आवंटन बियाडा ने रद्द कर दिया, लेकिन इकाई प्रबंधन उन्हें फिर से शुरू करने का इच्छुक है, उन्हें एक और अवसर मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में राज्य के औद्योगिक विकास के संबंध में बंद पड़े उद्योगों को अपना उद्योग शुरू करने के लिए दोबारा मौका दिए जाने की घोषणा की थी। उसी घोषणा के अनुपालन में बियाडा ने अब एमनेस्टी पॉलिसी 2025 अधिसूचित कर दी है। नीति के अनुसार उन सभी इकाइयों जिनका भूखंड किसी तीसरे पक्ष को आवंटित न हुआ हो और भू आवंटन रद्द कर दिया गया है, को मौका दिया जाएगा। केपीएस केशरी ने कहा कि यह कदम निश्चित रूप से बंद पड़े उद्योगों को पुनर्जीवित करने में मदद करेगा और बिहार में औद्योगिकरण को गति देगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिन भूखंडों का आवंटन पहले ही किसी तीसरे पक्ष को हो चुका है, उन्हें उसी औद्योगिक क्षेत्र में अन्य उपयुक्त भूखंड देकर या किसी और तरीके से भरपाई की जाए। बीआईए अध्यक्ष ने यह भी बताया कि संगठन ने इस नीति को लेकर कई व्यवहारिक सुझाव दिए थे, जिनमें से अधिकांश को पॉलिसी में शामिल किया गया है।

# लायंस क्लब पटना फेमिना ने मनाया 31वां स्थापना दिवस




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लायंस इंटरनेशनल क्लब पटना फेमिना ने अपना 31वां स्थापना दिवस सह चार्टर नाइट, गोल्डन सनराइज होटल, पाटलीपुत्रा में मुख्य अतिथि डी जी लायन प्रदीप खेतान की उपस्थिति में मनाया। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष लायन नवजोत काजल, सचिव लायन नरिती केसरी, कोषाध्यक्ष लायन पुष्पांजली बिहारी ने पदभार संभाला। सभी अतिथियों का स्वागत लायन शाहीन परवीन ने किया। पूर्व सचिव लायन नवजोत काजल ने सत्र 2024-25 में किए गए सामाजिक कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। नव नियुक्त अध्यक्ष नवजोत काजल ने अपने शुरू हुए सत्र में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों को करने पर अपने विचार सांझे किए। कार्यक्रम की मास्टर ऑफ सेरामनी लायन पुर्णिमा रॉय और लायन बरखा केशरी ने की। कार्यक्रम के दौरान मिशन सखी की जिला चेयरपर्सन लायन रीता कुमार ने एक पुरुषमंद महिला को सिलाई मशीन भेंट की। कार्यक्रम में लायन गनवंत मलिक, लायन संगीता नंदा, लायन अविनाश साह, लायन वीना गुप्ता, लायन संजय अवस्थी, लायन श्रुति अग्रवाल, लायन मधुसूदन, लायन रचना खेतान, लायन आर आर सहाए, लायन डी बी गुप्ता, लायन प्रकाश नंदा और क्लब पटना फेमिना के सदस्यों ने भाग लिया।

# बिहार नीट काउंसलिंग के रिजल्ट में गोल के छात्र बने राज्य टॉपर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आदित्य धनराज
नीट स्टेट रैंक-1
(ई०बी०सी)

शुभजीत राज
नीट स्टेट रैंक-2
(जेनरल)

साक्षी सिन्हा
नीट स्टेट रैंक-3
(आर०सी०जी०)

**पटना।** बिहार के यूजीएमएसी काउंसलिंग बोर्ड द्वारा जारी एमबीबीएस एवं बीडीएस प्रवेश की मेरिट सूची में एक बार फिर गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने परचम लहराया है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी बिहार के अधिकांश नीट मेडिकल टॉपर गोल इंस्टीट्यूट से निकले हैं। गोल के प्रतिभाशाली छात्रों में आदित्य धनराज ने ईबीसी श्रेणी में प्रथम स्थान, सुभजीत ने जनरल श्रेणी में द्वितीय स्थान, तथा साक्षी ने गर्ल्स (आरसीजी) श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान और बिहार का नाम रोशन किया। इन टॉपर्स के अलावे भी गोल के अनेक छात्रों ने शीर्ष स्थानों पर अपनी जगह बनाई है। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय गोल इंस्टीट्यूट की अद्वितीय शिक्षण पद्धति, उत्कृष्ट देखभाल, निरंतर टेस्ट प्रणाली और परिणामोन्मुखी मार्गदर्शन को दिया।

**संस्थान प्रबंधन की प्रतिक्रिया**

गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा- हमारे छात्रों की यह सफलता गोल के विजन और समर्पण का प्रमाण है। गोल हमेशा से छात्रों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सही दिशा देने में भी अग्रणी रहा है। यह उपलब्धि गोल के छात्रों का अथक प्रयास, अभिभावकों का अटूट विश्वास और गोल के टीम का संयुक्त प्रयास का परिणाम है। गोल इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक ने कहा- हर साल की तरह इस बार भी हमारे छात्र बिहार की नीट मेरिट सूची में शीर्ष पर हैं। यह इस बात का सबूत है कि गोल की मेहनती फैकल्टी और हमारी शैक्षणिक रणनीति विद्यार्थियों को सर्वोच्च स्तर तक ले जाने में सक्षम है। गोल इंस्टीट्यूट के आर एंड डी प्रमुख आनंद वात्स ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा-गोल की निरंतर रिसर्च, टेस्टिंग और अपडेटेड स्टडी पैटर्न छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में वास्तविक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती है। हम लगातार छात्रों को सबसे बेहतर साधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। गोल इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह सिर्फ पूर्वी भारत का अग्रणी संस्थान ही नहीं, बल्कि परिणामों की फैक्ट्री है।

# बिलासपुर मंडल में एनआई कार्य के मद्देनजर तीन जोड़ी ट्रेनों का परिचालन रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** बिलासपुर मंडल के रायगढ़-झारसुगुड़ा रेलखंड के मध्य तीसरी-चौथी लाइन परियोजना के तहत किरोड़ीमलनगर स्टेशन पर एनआई कार्य किया जाना है। इसके मद्देनजर इस रेलखंड से गुजरने वाली 3 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार रद्द किया जा रहा है - 21.08.25 को हैदराबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस, 24.08.25 को रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी सं. 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस, 22.08.25 को वास्को डी गामा से खुलने वाली गाड़ी सं. 17321 वास्को डी गामा-जसीडीह एक्सप्रेस 25.08.25 को जसीडीह से खुलने वाली गाड़ी सं. 17322 जसीडीह-वास्को डी गामा एक्सप्रेस 27.08.25 को गया से खुलने वाली गाड़ी सं. 22358 गया-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, 29.08.25 को लोकमान्य तिलक से खुलने वाली गाड़ी सं. 22357 लोकमान्य तिलक-गया एक्सप्रेस।

# वर्ल्ड क्लास गंगा ब्रिज से

## उत्तर और दक्षिण बिहार को मिली आधुनिक रोड कनेक्टिविटी



## बिहारवासियों के लिए औंटा और सिमरिया के बीच

# 8 किमी से अधिक लम्बा 6-लेन गंगा ब्रिज का उपहार

# औंटा-सिमरिया गंगा ब्रिज आगमन पर

### माननीय प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्र मोदी

का

## हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन

**कुल लागत : ₹1870+ करोड़**

### परियोजना से लाभ

- उत्तरी बिहार के सुपौल, मधुबनी, अररिया, बेगूसराय आदि जिलों की दक्षिणी बिहार के शेखपुरा, नवादा, लखीसराय के साथ बेहतर रोड कनेक्टिविटी
- पुराने जर्जर राजेंद्र ब्रिज से भारी वाहनों की आवाजाही बंद होने के कारण 100 किमी अधिक दूरी तय करनी पड़ती थी, अब वह सफ़र केवल 8 किमी में संभव जिससे समय व ईंधन की बड़ी बचत और लॉजिस्टिक लागत में कमी
- राजेंद्र ब्रिज पर वन-वे ट्रैफिक संचालन के कारण लोग जाम में अटकते थे। नए गंगा ब्रिज से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी
- रिफाइनरी, बरौनी थर्मल पावर स्टेशन, बरौनी सुधा डेयरी, खाद कारखाना सहित स्थानीय उद्योगों को मिलेगी नयी मजबूती
- स्थानीय कृषि उपज की बड़े बाजारों तक पहुँच होगी सुगम
- सिमरिया धाम तक सीधी पहुँच से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

**22 अगस्त, 2025, शुक्रवार, समय : अपराह्न 01:30 बजे, स्थान : सिमरिया, बेगूसराय, बिहार**

CBC/37107/15/0012/2526

### गरिमामयी उपस्थिति

**आरिफ मोहम्मद खां**
राज्यपाल, बिहार

**नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

**राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह**
केंद्रीय मंत्री, पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी

**गिरिराज सिंह**
केंद्रीय मंत्री, वस्त्र

**सम्राट चौधरी**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**विजय कुमार सिन्हा**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**नितिन नबीन**
मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार

**संजय सरावगी**
मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**कार्तिक कुमार**
सदस्य, बिहार विधान परिषद्

**राजीव कुमार**
सदस्य, बिहार विधान परिषद्

**राम रतन सिंह**
विधायक, तेघड़ा (बेगूसराय)

**ज्ञानेंद्र कुमार सिंह**
विधायक, बाढ़

**अनिरुद्ध कुमार**
विधायक, बख्तियारपुर

**राज कुमार सिंह**
विधायक, मतिहानी (बेगूसराय)

**सतानंद सम्बुध**
विधायक, साहेबपुर कमाल (बेगूसराय)

**कुन्दन कुमार**
विधायक, बेगूसराय

**सुरेन्द्र मेहता**
विधायक, बछवाड़ा (बेगूसराय)

**सूर्यकान्त पासवान**
विधायक, बखरी (बेगूसराय)

**नीलम देवी**
विधायक, मोकामा

**और सभी माननीय जनप्रतिनिधि**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

DD NEWS पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

# गरीबों के विकास के लिए कृतसंकल्पित है नीतीश सरकार : श्रवण कुमार





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण सड़क विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कुल 4 करोड़ 85 लाख 93 हजार रुपये की लागत से पाँच सड़क योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी और लंबे समय से ग्रामीणों की चली आ रही मांग पूरी होगी। शिलान्यास की गई योजनाओं में बारा रोड से झामाडीह तक 30 लाख 91 हजार की लागत से सड़क निर्माण, टी.ओ.ए से यमुनापुर डीह तक 1 करोड़ 41 लाख की लागत से सड़क, सोहसराय-नूरसराय आरसीडी से जयप्रकाश भेड़िया तक 50 लाख 63 हजार की लागत से सड़क, डीपीएस मेयार से सरदार बिगहा तक 24 लाख 61 हजार की लागत से सड़क और अंधना बारा रोड से आपा तक 14 लाख 19 हजार की लागत से सड़क शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खासकर महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने मंत्री श्रवण कुमार से आग्रह किया कि निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही पाई गई, तो उसकी शिकायत संबंधित विभाग से की जाएगी और जरूरत पड़ने पर निर्माण कार्य पर रोक भी लगाई जाएगी। मंत्री श्रवण कुमार ने जनता को भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़कें मजबूती और टिकाऊपन के साथ तय समय पर पूरी की जाएं। अपने संबोधन में मंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि नीतीश सरकार गरीबों और ग्रामीणों के विकास को कृतसंकल्पित है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पक्की और चौड़ी सड़कों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि महिलाओं को भी रोजमर्रा के कामकाज और रोजगार में सहूलियत होगी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सोनीलाल, उपप्रमुख अविनाश मौर्या, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, पूर्व प्रमुख राकेश कुमार, डॉ. सुनील दत्त, जितेंद्र कुमार, परमहंस कुमार, कामेश्वर राम, शैलेंद्र चौहान, शशि महतो, युवाध्यक्ष शुभम महतो, सन्नी कुशवाहा, बबलू मुखिया, कमराज, मंटू प्रसाद, विरंची यादव, छात्र अध्यक्ष विकास महतो समेत कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करंट लगने से युवक की मौत आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। खुदागंज थाना क्षेत्र के कचनपुरा गांव में गुरुवार को 37 वर्षीय श्रीकांत पासवान की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने इस्लामपुर–खुदागंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार श्रीकांत खेत में बोरिंग मशीन खड़ा कर रहा था। इसी दौरान मशीन का पाइप ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया। करंट की चपेट में आने से श्रीकांत की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें एंबुलेंस से इस्लामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। सड़क जाम से यातायात बाधित हो गया और स्थिति तनावपूर्ण बन गई। सूचना पाकर खुदागंज थानाध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर समझाया और आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया। गांव में हुई इस दर्दनाक घटना से शोक की लहर है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्च वोल्टेज तारों को समय पर हटाने और सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है।

## एक नजर

### पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व जन सुराजी नेता इंद्रदेव कुशवाहा ने चलाया जन सम्पर्क

**कौआकोल**। बिहार में आगामी विधानसभा को देखते हुए जन सुराज पार्टी ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। गोविंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड में पार्टी के वरिष्ठ नेता व नवादा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे इंद्रदेव कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों में घूम-घूमकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वहीं उनके द्वारा लोगों को पार्टी से जुड़ने का भी आहवान किया गया। उन्होंने लोगों के बीच जन सुराज एवं प्रशांत किशोर के विचारों को रखा तथा कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर युवाओं का पलायन रोकना,15 साल तक के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा,बुजुर्गों को 2000 मासिक पेंशन और किसानों की आय बढ़ाना आदि कार्य किये जायेंगे। साथ ही महिलाओं को सरकारी गारंटी पर सस्ता ऋण देने का वादा भी किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि आगामी 24 अगस्त को प्रखण्ड के सरौनी गांव में प्रखंडस्तरीय सम्मेलन रखा गया है। जिसके लिए भी लोगों को आमंत्रण दिया जा रहा है।

### पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव का जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**कौआकोल**। गोविंदपुर विधानसभा के पूर्व विधायक व राजद नेत्री पूर्णिमा यादव का कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में महिला जन संवाद कार्यक्रम 20 अगस्त से लगातार जारी है। पहले दिन बुधवार को पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने दरावां पंचायत अंतर्गत महापुर एवं छबैल पंचायत में महिलाओं से मिलकर संवाद स्थापित किया। वहीं गुरुवार को उन्होंने खड़सारी पंचायत के करमाटांड़ एवं पाली पंचायत में महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर वर्तमान सरकार पर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के संकल्पों के बारे में भी सभी को विस्तार पूर्वक बताया गया। जबकि महिलाओं को सम्मान देने को लेकर माई-बहिन मान योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य ठप है। फिलहाल केवल जुमलेबाजी की जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार, अपराध चरम पर है। 15 सालों में जनता की याद नहीं आई। इस बार के विधानसभा चुनाव में आम जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख रीना राय समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

### फोटोग्राफरों के लिए सोनी कम्पनी की एक दिवसीय वर्कशॉप

**नवादा**। बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन नवादा के द्वारा एक निजी होटल में सोनी कम्पनी के द्वारा वर्कशॉप का आयोजन कराया गया। इस वर्कशॉप में कम्पनी के मेन्टर मनीष अग्रवाल एवं मार्केटिंग सेल्स अमित कुमार के द्वारा आधुनिक फोटोग्राफी की तकनीकी समझाया एवं सिखाया गया। महासचिव गणेश कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार एवं मॉडल स्वेता पाण्डेय उपस्थित हुए। जिला से अध्यक्ष नवीन कुमार, उपाध्यक्ष नवीन निश्चल, सचिव रविशंकर कुमार, संयुक्त सचिव प्रिंस कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, संरक्षक शैलेन्द्र कुमार दुबे, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी सौरव कुमार, कोर कमिटी से मुकेश कुमार, शिवशंकर पाण्डेय, उत्तम कुमार, दिलीप कुमार, आशिष कुमार, राहुल कुमार एवं जिले के तमाम फोटोग्राफर मौजूद रहें।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 25 को

**नारदीगंज,नवादा**। पेंशनर भवन नारदीगंज में आगामी 25 अगस्त 2025 यानी सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगी। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से आयोजित किया जायेगा। आयोजित शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनरों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच करेंगे। पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने आयोजित शिविर में अधिक से अधिक पेंशनर समाज के लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

### एसपी ने किया पकरीबरावां थाना का निरीक्षण

**पकरीबरावां**। नवादा एसपी अभिनव धीमान ने बुधवार को पकरीबरावां थाना का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों की स्थिति और पुलिस पदाधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर थाना की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनावी माहौल में शांति और निष्पक्षता हर हाल में कायम रहनी चाहिए। किसी भी तरह की अफवाह, गड़बड़ी या असामाजिक गतिविधियों को तुरंत रोकने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने को कहा गया। एसपी ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र के महापर्व को स्वच्छ और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सीरिस्ता कक्ष, मालखाना एवं थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सत्संग श्रवण से धुंधकारी प्रेत का भी उद्धार : स्वामी शांतानंद

**कौआकोल**। प्रखण्ड के मंझिला पंचायत अंतर्गत लोहसिंघानी गांव निवासी व सेवानिवृत्त शिक्षक छोटन प्रसाद के निधन उपरांत उनके श्राद्ध कार्यक्रम के अवसर पर सत्संग का आयोजन किया गया। आयोजित संतमत सत्संग के मौके पर महर्षि संतसेवी ध्यानयोग आश्रम धनावां के संचालक स्वामी शांतानंद जी महाराज ने कहा कि सत्संग श्रवण मात्र से जीव का कल्याण होता है। सनातन धर्म में सोलह प्रकार संस्कार बताये गये है। वेद में तीन कांड हैं-कर्मकांड उपासना कांड और ज्ञान कांड। जीव का परम कल्याण ज्ञान कांड से होता है। भागवत महापुराण के महात्म्य की कथा बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि आत्मदेव ब्राह्मण के पुत्र धुंधकारी की संगति मांसाहार, शराबी, वैश्यावृत्ति से हो गयी थी, फलस्वरूप वैश्याओं ने उसे लुहाठी से जला मार डाला। उसे महाप्रेत बनना पड़ा। उनके भाई गोकर्ण जी महाराज ने धुंधकारी के मुक्ति के सभी तीर्थों तथा अंत में गया जी में श्राद्ध क्रिया की परंतु धुंधकारी प्रेत का उद्धार नहीं हुआ। गोकर्ण जी महाराज ने सात दिनों तक सत्संग भागवत महापुराण की कथा सुनाई। तब जाकर धुंधकारी प्रेत का उद्धार हुआ। और उसे मोक्ष मिला। सत्संग श्रवण मात्र से जीव का कल्याण मोक्ष मिलता है।

# राजगीर स्टेशन पर सांसद कौशलेंद्र करेंगे बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 22 अगस्त 2025 को गया से बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन का शुभारंभ किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार राजगीर स्टेशन पर इस विशेष ट्रेन का स्वागत करेंगे। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के अनुरोध पर सांसद ने यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। पत्रकारों से बातचीत में सांसद ने कहा कि यह ट्रेन नालंदा ही नहीं, पूरे बिहार के लिए ऐतिहासिक महत्व रखती है। सांसद कुमार ने बताया कि इस ट्रेन के संचालन से पारसनाथ, गया, राजगीर, नालंदा, पावापुरी, बिहारशरीफ, पटना और वैशाली जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों तक सीधी पहुंच संभव होगी। इससे बौद्ध धर्म के साथ-साथ जैन और हिंदू तीर्थ स्थलों की यात्रा भी सरल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राजगीर से होकर गुजरने वाली यह ट्रेन नालंदा की सभ्यता, संस्कृति और पर्यटन को नई पहचान दिलाएगी। सांसद ने यह भी बताया कि ट्रेन का सीधा संपर्क नई दिल्ली और हावड़ा जैसे दो प्रमुख स्टेशनों से होने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से संसद में इस ट्रेन की मांग उठाते रहे हैं और अब इसका शुभारंभ नालंदा के लिए ऐतिहासिक क्षण है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार और नालंदा के विकास के लिए दोनों नेता सदैव संकल्पित हैं।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम-एसपी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डीएम और एसपी ने निर्वाचन की प्रत्येक व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में कुल 2765 मतदान केंद्र और 1721 भवन निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित विभाग – शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आंगनबाड़ी, पंचायती राज और सहकारिता – आयोग से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, शेड, बिजली, रैंप और साइनेज जैसी सुविधाएं एक




सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को कार्य प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि डिस्पैच सेंटर और स्ट्रांग रूम की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था और रूट मरम्मती की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण हर हाल में किया जाए। अर्द्धसैनिक बलों के आवासन स्थल की सूची शीघ्र भेजने का निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि परिवहन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव से जुड़े सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। इस मौके पर नगर आयुक्त, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, संबंधित पुलिस उपाधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सफाई व्यवस्था जेनरेटर व एम्बुलेंस सुविधा सुदृढ़ करने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और ठोस निर्णय लिए गए। बैठक का मुख्य एजेंडा आउटसोर्सिंग के माध्यम से अस्पतालों में दी जा रही सेवाओं की समीक्षा रहा। इसमें साफ-सफाई, जेनरेटर संचालन, चादरों एवं वस्त्रों की धुलाई तथा मरीजों को भोजन की उपलब्धता जैसी सेवाएँ शामिल थीं। विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में निर्णय लिया कि सदर अस्पताल एवं अनुमंडल अस्पतालों में साफ-सफाई, बिस्तर संबंधी सामग्री, भोजन और वस्त्रों की धुलाई



का कार्य जीविका समूहों के माध्यम से कराया जाएगा। इसी तरह प्रखंड अस्पतालों के लिए भी इस कार्य हेतु जीविका से प्रस्ताव आमंत्रित करने का निमर्णय लिया गया। जिला पदाधिकारी ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए सदर अस्पताल में जेनरेटर की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए नई निविदा प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा हेतु एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों एवं उनके परिजनों को तुरंत सहयोग उपलब्ध हो सके। इस बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा प्रियंका रानी, सिविल सर्जन नवादा विनोद कुमार चौधरी, डीपीएम स्वास्थ्य अमित कुमार के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डाक जीवन बीमा मेगा ड्राइव में नालंदा देशभर में प्रथम, 63.5 करोड़ का किया व्यवसाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा डाक मंडल ने एक बार फिर नया इतिहास रचा है। बुधवार को आयोजित डाक जीवन बीमा मेगा ड्राइव में मंडल ने लगभग 63.5 करोड़ रुपये का व्यवसाय कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से कुल 1105 लोग लाभान्वित हुए। यह जानकारी नालंदा डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे मंडल के सभी अधिकारियों, डाककर्मियों और डायरेक्ट एजेंटों की अहम भूमिका रही। उनके अथक प्रयासों से नालंदा डाक मंडल को यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इस ड्राइव का उद्देश्य आम नागरिकों को डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़कर उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।




अधिकारियों ने बताया कि इच्छुक लोग 29 अगस्त तक अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। ड्राइव के दौरान सर्वाधिक योगदान देने वालों में आलोक प्रखर को प्रथम, रंजन कुमार को द्वितीय और सुश्री सिंकू कुमारी को तृतीय स्थान पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहारशरीफ डाकपाल मनीष आनंद, परिवाद निरीक्षक अभिषेक कुमार, डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार, विकास राय, इन्द्रेश विक्रांत, अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, राजेश पटेल, दीपक कुमार, संजय कुमार, मुन्नू कुमार, ओमप्रकाश, कुमार अभिषेक सहित बड़ी संख्या में डाककर्मी उपस्थित रहे।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में रोगी कल्याण समिति सदर अस्पताल नवादा के शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति से जुड़े विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता को और सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीपीएम स्वास्थ्य अमित कुमार ने जानकारी दी कि रोगी कल्याण समिति का गठन मूल रूप से इस उद्देश्य से किया गया है कि आम जनता को बिना किसी आर्थिक कठिनाई के उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, अस्पताल प्रशासन एवं प्रबंधन को मरीजों के प्रति अधिक उत्तरदायी और जवाबदेह बनाया जा सके। समिति की संरचना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि इसके अध्यक्ष जिला पदाधिकारी तथा उपाध्यक्ष उप विकास आयुक्त होते हैं। सदस्य के रूप में सिविल सर्जन/अधीक्षक या उपाधीक्षक, शहरी निकायों से नामित पार्षद या जिला परिषद सदस्य तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा नामित आठ सामाजिक कार्यकर्ता शामिल किए जाते हैं। इनमें कम से कम दो महिलाएं और एक अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग का सदस्य अनिवार्य रूप से होता है। बैठक में एजेंडावार चर्चा के क्रम में डीपीएम स्वास्थ्य ने बताया कि सदर अस्पताल में इलेक्ट्रिशियन एवं प्लम्बर की कमी के कारण बार-बार समस्याए उत्पन्न होती हैं। इस पर समिति ने निर्णय लिया कि श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर पर दैनिक मजदूरी पर इलेक्ट्रिशियन एवं प्लम्बर की नियुक्ति हेतु सूचना प्रकाशित कर कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार ममता कार्यकर्ताओं की सेवा अवधि पर विचार करते हुए समिति ने निर्णय लिया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के ममता कार्यकर्ताओं को सेवामुक्त कर उनकी जगह नए ममता की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।बैठक में पेयजल व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि सदर अस्पताल परिसर में लगे दो चापाकलों में से एक खराब है। समिति ने निर्देश दिया कि खराब चापाकल को तुरंत दुरुस्त कराया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर नगर परिषद के माध्यम से नए चापाकल की स्थापना कराई जाए। इसके अतिरिक्त बैठक में अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति एवं सुधार की आवश्यकता, मरीजों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण दवा व उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था, आपातकालीन परिस्थितियों में स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता, अस्पताल प्रशासन एवं कर्मियों की जवाबदेही, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपाय तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति जैसे विषयों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया।समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर एक शेड का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही शव रखने हेतु उपलब्ध डीप फ्रीजर के शेड एवं स्थल की मरम्मति भी कराई जाएगी।समिति ने यह भी तय किया कि समिति के कार्यों और निर्णयों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा प्रियंका रानी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, मुख्य पार्षद नगर परिषद नवादा पिंकी कुमारी, सिविल सर्जन नवादा विनोद कुमार चौधरी, नगर निकाय प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्यगण एवं रोगी कल्याण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री बीमा योजना से ग्रामीणों को मिलेगा सुरक्षा कवच : अग्रणी जिला प्रबंधक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष कुमार ने गुरुवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि जिले में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं का लाभ तेजी से ग्रामीणों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 31 अगस्त तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, जहाँ ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 18 से 50 वर्ष तक के लोग शामिल हो सकते हैं । इसमें साधारण मृत्यु की स्थिति में परिजनों को दो लाख रुपये का लाभ दिया जाता है। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मात्र 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर उपलब्ध है, जिसके अंतर्गत दुर्घटना से मृत्यु या पूर्ण विकलांगता होने पर दो लाख रुपये तथा आंशिक विकलांगता पर एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। मनीष कुमार ने आगे कहा कि अटल पेंशन योजना भी ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी है. इसमें 18 से 40 वर्ष तक के लोग नामांकन करा सकते हैं। योजना में शामिल व्यक्ति को 60 वर्ष की आयु के बाद 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक मासिक पेंशन प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इन सभी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।

# हवाई फायरिंग से दशहत, तीन नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के बिक्कु गांव में बुधवार की शाम हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। धान के खेत में घास फेंकने के विवाद के बाद बदमाशों ने दो राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। साथ ही सोने का लॉकेट छीन लेने की भी शिकायत की गई है। इस घटना से पूरे गांव में भय का माहौल है। सूचना मिलते ही शाम सात बजकर 30 मिनट पर एसआई आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है। अजय कुमार (पुत्र स्व. रामाश्रय सिंह, निवासी बिक्कु) के लिखित बयान पर नारदीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला कांड संख्या 301/2025 के रूप में अंकित हुआ है। दर्ज प्राथमिकी में बिक्कु निवासी उपेंद्र सिंह के पुत्र विकास कुमार, उसके पुत्र प्रशांत कुमार और निशांत कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। अजय कुमार ने आरोप लगाया है कि उनका पुत्र पंकज कुमार खेत देखने गया तो विकास कुमार ने वहां घास फेंका। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की गई। इसी दौरान फुफेरा भाई दिवाकर कुमार को भी धमकी दी गई। शिकायत के अनुसार, बाद में प्रशांत कुमार पिस्टल लेकर आया और गोली चलाकर जान से मारने की कोशिश की। गोली अजय कुमार की कनपटी के पास से गुजर गई। उसके बाद दूसरी बार हवाई फायरिंग कर धमकी दी गई कि यदि पुलिस में शिकायत की तो सीने में गोली मार देंगे। वहीं, निशांत कुमार पर घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली-गलौज करने का भी आरोप है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# एम्बुलेंस से शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। मद्य निषेध थाना हिलसा की विशेष टीम ने गुरुवार को एंबुलेंस के जरिए शराब की तस्करी का बड़ा खुलासा किया। टीम ने चिकसौरा थाना क्षेत्र के मकरौता गांव के समीप एक एंबुलेंस की तलाशी के दौरान तहखाने से 129 लीटर विदेशी शराब बरामद की। मौके से शराब माफिया सहित एक महिला डमी मरीज और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विभाग को लंबे समय से एंबुलेंस के माध्यम से शराब की खेप लाए जाने की सूचना मिल रही थी। छापेमारी




के दौरान एंबुलेंस में ऊपर एक महिला मरीज बनकर लेटी हुई थी, जबकि उसके नीचे बने वॉक्स और तहखाने में शराब छिपाई गई थी। पुलिस ने मौके से हिलसा थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी कुख्यात शराब माफिया सतीश कुमार, पुना गांव निवासी बाल्मीकि यादव और नगरनौसा थाना क्षेत्र के खपुरा गांव की मिंटू देवी को गिरफ्तार किया। मिंटू देवी को डमी मरीज की भूमिका निभाने के एवज में डेढ़ हजार रुपये दिए जाते थे। गिरफ्तार तस्करों ने स्वीकार किया कि महीने में दो से तीन बार शराब की खेप मंगाई जाती है। पुलिस ने एंबुलेंस से 750 पीस विदेशी शराब (एटीपीएम ब्रांड) जब्त कर हिलसा मद्य निषेध थाना में मामला दर्ज किया है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अवर निरीक्षक पुष्पा कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक निरंजन कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इस खुलासे से इलाके में हड़कंप मच गया है।

# गयाजी में बिहार को 12,992 करोड़ की देंगे सौगात पीएम मोदी : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी 22 अगस्त को गयाजी से बिहार की जनता को 12,992 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं के माध्यम से बिहार के बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शहरी एवं ग्रामीण विकास और पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। श्री चौधरी ने कहा कि इस अवसर पर 11,735 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। इसमें-बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता वाला थर्मल पावर प्लांट है जिसकी लागत 6,878 करोड़ रुपये, मुंगेर में सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी परियोजना 523 करोड़, मुजफ्फरपुर के होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का 385 करोड़ की लागत से निर्माण, 1,871 करोड़ रुपये से मोखामा-सिमरिया के बीच एनएच-31 पर 4/6 लेन और गंगा ब्रिज का निर्माण, बख्तियारपुर से मोखामा एनएच-31 सड़क का सुधार 1,899 करोड़ रुपये से और 179 करोड़ रुपये से बिक्रमगंज-दवथ-नवांगर-दुमरांव सड़क का 2 लेन में उन्नयन शामिल है। उपमुख्यमंत्री ने कहा- प्रधानमंत्री 1,257 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इन परियोजनाओं में दाउदनगर और औरंगाबाद में एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क, बरहिया (लखीसराय) और जमुई में एसटीपी और आईएंडडी, वहीं अमृत 2.0 के तहत औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जल आपूर्ति एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में 4,260 और ग्रामीण क्षेत्रों में 12,000 लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराएंगे। इस अवसर पर पांच प्रमुख लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से अपने घरों की चाबी भी वो सौपेंगे। इनमें तीन ग्रामीण और दो शहरी परिवार शामिल हैं। इसके साथ ही मोदीजी गयाजी और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और बुद्ध सर्किट की वैशाली से कोडरमा ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इन रेलों के परिचालन से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा- गयाजी में माननीय प्रधानमंत्री के कर कमलों से बिहार को मिल रही 13 हजार की परियोजनाओं से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ जल, बेहतर सड़क और परिवहन की सुविधा तथा आवास जैसी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी होने से बिहार विकास के पथ पर और तेजी से बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को आर्थिक और सामाजिक रूप से गतिशील बनाकर एक विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित किया जा रहा है

## क्षमता विस्तार की बड़ी पहल, पाकुड़-गुमानी खंड पर बनेगी चौथी लाइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने पाकुड़ से गुमानी (18.48 किलोमीटर) के बीच चौथी लाइन के निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। इस परियोजना पर लगभग 343.98 करोड़ की लागत आएगी। इसे वर्ष 2024-25 की बहु-लाइन, फ्लाईओवर और बाईपास जैसी क्षमता-वृद्धि योजनाओं के तहत शामिल किया गया है जिससे गुरु हरगोबिंद ताप विद्युत संयंत्र और घाटमपुर ताप विद्युत संयंत्र तक पहुंच और भी आसान हो जाएगी। पाकुड़-गुमानी खंड, खाना-रामपुरहाट-गुमानी-बड़हरवा मार्ग का अहम हिस्सा है जहां रोजाना भारी संख्या में यात्री सफर करते हैं और मालगाड़ियां चलती हैं। हाल के वर्षों में इस पूरे कॉरिडोर पर लगातार नई लाइनों की स्वीकृति हुई है जिससे यह कॉरिडोर इस क्षेत्र का एक प्रमुख माल-कॉरिडोर बन चुका है। पाकुड़-गुमानी दोहरी रेल लाइन की क्षमता का उपयोग वर्तमान में अत्यधिक हो चुका है। अतः चौथी लाइन के निर्माण की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है। यह परियोजना खासतौर पर कोयला परिवहन को गति देगी। गोड्डा-पाकुड़/नगर नबी क्षेत्र से 2030 तक रेलमार्ग के माध्यम से लगभग 41 एमटीपीए कोयले के परिवहन की संभावना है। प्रतिदिन करीब 14 रैक कोयले की आपूर्ति गुरु हरगोबिंद ताप विद्युत संयंत्र और घाटमपुर ताप विद्युत संयंत्र तक की जाएगी। वहीं गुमानी स्टेशन पर पहले से ही रोजाना 29 से अधिक मालगाड़ियों और 35 यात्री गाड़ियों का इंटरचेंज होता है। चौथी लाइन की स्वीकृति के साथ रेल मंत्रालय ने रेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने, मार्गों की भीड़भाड़ कम करने और माल व यात्री परिवहन को सशक्त कर आर्थिक विकास को गति देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## पीडीएसएस संस्थान ने दिव्यांगजनों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरूवार को प्रगति दिव्यांगजन सेवा समिति ने एक दिवसीय बैठक आयोजित कर उनके हक अधिकार के बारे में बताया। संस्थान जिला सचिव मनोज सिंघानिया एवं समिति पदाधिकारियों ने बताया कि वजीरगंज में लगभग 8 सौ दिव्यांगजन हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत दिव्यांगों को दी जाने वाली 9 प्रकार की योजनाओं का अवलोकन करते हुए उसे प्राप्त करने के लिये जागरूक किया जा रहा है जिसमें अंग सहायक यंत्र, पेंशन, आवास, स्वास्थ आदि की जानकारी दी गई। इन योजनाओं से जुड़े प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के बारे में बताया गया एवं संबंधित योजनाओं से वंचित दिव्यांगजनों को चयन किया गया है जिन्हें लाभ दिलाने के लिये संस्थान प्रयास करेगी।

## विदेशी शराब के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**डोभी/गया।** बहेरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार वाहन जांच के क्रम में थाना क्षेत्र अंतर्गत धीरजापुल से एक एक्सयूवी 500 जिसका निबंधन संख्या जे एस एच 01 डीडब्ल्यू 4765 है। उस वाहन से स्टर्लिंग रिजर्व 375 एमएल का 95 बोतल, रॉयलस्टेग 375 एमएल का 337 बोतल, रॉयल स्टेज 750 एमएल का 24 बोतल, रॉयल चैलेंज 750 एम एल का 24 बोतल, इंपीरियल ब्लू 375 एम एल का 48 बोतल, किंग फिशर बियर 500 एमएल का 48 बोतल कुल मात्रा 240 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान नागेंद्र पाण्डेय उम्र करीब 40 वर्ष पिता कामता महाराज ग्राम मलहद थाना-बन्देया जिला-औरंगाबाद, राहुल कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता अजय चौधरी ग्राम जयपुर थाना गुरुआ, राजेंद्र चौधरी उम्र करीब 41 वर्ष पिता रामचंद्र चौधरी ग्राम और थाना परैया दोनों जिला गया का है। उक्त तीनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर बहेरा थाना कांड संख्या 116/25, 20.08.2025 धारा 30.ए. बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम दर्ज किया गया है। उक्त तीनों व्यक्ति को न्यायलय में उपस्थापन पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सबमर्सिबल की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र के पचरुखी गांव के वार्ड संख्या 7 में अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय' नल-जल परियोजना के तहत लगाए गए सबमर्सिबल मोटर को चोरों ने चोरी कर लिया। इस घटना से गांव के लोगों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की चोरी की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी है। गांव में लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वही वार्ड नंबर 7 के वार्ड सदस्य व उप मुखिया शिव कुमार महतो ने खिजरसराय थाने में लिखित आवेदन देकर पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और पीएचडी विभाग को भी लिखित आवेदन देकर मांग किया गया है कि जल्द से जल्द नल-जल का प्रचलन शुरू किया जाए।

## प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने निकाली भव्य बाइक रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों के साथ एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया। यह रैली गया जिले के जिला अतिथि गृह से प्रारंभ होकर बाटा मोड़, टावर चौक, टेकारी रोड, स्वराजपुरी रोड होते हुए पुनः जिला अतिथि गृह में सम्पन्न हुई। रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह बाइक रैली आगामी 22 अगस्त को बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह दौरा गया सहित पूरे बिहार के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। नरेंद्र मोदी जी ने देश के विकास को नई दिशा दी है और गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित समाज के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। मंत्री ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे तन, मन और धन से जुटकर प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। बाइक रैली में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा, विकास कुमार, प्रेम सागर, मुन्नी लाल, शंभू यादव, शंभू केशरी, संजय रविदास, वसंत परमार, रामपुकार सिंह, अनिल गुप्ता, करुणा सिंह, प्रभावती देवी, नीलम मिश्रा, मालती गुप्ता, पम्मी सिंह, टीकू गोस्वामी, धीरू, सूरज राणा, राजेश मस्तान, हरि यादव, अशोक साहनी, ऋषि लोहानी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## जीबीएम कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ सीमा पटेल ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में डॉ सीमा पटेल ने प्रधानाचार्य के पद पर गुरुवार को योगदान दिया। डॉ पटेल का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ा कर किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने डॉ सीमा पटेल का अभिनंदन करते हुए कॉलेज की ओर से आश्वासन दिया कि उनके नेतृत्व में कॉलेज शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता एवं सफलता के नये प्रतिमान गढ़ेगा। नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी ने डॉ पटेल को कॉलेज द्वारा नैक मान्यता के लिए की जा रही बहुआयामी तैयारियों से अवगत कराया। वहीं प्रधानाचार्य डॉ सीमा पटेल ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों, फैकल्टीज एवं शिक्षेकतर कर्मियों से संक्षिप्त परिचय लेते हुए यह आशा जतायी कि कॉलेज की बेहतरी के लिए एवं छात्राओं के हितार्थ सभी लोग अपनी-अपनी क्षमताओं के अनुरूप एक टीम की तरह योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि हथेली की सभी उंगलियां समान नहीं होतीं, किंतु जब वे एक साथ होती हैं तो बड़े से बड़ा काम कर लेती हैं। डॉ सीमा पटेल ने कॉलेज में छात्राओं की उपस्थिति एवं शैक्षणिक व सहशैक्षणिक वातावरण को बेहतर करने के लिए मिलजुलकर हर संभव प्रयत्न करने की बात कही। उन्होंने समस्याओं का हल ढूंढने की प्रवृत्ति को श्रेष्ठ तथा सर्वोचित ठहराया। कॉलेज की जन संपर्क पदाधिकारी डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि प्रधानाचार्य डॉ पटेल वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की अंगीभूत इकाई सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ में इतिहास विभाग की असोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने वहां 05 सितंबर, 1997 से 21 अगस्त, 2025 तक योगदान दिया। डॉ पटेल कॉलेज में एनएसएस पदाधिकारी, नैक समन्वयक एवं इंडियन नॉलेज सिस्टम की ट्रेनर के रूप में भी योगदान दे चुकी हैं। उन्होंने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की अंगीभूत इकाई राज नारायण कॉलेज, पंडौल में 21 नवंबर, 1996 को इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था। नये प्रधानाचार्य के आने से कॉलेज के सभी स्टॉफ मेंबर्स काफी उत्साहित, प्रसन्न एवं आशान्वित नजर आये।

## आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ ने दिया धरना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के गांधी मैदान के पास आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में सभी सेविका और सहायिकाएं काला पोशाक पहन कर शामिल हुई। ऑल इंडिया फेडरेशन के आह्वान पर आज पूरे भारत में काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता अनीता झा ने किया। जिला मंत्री मंजू कुमारी ने कहा कि हमारी मांगे को सरकार हमेशा अनदेखा कर रही है। आज हम लोग काला कपड़ा पहन के ब्लैक डे के रूप में मना रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को ग्रेच्युटी देने का आदेश 2022 में ही दिया गया था, लेकिन सरकार इसे नहीं मान रही है। देश मे मोदी सरकार को आए हुए 15 साल हो गया है 2015 के बाद से हमारे मानदेय में वृद्धि नहीं की गई।

## इएसआइसी स्प्री योजना की जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार ने गयाजी में नियोक्ताओं के साथ एक सेमिनार में इएसआइसी द्वारा स्प्री योजना तथा एमनेस्टी स्कीम के बारे में सेमिनार में उपस्थित सभी नियोक्ताओं को लाभ से अवगत कराया। योजना के विषय में विस्तार से बताते हुए अवगत कराया कि वैसे नियोक्ता या संस्थान जिन्होंने चूकवश या अनजाने में अपने संस्थान को अब तक इएसआइ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं करा पाये हैं उन्हें 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक बिना पिछले अवधि के बकाया की मांग के पंजीकृत करने के लिए अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत कर्मचारी द्वारा घोषित पंजीकरण तिथि से पहले की अवधि के लिए कोई रिकॉर्ड जांच या बकाया की मांग नहीं की जायेगी। पिछली अवधि के लिए कोई अंशदान भुगतान का दायित्व नहीं होगा। उक्त अवधि में स्वयं पंजीकरण कराने वाले संस्थानों पर पिछली अंशदान, ब्याज या हर्जाने की कोई देनदारी नहीं होगी। पिछले गैर-पंजीकरण के लिए कोई कार्रवाई नहीं होगी तथा एमनेस्टी स्कीम के विषय में बताते हुए अवगत कराया कि इसके तहत नियोक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमों और न्यायालयों में लंबित मामलों को वापस लेने और त्वरित समाधान का अवसर प्रदान किया जाएगा, विशेष रूप से उन मामलों में जहां बकाया राशि का भुगतान हो चुका हो। आगे उन्होंने सभी कर्मचारियों को राज्य बीमा निगम की कार्यक्षेत्र एवं कार्यपद्धति की विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय है जो कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत संचालित होता है।

## बिजली चोरी में दो ग्रामीण धराए

### एक पर 1.19 लाख और दूसरे पर 12 हजार का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** धरहरा और नेहोरा गांव में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का मामला पकड़ा और गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान ग्राम धरहरा के अशोक भगत पर 119525 रुपए और ग्राम नेहोरा निवासी जगनारायण चौधरी पर 12364 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार की ओर से बताया गया कि दोनों लोग मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। विद्युत कनीय अभियंता कोंच विकास कुमार ने जानकारी दी कि विभागीय टीम लगातार ग्रामीण इलाकों में बिजली चोरी पर निगरानी कर रही है। इसी क्रम में छापेमारी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जब उपभोक्ताओं के घरों में मीटर की जांच की गई तो यह पाया गया कि उन्होंने मीटर को बाईपास कर रखा है और सीधे लाइन से बिजली खींचकर उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। बिजली चोरी में पकड़े गए दोनों व्यक्तियों पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया गया है और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई हेतु मामला दर्ज किया गया है। कनीय अभियंता ने कहा कि बिजली चोरी से विभाग को भारी नुकसान होता है और इसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे बिजली का उपयोग वैध कनेक्शन और मीटर के माध्यम से ही करें अन्यथा ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को किया आमंत्रित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय मैदान में भव्य आगमन प्रस्तावित है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया तथा बैठक कर विस्तृत रूपरेखा तैयार की। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं और आमजन को विभिन्न वाहनों के माध्यम से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। ताकि ऐतिहासिक जनसभा में अधिक से अधिक लोग उपस्थित रह सके। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध और विष्णु की पावन नगरी बोधगया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन एक ऐतिहासिक क्षण होगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा गया जिले और पूरे मगध क्षेत्र के लिए विकास की सौगात लेकर आएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारी संख्या में पहुंचकर न केवल प्रधानमंत्री जी का स्वागत करें बल्कि विकास योजनाओं के साक्षी भी बनें।

## आवास योजना के लाभुकों को सौंपी जाएगी चाभी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** शुक्रवार को टिकारी नगर परिषद के सामुदायिक भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को गृह प्रवेश व चाभी सौंपी जाएगी। नगर परिषद के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगर प्रबन्धक मोहित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को आवास योजना के वैसे लाभुक जिन्होंने मकान का निर्माण पूरी कर ली है उन्हें घर की चाभी सौंपी जाएगी।

## 24 को वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** 24 अगस्त रविवार को होने वाले वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन गयाजी के गांधी मैदान में होना तय हुआ है जिसको लेकर गुरुवार को वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन के प्रतिनिधियों की बैठक बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल के निजी आवास गयाजी स्थित समर्पण भवन रमना रोड में बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान राजू बरनवाल ने कहा कि गया के गांधी मैदान में आगामी 24 अगस्त को आयोजित वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन वैश्य समाज की हक के लिए आयोजित एक बड़ा कार्यक्रम है। वैश्य समाज का पहली बार गया के गांधी मैदान में वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन होने से वैश्य परिवार के स्वाभिमान में चार चांद लगेगा। इसलिए सभी वैसे परिवारों से करबद्ध प्रार्थना है कि आप लोग अपना-अपना काम छोड़कर 24 अगस्त को गया के गांधी मैदान में पहुंचे। श्री बरनवाल ने कहा कि अब समय आ गया है जब वैश्य समाज केवल समर्थन तक सीमित न रहे, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में भी आगे आए। समाज को नकारात्मक राजनीति से उपर उठकर विकास और सहयोग की राह अपनानी होगी। मौके पर वैश्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

## दिनेश गोस्वामी का मना शहादत दिवस

**गुरारू।** गुरारू थाना में वर्षों से पदस्थापित व हाल में हीं बेतिया रेल में स्थानांतरित ए. एस. आई राम प्रवेश गोस्वामी ने जहानाबाद जिला के ग्राम-मदारपुर काजीसराय में 20 अगस्त 2002 को कश्मीर के कुकवाड़ा क्षेत्र में दुश्मनों से लड़ते-लड़ते शहीद हुए जांबाज दिनेश गोस्वामी का 23 वां शहादत दिवस धूमधाम से मनाया।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला निर्वाचन निर्वाचन)**

**अत्यावश्यक आम सूचना**

माननीय सर्वोच्य न्यायालय द्वारा रिट पीटीसन(एस) (सिविल) सं0(5) 640/2025 (एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म बनाम भारत निर्वाचन आयोग) में दिनांक–14.08.2025 को पारित अंतरिम न्यायादेश के आलोक में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ऐसे निर्वाचक जिनका नाम वर्ष 2025 (प्रारूप प्रकाशन के पूर्व) की निर्वाचक सूची में शामिल है परंतु दिनांक–01.08.2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं है, वैसे सभी निर्वाचकों की सूची जिला अन्तर्गत विधान सभा एवं मतदान केन्द्रवार कारण सहित (मृत/स्थायी रूप से स्थानांतरित/अनुपस्थित/ दोहरी प्रविष्टि) औरंगाबाद जिला के वेबसाइट https://aurangabad.nic.in/ पर प्रकाशित कर दिया गया है। ऐसे सभी निर्वाचक, जो प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हैं, अपने ईपिक संख्या के माध्यम से इस सूची में कारण सहित अपनी प्रविष्टि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक–01.08.2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं होने वाले ऐसे निर्वाचकों से संबंधित सूची सभी प्रखंड कार्यालयों, पंचायत कार्यालयों, नगर निकायों के कार्यालयों एवं मतदान केन्द्रों पर भी प्रदर्शित की गयी है, जिसके माध्यम से ऐसे निर्वाचक कारण सहित अपनी प्रविष्टि से संबंधित सूचना एवं जानकारी प्राप्त कर सकते है। असंतुष्ट व्यक्ति अपने आधार कार्ड की प्रति के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी**
**–सह–**
**जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद**

PR. No.012334 (Election) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पुनपुन बराज प्रमण्डल–02, गोह, पिनकोडः–824203**
E-MAIL.ID):-eegoh2.wrd@gmail.com
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2025–26**

01. कार्य की विवरणीः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) लौटायी नहीं जायगी। | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Special Repair and Maintenance of Divisional office under Punpun Barrage Division-02 Goh. | 469500.00 | 9400.00 | 750.00 | 60 दिन |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल–02, गोह। |
| 3 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि | दिनांकः–18.08.2025 |
| 4 | निविदा प्रपत्र की विक्री की तिथि | दिनांक–28.08.2025 से 04.09.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5 | तकनीकी एवं वितीय निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक–08.09.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 6 | तकनीकी बीड खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक–09.09.2025 अपराह्न 3:30 बजे। |
| 7 | निविदा प्रपत्र की बिक्री का कार्यालय | (क)कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल–02, गोह। (ख)अधीक्षण अभियन्ता, सोन उचस्तरीय नहर अंचल औरंगाबाद। (ग)मुख्य अभियन्ता, सिचांई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद। |
| 8 | तकनीकी बीड खुलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल–02, गोह। |
| 9 | निविदा प्राप्ति का स्थान | क्रमांक 07 के सभी कार्यालयों में। |
| 10 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेंगा। |
| 11 | निविदा वैधता की अवधि | 120 दिन |

2 निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त, नियम, अहर्ता, अग्रधन का स्वरूप, निविदा की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए परिमाण विपत्र बिक्री सलि से सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**(ई0 राजू कुमार)**
**कार्यपालक अभियन्ता**
**पुनपुन बराज प्रमण्डल–02, गोह**

PR. No. 011992 (WRD) 25-26

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।**
**इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**

# संपादकीय | क्या सरकार वाकई सफर बना पा रही है आसान?

सुविधा ही जब समस्या बन जाए तो उसका निराकरण नितांत आवश्यक हो जाता है। मसला जब सार्वजनिक हित से जुड़ा हो तो उसका महत्त्व और भी गहरा हो जाता है। देश भर में टोल शुल्क की वसूली का मकसद आम लोगों के लिए सफर को आसान और सुगम बनाना बताया जाता है। मगर, लोगों को इन जगहों पर यदि घंटों जाम की समस्या से जूझना पड़े तो शुल्क वसूलने के औचित्य पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

ऐसे ही एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर किसी व्यक्ति को पैंसठ किलोमीटर लंबे राजमार्ग को तय करने में बारह घंटे लगते हैं, तो उस यात्री को टोल शुल्क का भुगतान करने के लिए क्यों कहा जाए। यानी जिस दूरी को पार करने में तकरीबन एक घंटे का समय लगता हो, उसमें ग्यारह घंटे अतिरिक्त लग जाएं तो ऐसी सुविधा के नाम पर शुल्क की वसूली क्यों होनी चाहिए? यह मामला तो एक बानगी है, देश भर में न जाने कितने लोगों को रोजाना शुल्क का भुगतान करने के बावजूद इस तरह की समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। असल में जब किसी सड़क मार्ग पर टोल शुल्क की वसूली शुरू होती है तो यात्रियों को यह विश्वास होता है कि उनका सफर सुविधाजनक होगा।

मगर, सुचारु यातायात प्रवाह बनाए रखने में विफलता से जन विश्वास भी डगमगाने लगता है। नियमानुसार, जो कंपनी टोल शुल्क की वसूली करती है, संबंधित सड़क मार्ग की देखभाल और निर्बाध यातायात की व्यवस्था करना भी उसी की जिम्मेदारी होती है। शीर्ष अदालत पहुंचा संबंधित मामला केरल के त्रिशूर से जुड़ा हुआ है। उच्च



न्यायालय ने छह अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 544 के एडापल्ली-मन्नुथी खंड की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों के कारण लगने वाले यातायात जाम के आधार पर टोल शुल्क के निलंबन का आदेश दिया था।

दरअसल, उच्च न्यायालय ने कहा था कि जब राष्ट्रीय राजमार्ग का रखरखाव ठीक से नहीं हो रहा है और यातायात जाम बहुत अधिक है, तो वाहन चालकों से टोल शुल्क नहीं वसूला जा सकता। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से टोल शुल्क वसूली को लेकर कई तरह के नियम बनाए गए हैं, जिनमें टोल नाके पर वाहन के रुकने की समय सीमा भी निर्धारित है।

यानी उस समय सीमा के भीतर ही किसी एक वाहन से शुल्क लेने की प्रक्रिया पूरी करनी होती है। मगर, ज्यादातर जगहों पर इन नियमों का पूरी तरह पालन नहीं हो पाता है। यही वजह है कि आए दिन टोल नाकों पर यात्रियों और टोल कर्मियों के बीच विवाद एवं मारपीट की खबरें आती रहती हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहे एक सैन्यकर्मी की कार टोल नाके की लंबी कतार में फंस गई और टोल कर्मचारियों से जाम हटाने को कहने पर उसके साथ मारपीट की गई।

यहीं नहीं, कई बार जल्दबाजी में या अन्य किसी वजह से ज्यादा शुल्क कट जाने पर संबंधित यात्री को शेष पैसे वापस लेने के लिए बैंक की जटिल प्रक्रिया से जूझना पड़ता है। टोल नाकों पर जाम की स्थिति से छुटकारा दिलाने के लिए सरकार ने फास्टैग की व्यवस्था भी लागू की है, इसके बावजूद कई जगह वाहनों की लंबी कतारें अक्सर देखी जा सकती हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि टोल वसूलने वाली जगहों और संबंधित कंपनियों के लिए नियमों को कड़ाई से लागू करे, ताकि यात्रियों के लिए सफर वास्तव में सुविधाजनक बन सके।

## भारत और चीन के बीच अब क्या नया हो रहा है?



दुनिया भर में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में अगर अलग-अलग देशों के बीच संबंधों के समीकरण में तेजी से बदलाव आते देखे जा रहे हैं, तो यह कोई हैरानी की बात नहीं है। इस कड़ी में देखें तो चीन के विदेश मंत्री के भारत दौरे से जो संकेत उभरे हैं, वे न केवल भारत के लिए नए कूटनीतिक मोर्चे के तहत भावी मुश्किलों से निपटने की तैयारी की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं, बल्कि इससे यह भी साबित होता है कि मौजूदा विश्व में विकसित या मजबूत देशों को इस तरह का भ्रम नहीं रखना चाहिए कि वे मनमाने तरीके से किसी अन्य देश पर अपनी नीतियां थोप सकेंगे। हालांकि अब भारत जल्दबाजी में किसी फैसले तक पहुंचने के बजाय सावधानी से परिस्थितियों का आकलन करने और अपने हित को तरजीह देने की नीति के तहत कदम बढ़ा रहा है। अमेरिका अपनी सुविधा के मुताबिक जिस तरह शुल्क थोपने की नीति पर चल रहा है, उसमें भारत के सामने कुछ जटिल परिस्थितियां खड़ी हो रही हैं। इन्हीं से निपटने के लिए रूस और चीन के साथ भारत नए समीकरण बनने की संभावनाएं देख रहा है। मगर साथ ही भारत के लिए अपनी संप्रभुता का सवाल भी सबसे ऊपर है। दरअसल, यह जगजाहिर रहा है कि चीन के साथ सीमा पर भारत के लिए किस तरह के जटिल हालात बनते रहे हैं। शायद यही वजह है कि चीन के विदेश मंत्री से भारतीय विदेश मंत्री ने साफ कहा कि संबंधों में सुधार जरूरी है, लेकिन उसके लिए पहले सीमा पर तनाव घटाना होगा। वहीं, चीनी विदेश मंत्री ने भी कहा कि दोनों देशों के संबंध में सहयोग की ओर लौटने की दिशा में सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समय-समय पर अचानक खड़ी होने वाली परिस्थितियों की वजह से देशों के बीच संबंधों के समीकरणों में बदलाव होता रहा है। इसी क्रम में चीन के साथ हर वक्त सावधानी से संबंधों का निर्वाह करने के बावजूद भारत अभी अपने सामने खड़े विकल्पों में से प्राथमिकता के आधार पर राह चुनने को महत्त्व दे रहा है। मगर यह याद रखने की जरूरत होगी कि चीन की नीतियों और उसके विस्तारवादी रवैये की वजह से भारत के सामने किस तरह की दुविधाएं और मुश्किलें खड़ी होती रही हैं।

## आज का कार्टून

ट्रेन के सफर में एयरलाइंस वाला रूल
लिमिट से ज्यादा सामान पर लगेगा जुर्माना




# राधाकृष्णन से संसदीय परंपराओं की उम्मीद...


> राधाकृष्णन को तमिलनाडु का मोदी क्यों कहा जाता है, इसकी भी एक कहानी है। साल 2013 में जब नरेंद्र मोदी को बीजेपी ने अगले आम चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया तो उन्हें तमिल टीवी चैनलों पर बहस के लिए बुलाया जाने लगा। इसी एक बहस के दौरान उन्होंने बीजेपी का पक्ष जोरदार तरीके से रखा। उनकी बहस को देख-सुन रहे दर्शकों ने उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहना शुरू कर दिया। देखते ही देखते, तमिल चैनल भी उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहकर बुलाने लगे। वैसे उन्हें तमिलनाडु में सीपीआर के नाम से ज्यादा जाना जाता है, जबकि उत्तर भारत के उनके नजदीकी सर्किल में वे राधाजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। नरेंद्र मोदी एक दौर में अटल-आडवाणी की जोड़ी के चहेते रहे हैं। वैसे तमिलनाडु में उनकी छवि कुछ-कुछ अटल बिहारी वाजपेयी की तरह है। उनके बेटे और बेटी की शादी में कई दलों में फैली तमिल राजनीति के नेताओं की भीड़ देखते ही बनती थी।

**उमेश चतुर्वेदी**

1999 के आम चुनावों के बाद तमिलनाडु से चुनकर आए युवा सांसद को उसकी पार्टी की ओर से राजधानी दिल्ली में बने रहने की ताकीद की गई थी.. ऐसी ताकीद का मतलब होता है, या तो संसद की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है और उसमें सांसद का रहना जरूरी है या फिर मंत्रिमंडल का गठन और फेरबदल होने वाला है..हो सकता है कि उसका नाम मंत्री बनने की सूची में शामिल हो और उसे अचानक राष्ट्रपति भवन से बुलावा आ जाए। चूंकि लोकसभा के चुनाव जल्द ही हुए थे, लिहाजा उम्मीद थी कि वह सांसद भी मंत्री बनने वाली लिस्ट में शामिल है। लेकिन उसे बुलावा नहीं आया। बाद में पता चला कि नाम को लेकर भ्रम होने की वजह से उसकी तरह मिलते-जुलते नाम वाले सांसद को बुलावा मिल गया और वह युवा सांसद मंत्री बनने से रह गया था। इस घटना के बाद ढाई दशक की देर भले हुई, लेकिन उसे मंत्रिमंडल में भले ही जगह नहीं मिली, लेकिन अब वह देश का उपराष्ट्रपति बनने जा रहा है। जी हां,ठीक समझा आपने सीपी राधाकृष्णन की जिंदगी से जुड़ी यह घटना है। तब वाजपेयी सरकार में उनकी जगह पी राधाकृष्णन को बुलावा मिल गया और वे मंत्री बन गए थे। पी राधाकृष्णन भी उस बार तमिलनाडु से चुने गए बीजेपी के चार सांसदों में से एक थे।

सीपी राधाकृष्णन के साथ अब तक दो तरह के संयोग ज्ञात थे। वे प्रधानमंत्री मोदी की तरह दाढ़ी रखते हैं और उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहा जाता है। दूसरा संयोग यह है कि देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रही हैं, अब उपराष्ट्रपति बनने जा रहे राधाकृष्णन भी झारखंड के राज्यपाल रहे हैं। यानी अब देश के दो सर्वोच्च पदों पर झारखंड के दो पूर्व राज्यपाल होंगे। इन संदर्भों में देखें तो झारखंड दोनों के लिए शुभ रहा। जब भारतीय जनता पार्टी ने सीपी राधाकृष्णन का नाम उपराष्ट्रपति पद के लिए घोषित किया, उसके कुछ वक्त बात उनकी मां जानकी अम्माल ने बताया कि उन्होंने सीपी राधाकृष्णन का नाम देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाम पर रखा था। इसे संयोग ही कहेंगे कि सर्वपल्ली के बाद सीपी राधाकृष्णन भी देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। वैसे तमिलनाडु राज्य से उपराष्ट्रपति बनने वाली तीसरी शख्सियत होंगे।

कोयंबटूर के धमाके की चर्चा अरसे तक भारतीय राजनीति में सुनाई देती रही है। कट्टरपंथी संगठन अल्ल उम्माह ने 14 फरवरी 1998 को कोयंबटूर में ग्यारह जगहों पर बारह धमाके किए थे, जिसमें 58 लोग मारे गए और दो सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इन धमाकों के निशाने पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, जो सीपी राधाकृष्णन के चुनाव प्रचार के लिए वहां गये थे। सीपी तभी से राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा में आ गए। तब अन्नाद्रमुक पार्टी से बीजेपी का राज्य में गठबंधन था, जिसकी वजह से कोयंबटूर लोकसभा सीट से उन्हें भारी मतों में जीत मिली। अगले साल एक वोट से वाजपेयी सरकार के गिरने के बाद जब आम चुनाव हुए तो बीजेपी ने फिर से सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार बीजेपी का उसी द्रमुक से समझौता था, जो इन दिनों भाषा, नई शिक्षा



नीति और मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण को लेकर बीजेपी पर हमलावर है। उस चुनाव में भी सीपी राधाकृष्णन को जीत मिली।

राधाकृष्णन को तमिलनाडु का मोदी क्यों कहा जाता है, इसकी भी एक कहानी है। साल 2013 में जब नरेंद्र मोदी को बीजेपी ने अगले आम चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया तो उन्हें तमिल टीवी चैनलों पर बहस के लिए बुलाया जाने लगा। इसी एक बहस के दौरान उन्होंने बीजेपी का पक्ष जोरदार तरीके से रखा। उनकी बहस को देख-सुन रहे दर्शकों ने उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहना शुरू कर दिया। देखते ही देखते, तमिल चैनल भी उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहकर बुलाने लगे। वैसे उन्हें तमिलनाडु में सीपीआर के नाम से ज्यादा जाना जाता है, जबकि उत्तर भारत के उनके नजदीकी सर्किल में वे राधाजी के नाम से प्रसिद्ध हैं।

नरेंद्र मोदी एक दौर में अटल-आडवाणी की जोड़ी के चहेते रहे हैं। वैसे तमिलनाडु में उनकी छवि कुछ-कुछ अटल बिहारी वाजपेयी की तरह है। उनके बेटे और बेटी की शादी में कई दलों में फैली तमिल राजनीति के नेताओं की भीड़ देखते ही बनती थी। उनके हर दल के नेता से बेहतर संबंध रहे हैं। हालांकि एक दौर में अन्नाद्रमुक से उनकी ज्यादा नजदीकी रही। उनकी दोस्ती हर दल में है। शायद यही वजह है कि राज्य के सत्ताधारी द्रमुक पर दबाव बढ़ गया है कि उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन से अलग होकर तमिल अस्मिता के नाम पर सीपीआर का समर्थन करे। लोकसभा में द्रमुक के 22 और राज्यसभा में दस सांसद हैं। अगर ऐसा होता है तो सीपीआर की जीत बड़ी हो सकती है। हालांकि द्रमुक के कई नेता उनके खिलाफ तो नहीं, अलबत्ता बीजेपी के खिलाफ बयान जरूर दे रहे हैं। माना जा रहा है कि बीजेपी ने सीपीआर को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार अगले साल तमिलनाडु में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए बनाया है। उत्तर भारत की तरह तमिल राजनीति भी जातीय खांचे में बंटी हुई है। सीपीआर अन्य पिछड़ा वर्ग की कौंडर जाति से आते हैं। जनसंख्या के लिहाज से इस जाति का दबदबा भले ही न हो, लेकिन वह राज्य में बीजेपी का मजबूत आधार वोट बैंक है। बीजेपी उन्हें उम्मीदवार बनाकर राज्य को यह संदेश देने की कोशिश में है कि वही ऐसा दल है, जो राष्ट्रीय स्तर पर उसके प्रतिनिधि को महत्व दे सकता है। अगर द्रमुक सीपीआर का सहयोग नहीं करता तो उसके सामने बीजेपी चुनौती पेश कर सकती है। राज्य के विधानसभा चुनावों में वह कह सकती है कि तमिल अस्मिता की दुहाई देने वाले स्टालिन ने तमिल बेटे का साथ नहीं दिया। जिसका जवाब देना द्रमुक के लिए मुश्किल हो सकता है।

सीपीआर बेहद धार्मिक व्यक्ति हैं। पूजा-पाठ और शाकाहार में उनकी गहरी आस्था है। दिल्ली के तमिलनाडु भवन के बाहर भगवान मुरूगेशन का एक मंदिर है। तमिलनाडु भवन में राज्यपाल बनने के पहले सीपीआर ठहरते रहे हैं। उस वक्त उन्हें जब भी कहीं बाहर जाना होता था, मुरूगेशन के सामने मत्था जरूर टेकते थे। सादा खान-पान में सीपीआर का यकीन है। अक्सर भोजन में वे इडली और चटनी लेते देखे जा सकते हैं।

सीपीआर को 2023 में झारखंड का राज्यपाल बनाया गया। 18 फरवरी को उन्होंने शपथ ली। तब वे किंचित निराश बताए जा रहे थे। उन्हें लगता था कि उनके हाथ से सक्रिय राजनीति की डोरी पीछे छूट रही है। इसके करीब डेढ़ साल बाद यानी 31 जुलाई 2014 को उन्हें अपेक्षाकृत महत्वपूर्ण राज्य महाराष्ट्र के राजभवन की जिम्मेदारी मिली। उन्होंने अपनी मधुर मुस्कान के साथ उसे निभाया है। झारखंड का राज्यपाल रहते कुछ समय तक उनके पास तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल की भी जिम्मेदारी रही। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोदी और शाह की जोड़ी के वे विश्वासपात्र हैं। 2016 से 2020 तक कयर बोर्ड के चेयरमैन रह चुके सीपी राधाकृष्णन अब देश के दूसरे सर्वोच्च पद से कुछ कदम दूर हैं। भारतीय संसदीय परंपरा में नया उत्साह भरने की जिम्मेदारी उनके पास है। वे चाहें तो देश की राजनीति और संसदीय परंपरा को नई दिशा दे सकते हैं। जैसा उनका व्यक्तित्व है, उसमें कोई कारण नहीं कि वे सफल ना हो पाएं।

# मतदाता अधिकार यात्रा फ़ीनिक्स का पुनर्जन्म



**अम्बरीश श्रीवास्तव**

भारत का लोकतंत्र—जिसे गर्व से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है—आज एक साथ मज़बूत भी है और नाज़ुक भी; एक ऐसा विरोधाभास जो उसके संवैधानिक वैभव और उसकी व्यावहारिक विडंबनाओं के बीच फंसा हुआ है। यह विरोधाभास कहीं अधिक जीवंत है तो वह है बिहार—वह धरती जहाँ आंदोलनों की शुरुआत अक्सर फुसफुसाहटों से होती है और वे आंधी बनकर दिल्ली की दीवारें हिला देते हैं। इसी धधकते कुंभ में कदम रखी है मतदाता अधिकार यात्रा ने—एक ऐसी यात्रा, जो सिर्फ़ तय किए गए किलोमीटरों या लगाए गए नारों का हिसाब नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की घायल आत्मा को पुनः प्राप्त करने का संकल्प है। इसे केवल प्रतीकात्मक मान लेना इसकी नैतिक गहराई को नज़रअंदाज़ करना होगा। इसे अनदेखा करना—जैसा कि मुख्यधारा की मीडिया ने किया—दरअसल यह सिद्ध करता है कि इसकी प्रासंगिकता क्यों अनिवार्य है।

यह यात्रा एक फ़ीनिक्स क्षण है—लोकतांत्रिक कल्पना का दुर्लभ पुनर्जन्म, ऐसे समय में जब वंचन, दुष्प्रचार और सत्तावादी प्रवृत्ति गणराज्य की जड़ों को खोखला करने पर आमादा हैं। यह इतिहास से ताक़त लेती है, सत्तारूढ़ सत्ता की गणितीय लोकतंत्र की परिभाषा को प्रश्नांकित करती है और यह दिखाती है कि क्यों बिहार एक बार फिर वह आईना थामे खड़ा है जिसकी भारत को सख़्त ज़रूरत है।

## वह ख़ामोशी जो बोलती है

यात्रा की शुरुआत सासाराम से हुई—वह स्थल जहाँ शेरशाह सूरी विश्रामरत हैं, जिन्होंने सोलहवीं शताब्दी में ऐसे सड़क तंत्र की कल्पना की थी जिसने भारत को व्यापार, प्रशासन और संस्कृति की डोर में बाँध दिया। यहीं से शुरुआत करना इस बात की याद दिलाना है कि भारत हमेशा यात्राओं की भूमि रहा है, जहाँ सड़कें केवल व्यापार की नहीं बल्कि विचारों की वाहक भी रही हैं।

लेकिन हैरतअंगेज़ यह कि भारत की मुख्यधारा की मीडिया ने इस यात्रा का स्वागत ख़ामोशी से किया। न कोई सीधा प्रसारण, न प्राइम टाइम बहस, न अख़बारों की सुर्ख़ियाँ। यह ख़ामोशी तटस्थ नहीं है—यह रची-बसी है। टेलीविज़न, जो कभी विरोध की गूंज थी, अब सहमति की फुसफुसाहट बन गया है। वोट के अधिकार की यात्रा का ऐसा मौन स्वागत, विडंबना से, उसका सबसे बड़ा तोहफ़ा है—यह इस संघर्ष की नैतिक तात्कालिकता को और रेखांकित करता है। लोकतंत्र के लिए इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि मतपत्र की पवित्रता की शांतिपूर्ण, संवैधानिक माँग को प्रसारण योग्य तक न समझा जाए?

यह अनुपस्थिति, दरअसल उपस्थिति है—डर की, समझौते की, कर्तव्यत्याग की। जैसे अतीत के अनेक संघर्षों में कहा न जाना ही अक्सर सबसे बड़ी सच्चाई को उद्घाटित करता है।

## मतदान का पवित्र भार

इस यात्रा का मूल विचार गहन है- वोट कोई औपचारिक प्रतीक नहीं बल्कि नागरिकता का सार है। ÷एक व्यक्ति, एक वोट÷ का सिद्धांत 1950 में सहज रूप से नहीं मिला था—यह एक क्रांतिकारी घोषणा थी, एक ऐसे समाज में जो जाति, वर्ग और लिंग से विभाजित था।

पश्चिमी लोकतंत्रों के उलट—जहाँ स्त्रियों और अल्पसंख्यकों को दशकों तक मतदान से वंचित रखा गया—भारत ने आरंभ से ही सार्वभौमिक मताधिकार स्वीकार किया।

परंतु आज यह वादा धीरे-धीरे खोखला हो रहा है। धनबल, अपारदर्शी इलेक्टोरल बॉण्ड, राज्यसत्ता का दुरुपयोग और दुष्प्रचार का सुनियोजित फैलाव ने लोकतांत्रिक मैदान को असमान कर दिया है। मतदाता चुनाव के समय तो सम्मानित किया जाता है, शासन के समय भुला दिया जाता है और तमाशों के ज़रिये बरगलाया जाता है।

विश्व स्तर पर भी मताधिकार के संघर्षों ने युग गढ़े हैं—अमेरिका का नागरिक अधिकार आंदोलन, दक्षिण अफ्रीका का रंगभेद विरोधी संघर्ष, ब्रिटेन की मताधिकारिणी स्त्रियाँ। हर एक ने सिद्ध किया कि मतदान का अधिकार प्रक्रियात्मक नहीं बल्कि अस्तित्वात्मक है। जब वोट कमज़ोर पड़ता है, तो लोकतंत्र खुद सिकुड़ जाता है।

मतदाता अधिकार यात्रा इन्हीं संघर्षों की कड़ी है। यह भारत की याद दिलाती है कि मतपत्र कोई खोखला अनुष्ठान नहीं, बल्कि भाग्यनिर्माण का साधन है।

## बिहार- विद्रोह और पुनर्निर्माण की भट्ठी

क्यों बिहार? क्योंकि बिहार लंबे समय से गणराज्य की आत्मा रहा है।

यहीं जयप्रकाश नारायण ने 1970 के दशक में 'संपूर्ण क्रांति' का दीप जलाया था, जिसने इंदिरा गांधी की आपातकालीन सत्ता को चुनौती दी। यहीं छात्र-युवा सड़कों पर उमड़े और कहा कि लोकतंत्र को निरंकुश इच्छा से कैद नहीं किया जा सकता। मंडल आंदोलन भी यहीं से उठा, जिसने भारत की जातीय समीकरणों और प्रतिनिधित्व की प्रकृति को हमेशा के लिए बदल दिया।

बिहार की ग़रीबी को अक्सर कमज़ोरी कहा जाता है। हक़ीक़त में, अभाव ने यहाँ के लोगों की राजनीतिक चेतना को और पैना किया है। बिहारी प्रवासी सिर्फ़ श्रम नहीं ले जाते, वे गरिमा का गर्व भी साथ ले जाते हैं। यहाँ का किसान, जिसे अभिजात वर्ग 'पिछड़ा' कहकर तिरस्कृत करता है, हर लोकतांत्रिक उभार की रीढ़ रहा है।

इतिहास बताता है कि वंचित क्षेत्र अक्सर परिवर्तन के केंद्र बनते हैं—अरब स्प्रिंग में ट्यूनीशिया, सॉलिडैरिटी आंदोलन में पोलैंड। बिहार, अपनी बेचैन युवा पीढ़ी और जुझारू ग़रीबों के साथ, बार-बार भारत को नया संकल्प देता आया है। मतदाता अधिकार यात्रा उसी परंपरा की अगली कड़ी है।

## यात्रा का स्वरूप प्रतीक से आगे

भारत ने अनेक यात्राएँ देखी हैं। बीजेपी की रथयात्राएँ—एल.के. आडवाणी से लेकर नरेंद्र मोदी तक—ने बहुसंख्यक भावनाओं को तमाशे और भय के सहारे संगठित किया। वे आदेश देती थीं, सुनती नहीं थीं।

मतदाता अधिकार यात्रा उस ढाँचे को नकारती है। इसकी शक्ति आत्मीयता में है- नेता गाँवों में साथ चलते हैं, कस्बों में ठहरते हैं, शिकायतें सुनते हैं, सामान्य घरों में भोजन करते हैं, संवाद करते हैं। यह लोकतंत्र को प्रचार नहीं, शिक्षा मानती है। चलना विनम्रता है; सुनना भरोसा लौटाता है।

रास्ते में अनेक कहानियाँ मिलती हैं- बाढ़ मुआवज़े से वंचित किसान, दिल्ली में अदृश्य हुआ मज़दूर, बेरोज़गारी से हताश छात्र। ये किस्से नहीं—ये गणराज्य की नब्ज़ हैं। यात्रा इन्हें राष्ट्रीय आख्यान में पिरोती है।

## कुछ के लिए लोकतंत्र बनाम सबके लिए लोकतंत्र

यह यात्रा सिर्फ़ वोटिंग की बात नहीं करती, बल्कि लोकतंत्र की दो परिभाषाओं को आमने-सामने खड़ा करती है।

एक है कुछ के लिए लोकतंत्र- कॉर्पोरेट पूँजी द्वारा कब्ज़ा किया गया, जातीय अभिजात्य और बहुसंख्यक समूहों के वर्चस्व वाला, जिसे महज़ सत्ता की मुहरबंदी तक सीमित कर दिया गया है।

दूसरा है सबके लिए लोकतंत्र- जहाँ युवा, स्त्रियाँ, दलित, अल्पसंख्यक और ग़रीब केवल गिने ही नहीं, सुने भी जाएँ; जहाँ राजनीतिक और आर्थिक लोकतंत्र अविभाज्य हों; जहाँ शासन तमाशे से नहीं बल्कि गरिमा से परिभाषित हो।

यात्रा का कहना है कि स्वतंत्रता बिना समानता शक्तिशालियों के लिए अनुज्ञा है, और समानता बिना स्वतंत्रता निर्बलों के लिए दमन। दोनों साथ हों तभी गणराज्य टिक सकता है।

## बिहार कांग्रेस के लिए फ़ीनिक्स क्षण

बिहार कांग्रेस के लिए यह यात्रा दाँव भी है और अवसर भी। 1960 के दशक की प्रभुत्वशाली स्थिति से आज लगभग समाप्ति तक पहुँची पार्टी हाशिए पर है। किंतु इसके प्रमुख पैरोकार सुबोधकांत सहाय इसे विनम्रता के रूप में देखते हैं- पुनर्जन्म वहीं से शुरू होता है जहाँ अहंकार मरता है।

राहुल गांधी की छवि भी पुनर्गठित हो रही है। जिन्हें कभी अनिच्छुक कहा जाता था, वे अब शक्ति-लोलुप कम और लोकतांत्रिक विचारों के वाहक अधिक दिख रहे हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने इसका खाका पहले ही खींच दिया था। तेजस्वी यादव में यह यात्रा मंडल की जड़ों और युवा ऊर्जा वाला साथी पाती है। यदि जनता को ईमानदारी दिखी, न कि अवसरवाद, तो बिहार का मतदाता 2025 और उसके आगे भूचाल ला सकता है। विश्व स्तर पर भारत की लोकतांत्रिक गिरावट कोई संयोग नहीं। फ़्रीडम हाउस ने इसे ÷आंशिक रूप से स्वतंत्र÷ कहा, वी-डेम ने ÷निर्वाचनी अधिनायकतंत्र÷। ये अकादमिक ठप्पे नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की हकीकत हैं—सिकुड़ती स्वतंत्रताएँ, क़ैद संस्थान।

# शिक्षकों के पास है सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : एमएलसी

## गंगा ग्लोबल बीएड कॉलेज में तीन दिवसीय इनॉगरेशन सह ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट अफ टीचर एजुकेशन बेगूसराय के सत्र 2025-27 का तीन दिवसीय इनोग्रेशन सह ओरियंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। निदेशक सह बिहार विधानपरिषद सदस्य सर्वेश कुमार, बीएड कालेज प्राचार्य ड नीरज कुमार, एमबीए कालेज प्राचार्य डा. सुधा झा, गंगा ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार तथा बीएड प्राध्यापकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सर्वेश कुमार ने नये प्रशिक्षुओं को संबोधित कर कहा कि शिक्षक का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। इससे बढ़कर कोई कार्य नहीं है। प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। तीन बार गोल्ड मेडल प्राप्त हो चुका है किन्तु कई सत्र में द्वितीय स्थान पर रहे हैं। प्राचार्य डा. सुधा झा और प्राचार्य अनिल कुमार ने भी नये प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी। द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु ने स्वागत किया। रौशन कुमार और शालिनी प्रिया ने स्वागत भाषण दिया। स्वागत गीत एवं मोटिवेशनल गीत प्रस्तुत किया मेघना कुमारी, आरती कुमारी, अदिति कुमारी, कृति प्रभा, साक्षी रानी, शालिनी प्रिया, शुभम कुमारी, प्रिती कुमारी, रिंकी कुमारी, सोनू कुमार, रिकेश कुमार, आदित्य कुमार, स्नेहा भारती, अनुपम कुमारी, नेहा कुमारी ने प्रस्तुत किया।सहायक प्राध्यापक प्रो सुधाकर पांडेय, प्रो परवेज यूसुफ, डा. अंजली, प्रो अमर कुमार, ड कामायनी कुमारी, प्रो विपिन कुमार, ड अनिथा एस, डॉ अविनाश कुमार, प्रो कुन्दन कुमार, डा. राजवंत सिंह, प्रो पिंटू कुमार, प्रो डी नियाज के साथ कार्यालय कर्मी एवं सहयोगियों ने तथा नये प्रशिक्षुओं ने एक दूसरे को अपना-अपना परिचय दिया। मंच संचालन प्रो परवेज यूसुफ ने किया।

# गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

## पांच महिलाएं पाई गईं एनीमिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी में गुरुवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा चंदन कुमार मिश्रा ने 73 गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। जांचोपरांत पांच एनीमिक गर्भवती महिला पाई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नीतीन कुमार ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम, आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, एल टी पंकज जोशी, मनीष कुमार, एएनएम रीणा, मोनी, विश्व भारती, शशिकला कुमारी, अर्चना, जानकी, मीना, विभा आदि सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण भगवान का छठी समारोह आज

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय नगर के हनुमान मंदिर बड़ी मठिया आरा में 22 अगस्त 2025 को श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी के सान्निध्य में तथा श्री जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में श्री कृष्ण भगवान का छठी समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें शाम 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद की व्यवस्था की गई है। जिसमे काफी संख्या में भक्तगण की आने की संभावना है। इस मौके पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि इस छठी समारोह में भारी संख्या में संत महात्मा भी हिस्सा लेने के लिए पधार रहे है। इसको लेकर काफी संख्या में भक्त तैयारी में लगे हुए हैं।

### कटेया में 151 पौधारोपण

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बिहिया प्रखंड अंतर्गत कटेया गांव में किसान नवल किशोर ओझा ने 151 पौधा अपने खेत में लगाया। जिसमें आम, अमरूद, कटहल, महोगनी, नींबू शामिल है। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण संरक्षण गतिविधि पेड़ उपक्रम प्रमुख मुकेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पर्यावरण विद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पौधारोपण आज की सबसे जरूरी कार्य है। सभी को पौधारोपण करना चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए सबको प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अमरेंद्र, अजीत दुबे, नवल किशोर ओझा, बृहस्पति यादव, रतन ओझा, चंदन ओझा, अंकित कुमार सहित अन्य शामिल हुए।

### नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा से एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी छौड़ाही थाने के एकमा का मो महबूब का पुत्र मो शमशाद है। वह नशे की हालत में अपने ननिहाल बभनगामा में उत्पात मचा रहा था। इसकी सूचना उसके नाना ने पुलिस पदाधिकारी को दी। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया। इस गिरफ्तारी में एस आई अनिल कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### किसान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**मटिहानी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की तत्वावधान में मेरा रेशम मेरा अभिमान राष्ट्रीय अभियान के तहत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोपालपुर बेगूसराय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची से पधारे वैज्ञानिक आशू कुमार ने किसानों को एरी रेशम होस्ट प्लांट अरंडी की खेती एवं प्रबंधन के साथ ही एरी रेशम कीट पालम की नई तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को सिल्क समग्र दो योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ एवं प्रावधानों की भी जानकारी दी। मौके पर राज्य रेशम निदेशालय मुजफ्फरपुर के महेश प्रसाद, राजेश कुमार के साथ ही बड संख्या किसान उपस्थित थे।

### किसानों के हित में चल रहीं कई योजनाएं

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा किसान मोर्चा भोजपुर की बैठक भाजपा कार्यालय वामपाली में किया गया। अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विद्यासागर पांडेय, संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश के किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सिंह थे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलित कर और वंदे मातरम गीत गाकर किया गया। सभी अतिथियों को किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से किसानों के समस्याओं को सुना और केंद्र सरकार और बिहार सरकार के किसानों के लिए चला रही जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप में बताया। कहा कि केंद्र सरकार किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी बहुत सारी योजनाएं चला रही हैं। जिससे किसानों को बहुत लाभ मिल रहा है। वक्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार रखें, इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, प्रदेश के प्रवक्ता नंदन कृष्ण, सीडी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डा प्रेम रंजन चतुर्वेदी, प्रहलाद राय, राजीव रंजन तिवारी, वंदना राजवंशी, उदय सिंह, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री वरुण सिंह, अविनाश सिंह सैनी, जिला उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, अभिमन्यु सिंह, अनिल गुप्ता, विनय मिश्रा, रवि रंजन राय, राहुल सिंह, राकेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, सभी मंडलों के अध्यक्ष, जिला कार्य समिति सदस्य मौजूद थे।

# प्राणघातक हमले का अभियुक्त न्यायालय में दोषी करार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह का न्यायालय ने प्राणघातक हमला करने के एक मामले की सुनवायी करते हुए बलिया थाना क्षेत्र के हरिओम नगर निवासी रमाकांत राय एवं उनकी पत्नी नीलू देवी को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर दोषी घोषित किया। अभियुक्तगण पर आरोप है कि दिनांक 24.03.2023 को 5:30 बजे संध्या में वादी सुबोध कुमार अपने घर पर बैठा हुआ था कि अचानक उसके पड़ोसी नीलू देवी पति रमाकांत राय वादी के घर के आगे कूड़ा बटोर कर लगाने लगी तो वादी के मना करने पर ईंट उखाड़ कर फेकने लगी मना करने पर रमाकांत राय दौड़कर आया और गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडा व ईंटा उठाकर दोनों पति पत्नी मारपीट करने लगा। वादी के हल्ला करने पर उसकी पत्नी अनिता देवी दौड़कर बचाने आयी तो उसे भी दोनों मिलकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। मारपीट के क्रम में नीलू देवी वादी की पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन कर अपने पास रख लिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने न्यायालय में छह साक्षियों का साक्ष्य करवाया जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। न्यायालय ने अभिलेख पर उपलब्ध अभियोजन साक्ष्य को देखते हुए अभियुक्तगण को भा.द.वि. की धारा 323, 325, 307 में दोषी पाया। अभियुक्तगण के विरुद्ध ग्रामीण सूचक सुबोध कुमार पिता अरूण कुमार सिंह ने बलिया थाना काण्ड संख्या 85/2023 दर्ज करवायी थी। न्यायालय ने सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए 23 अगस्त 2025 की तिथि मुकर्रर की है।

# रसोईयों को दिया गया क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण

## साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की कही गई बात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** विभागीय निर्देशानुसार गुरुवार को दूसरे दिन अयोध्या प्रसाद सिंह प्लस टू स्कूल नावकोठी में रसोईया सह सहायकों का एक दिवसीय क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दो बैच में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल 95 रसोईयों ने भाग लिया। इस अवसर पर बेगूसराय सदर एमडीएम बीआरपी राजेश कुमार द्वारा उन्हें विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने रसोईयों को व्यक्तिगत स्वच्छता, किचेन, स्टोर रूम की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों को मैट पर पंक्तिबद्ध बैठा कर भोजन करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को भोजन परोसने से पूर्व रसोईया व शिक्षक भोजन को चखें और इसका पंजी संधारित रखें। प्रशिक्षण के दौरान भोजन बनाने के तरीके को भी बताया गया। बीआरपी ने कहा कि भोजन बनाने व परोसने के दौरान रसोईया सजग रहें। किसी बाहरी अंजान व्यक्ति को किचेन में प्रवेश नहीं करने दें। दो दिनों के इस प्रशिक्षण में प्रखंड के कुल 185 रसोइयों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर नावकोठी के एमडीएम बीआरपी रूचिता कुमारी, रसोईया जीवछ सिंह, अवध बिहारी यादव, मीरा, दुलारी, आशा, रिमझिम, सरस्वती, शकीला, राधा, शिरोमणि, सीता, अनिता, दाय रानी समेत अन्य रसोईया उपस्थित थे।

# आयुर्वेदिक कॉलेज में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय बेगूसराय में गुरुवार को स्वर्णप्रशन अभियान के तहत 258 बच्चों को स्वर्ण प्राशन के दवा की खुराक पिलाई गई। समारोह का उद्घाटन प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर आम जनता एवं बच्चों को संबोधित करते हुए डा. त्रिपाठी ने कहा कि स्वर्ण प्राशन अभियान की निर्धारित तिथि पर अपने बच्चों को महाविद्यालय में लाकर उन्हें शारीरिक रूप से एवं मानसिक रूप से सफल बनाने का कार्य करें। विभाग के डा. अनिल कुमार, डा. प्रमोद कुमार, एवं डा. सत्येंद्र कुमार सिंह के देखरेख में यह दवा तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के शास्त्रों में वर्णित है कि स्वर्णप्रशन की दवा जिस बच्चे ने प्राप्त किया वह मानसिक और शारीरिक रूप से सबल हो जाता है। स्वर्ण प्राशन के खुराक में बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रखने की क्षमता है। महाविद्यालय के बाल रोग विशेषज्ञ डा. राजीव कुमार शर्मा की ने सभी बच्चों की जांच की एवं उन्हें स्वर्ण प्राशन दवा हेतु योग्य पाया गया। महाविद्यालय अस्पताल के उपाधीक्षक डक्टर दिलीप कुमार वर्मा की व्यवस्था एवं निगरानी में यह कार्य संपन्न किया गया।

# माउंट लिट्रा में दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा स्कूल में जी लर्न लिमिटेड की क्लस्टर स्कूल डायरेक्टर डा. जेबा तस्लीम का दो दिवसीय शैक्षणिक दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान डा. जेबा ने शिक्षकों को नवीनतम और प्रभावी शिक्षण विधियों पर प्रशिक्षण दिया ताकि कक्षा में पढ़ाई और भी रोचक और परिणामप्रद हो सके। उन्होंने कक्षा 9 और 10 के छात्रों से मुलाकात की और उन्हें अपने लक्ष्यों को हासिल करने और पढ़ाई में उत्साह बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सिर्फ छात्रों तक ही नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और उनकी भलाई को ध्यान में रखते हुए, स्कूल के सभी परिवहन स्टाफ ड्राइवर, खलासी और मेड के लिए विशेष कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इसके साथ ही स्कूल के सभी स्टाफ के लिए पोक्सो एक्ट पर भी कार्यशाला करवाई गई, जिससे बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ सके।ड शीतल ने इस समर्पित प्रयास की सराहना की और कहा कि माउंट लिट्रा में बच्चों का सर्वांगीण विकास हमेशा प्राथमिकता है। डा. मनीष देवा ने शिक्षकों और स्टाफ की मेहनत और लगन की प्रशंसा की, जिन्होंने सुरक्षित, प्रेरक और सीखने के लिए प्रेरित करने वाला वातावरण सुनिश्चित किया। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, बेगूसराय में यह दौरा न केवल ज्ञान और कौशल को बढ़ावा देने वाला था, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षक क्षमता के क्षेत्र में एक नई मिसाल भी पेश किया।

# 24 को 'वोट अधिकार यात्रा' में अररिया पहुंचेंगे राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** कांग्रेस के राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष लोकसभा के नेतृत्व में साथी महागठबंधन के साथ बिहार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला अतिथि सदन में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें महागठबंधन घटक दलों के सभी जिलाध्यक्षों समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह वोट अधिकार यात्रा के प्रभारी नदीम जावेद एवं कांग्रेस के अररिया विधानसा कॉर्डिनेटर इंचार्ज अली मेहदी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शाद अहमद, हसीब अनवर, कैसर खान, विधायक आबिद उर रहमान, राजद के जिला अध्यक्ष मनीष यादव, कंग्रेस नेता मासूम अंजार, नदीम जावेद साहब, आफताब आलम, मो मासूम, कंग्रेस सेवा दल के नेता सह वार्ड पार्षद आबिद हुसैन अंसारी, भाई प्रदीप कर्ण, गौरव गुप्ता की उपस्थिति रही। आगामी 24 अगस्त को राहुल गांधी की प्रस्तावित अररिया जिला यात्रा के मद्देनजर महागठबंधन के सभी घटक दलों के जिला अध्यक्षों व सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 'वोट अधिकार यात्रा' को सफल बनाने के उद्देश्य से इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में तमाम बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किए गए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अधिकार यात्रा में जुड़ सके। मालूम हो कि राहुल गांधी 24 तारीख को कटिहार से होते हुए अररिया पहुंचेंगे, जहां पूर्णिया सीमा समाप्ति पर करियात कैंप के निकट कांग्रेस नेता मासूम अंजार द्वारा स्वागत किया जाएगा। तदुपरांत यह काफिला जीरोमाइल पहुंचेगा। तमाम महागठबंधन दलों के अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं में राहुल गाँधी के आगमन पर जोश देखा जा रहा है। मालूम हो कि राहुल गांधी के 20 साल के राजनीतिक सफर में बिहार में सबसे लंबा प्रवास होने जा रहा है। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक नदीम जावेद ने कहा कि यह महज यात्रा नहीं है बल्कि देश के लोगों का मूल अधिकारों के बचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों 65 लाख लोगों का नाम वोटर लिस्ट से बाहर किया गया है और इधर एक लाख 58 हजार का नाम वोटर लिस्ट से काटा गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा लोकतंत को बचाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। सासाराम से जिस विचार से यह यात्रा शुरू किया गया है। उम्मीद है यह यात्रा पूरे बिहार में सफल रहेगी। 24 अगस्त को प्रस्तावित यात्रा में महागठबंधन के सभी 6 घटक दलों के साथी आ रहे हैं।

# निर्वाचक निबंधन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जगदीशपुर (भोजपुर)।** गुरुवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र 197 में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची में सुधार, दावा-आपत्ति की समीक्षा और आगामी चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई।

सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अब तक प्राप्त दावा-आपत्ति की सूची प्रदान की गई और इस पर विस्तृत चर्चा हुई। निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि दावा-आपत्ति की प्रक्रिया 1 अगस्त 2025 से 1 सितंबर 2025 तक जारी रहेगी और इस अवधि में मतदाता अपने नाम की पुष्टि या आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। निर्वाचकों की कुल संख्या में पुरुष मतदाताः 1,56,388, महिला मतदाताः 1,38,591, अन्य : 8, कुल मतदाताः 2,94,987 हैं। निर्वाचक निबंधन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे मतदाताओं को voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से अपने नाम की जाँच करने और दावा-आपत्ति दर्ज कराने के लिए जागरूक करें। इसके साथ ही बूथ लेबल अर्जेंट की नियुक्ति के लिए भी अनुरोध जोर दिया गया। मौके पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य राजनितिक पार्टी के लोग उपस्थित रहे।

# मिल्लत कॉलेज मे आइक्यूएसी के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** मिल्लत कॉलेज के आइक्यूएसी के तत्वावधान में इसके क्रियाकलापों तथा उसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रधानाचार्य प्रो. मोहम्मद इफ्तेखार अहमद की अध्यक्षता में किया गया। संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने महाविद्यालय में यूजीसी के दिशा निर्देश के अनुसार विभिन्न सेलों के पुनर्गठन तथा उसके क्रियाकलापों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रोफ़ेसर अहमद ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों से अपील की कि अगले नैक की तैयारी के लिए वह सभी पूरी निष्ठा, लगन एवं तत्परताके साथ कार्य करें।

नैक कोऑर्डिनेटर वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर मुस्तफा कमाल अंसारी ने नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नैक में आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि हमें अगले नैक मूल्यांकन में बेहतरी के लिए और अधिक सक्रियता दिखानी होगी तथा मिलजुल कर प्रयास करना होगा। भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर महेश चंद्र मिश्रा ने सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि वह अधिक से अधिक रिसर्च पेपर उत्कृष्ट जर्नल में प्रकाशित करवाएं साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च संस्थाओं से रिसर्च प्रोजेक्ट प्राप्त करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग सेल को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता बतलाई।

आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर तथा अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने प्रारंभ में मीटिंग के एजेंडा को विस्तार से रखा तथा लोगों के विचार आमंत्रित किए। साथ ही कैरियर एवं काउंसलिंग सेल के कार्यों में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सिया राम प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आज के कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी एवं उपयोगी बतलाया। कार्यशाला में कई शिक्षकों ने अपने विचार रखे।

## वोटर अधिकार यात्रा बिहार को बदनाम करने की साजिश : प्रवीण

**अररिया।** मुद्दाविहीन इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा मतदाता को गुमराह कर बिहार को बदनाम करने की नई साजिश है। उक्त बातें भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने कंग्रेस नेता राहुल गांधी व राजद नेता तेजस्वी यादव की बिहार चल रहे यात्रा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। भाजपा नेता श्री कुमार ने ठगबंधन की वोटर अधिकार यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब लालू यादव की सरकार थी तब बिहार पूरे देश मे बदनामी का केंद्र बना हुआ था अब एक बार फिर से राजद और कंग्रेस मिलकर बिहार को बदनाम करने की कोशिश में जूट गये है लेकिन बिहार की जागरूक जनता इसे कामयाब नही होने देगी। कहा कि मतदाता सूचि पुनिरिक्षण कोई नई घटना नही बल्कि यह कानूनी और स्वाभाविक प्रक्रिया है। भाजपा नेता ने जारी प्रेस बयान में कहा है कि केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण विकास और सम्मान के लिए योजना बनाती है और उसे सफलता पूर्वक क्रियानवित करती है। इसलिए कंग्रेस सहित पूरे महाठगबंधन दलों को कोई मुद्दा नही मिल रहा है।

# बखोरापुर में बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए भंडारा और राहत सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत बखोरापुर गांव में जदयू के पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस भंडारा में आसपास के गांवों से आए लगभग 2500 से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों ने भोजन ग्रहण किया। मौके पर भोजन के साथ-साथ राहत सामग्री भी बांटी गई। जिसमें चावल, दाल, आटा, तेल, नमक, कपड़े, पीने का पानी, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामान शामिल था। इस दौरान रणविजय सिंह ने पीड़ित परिवारों का हालचाल लिया। उन्होने कहा कि बाढ जैसी आपदा में हर परिवार तक राहत पहुंचना ही हमारा संकल्प है। जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस कठिन समय में रणविजय सिंह ही एकमात्र ऐसे जनप्रतिनिधि हैं। जो लगातार गांव-गांव जाकर लोगों की मदद कर रहे हैं। वही बाढ प्रभावित परिवारों ने कहा कि यह सेवा केवल भोजन तक सीमित नहीं है बल्कि यह हमारे मनोबल को भी मजबूत करती है। भविष्य की योजना के संबंध में रणविजय सिंह ने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में हर पंचायत में राहत शिविर, स्वास्थ्य जांच कैम्प और भोजन वितरण अभियान चलाया जाएगा ताकि कोई भी परिवार भूखा या असहाय न रहे। इसके साथ ही कहा कि जो लोग बाढ़ राहत से वंचित रह गये है। उनका नाम जोड़वाने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष समस्या पहुचाया जाएगा। जिसका समाधान जल्द होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में सेक्टर अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरेराज अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी - सह - निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, 14-गोविंदगंज अरुण कुमार की अध्यक्षता में सेक्टर अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिए गए - सेक्टर अधिकारियों को सभी मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, रैम्प, प्रकाश व्यवस्था एवं साइनेज की




स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया गया। उन्हें अपने - अपने सेक्टर के प्रत्येक मतदान केन्द्र से भली भाँति परिचित होने, वहाँ की भौगोलिक स्थिति, पहुँचने योग्य होने, संवेदनशीलता एवं अति संवेदनशीलता का गहन अध्ययन करने का भी निर्देश दिया गया। पर्यवेक्षकों को मतदाताओं के लंबित दस्तावेजों का संग्रह कर शीघ्र ही पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता से संबंधित अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण पर विशेष बल दिया गया।अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि आगामी निर्वाचन को पारदर्शी, सुचारू एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी अधिकारी पूरी गंभीरता एवं निष्ठा से कार्य करें।

### पिपराकोठी झील का पर्यटकीय विकास के लिए 14.97 करोड़ की राशि की स्वीकृति

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के पिपराकोठी अवस्थित पीपराकोठी झील का पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकास के लिए कुल 14,97,37,200/- मात्र के प्राक्कलित राशि की प्रशासनिक स्वीकृति पर्यटन विभाग, बिहार, पटना



के द्वारा दी गई है और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम किस्त के रूप में चार करोड़ रुपए की राशि के निकासी एवं व्यय की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। विशेष सचिव पर्यटन विभाग बिहार पटना द्वारा जारी पत्र के आलोक में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के द्वारा बताया गया है कि इस योजना का कार्यान्वयन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा ' इस योजना के अंतर्गत चारदीवारी, घाट, पाथ-वे, पार्किंग, थेमेटिक गेट, कैफेटेरिया एवं शौचालय ब्लॉक का निर्माण, लैंडस्कैपिंग, तालाब की सफाई, हाई-मास्ट लाईट तथा बेंच एवं डस्टबिन का अधिष्ठापन इत्यादि से संबंधित कार्य किया जाना प्रस्तावित है। पिपराकोठी झील का पर्यटन की दृष्टिकोण से विकास कि इस योजना को अगले 12 माह में पूर्ण किए जाने की संभावना है।

### थोक उर्वरक विक्रेता मे. एम के फर्टिलाईजर्स की जाँच

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उर्वरक के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मोतिहारी सुश्री



श्वेता भारती (भा.प्र.से.) एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से थोक उर्वरक विक्रेता मे. एम के फर्टिलाईजर्स, मोतिहारी के प्रतिष्ठान की जांच की गई। जांच के क्रम में थोक उर्वरक प्रतिष्ठान के सभी अभिलेखों की जांच की गई। थोक उर्वरक विक्रेता के 'ऋटर में प्रदर्शित स्टॉक एवं गोदाम में भौतिक रूप से भंडारित उर्वरक की जांच की गई ' जांच के क्रम में यह पाया गया कि थोक उर्वरक विक्रेता के 'ऋटर में प्रदर्शित स्टॉक एवं गोदाम में भौतिक रूप से भंडारित उर्वरक एक समान है। साथ ही उक्त थोक उर्वरक विक्रेता के स्तर से जिले में अवस्थित खुदरा उर्वरक विक्रेता को बेचे गये उर्वरक की रैंडम जांच की गई तथा उनके मोबाईल नम्बर पर कॉल के माध्यम से क्रय उर्वरक के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। संबंधित खुदरा उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि उनके स्तर से मे.एम.के फर्टिलाईजर्स से उर्वरक का क्रय किया गया है 'अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर मोतिहारी द्वारा प्रतिष्ठान के प्रोपराईटर मृगांक किशोर को निदेशित किया गया कि प्रतिष्ठान का संचालन उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहित प्रावधानों के तहत हर हाल में करना सुनिश्चित करें। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह मौजूद थे।

### जदयू ने फूंका राहुल का पुतला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेजस्वी यादव के कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को जननायक बताने पर जदयू ने भारतरत्न जननायक कपूरी ठाकुर का अपमान बताया है। इसको लेकर गुरुवार को जदयू के



जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में शहर में विरोध मार्च निकाला गया व सोआबाबू चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल व तेजस्वी को अतिपिछड़ा समाज के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। वह कभी भी जननायक नहीं हो सकते। भारत रत्न प्राप्त कपूरी ठाकुर ही जननायक थे, हैं व रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर राहुल व तेजस्वी माफी नहीं मांगते हैं,तो जदयू उनके विरूद्ध आंदोलन करेगा। उनकी अतिपिछड़ों के प्रति सोच को जनता को बताएगा। मौके पर अति पिछड़ा के जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता,सुमित सिंह बबलू भगत पटेल, विजय रावत,माधव सिंह पटेल, अजय कुशवाहा, अजय शर्मा, वीरबहादुर ठाकुर, बाबू भाई, विद्या सिंह पटेल, हिफाजत आलम, नीतीश सिंह, अमित तिवारी,बृजेश पटेल,शंभू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म, आरोपित युवक गिरफ्तार

**भेल्दी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाने के एक गांव में चार साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का एक मामला सामने आया है। घटना मंगलवार के दोपहर के बाद की है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गौरा थाना क्षेत्र के दुष्कर्म के आरोपी रंजीत राय को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गौरा थाना क्षेत्र का रंजीत राय अक्सर भेल्दी थाने के एक गांव में आता था और मंगलवार को एक चार साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी संजय कुमार, मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान दल-बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए। ग्रामीण एसपी संजय कुमार ने गिरफ्तार रंजीत राय से गहन पूछताछ की। घटनास्थल की जांच एफएसएल की टीम द्वारा की गई। मामले में पीड़िता के परिजनों ने भेल्दी थाने में एक फर्दबयान दर्ज कराया है।

### कृषि समन्वयकों के साथ सीओ की बैठक

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूमि सुधार को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महा अभियान में सहयोग देने को लेकर सीओ ने प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका सहायिका और कृषि समन्वयकों के साथ बैठक की।बैठक में उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए सीओ मोनिका आनंद ने कहा कि राजस्व महा अभियान में जमाबंदी पत्रक वितरण मेंआपका सहयोग अपेक्षित है।उन्होंने कहा कि भूमि एवं राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव के पत्र में इस आशय का निर्देश जारी किया गया है।विभाग मानता है कि आंगनबाड़ी सेविका सहायिका और कृषि सलाहकार का पंचायत और वार्ड के सभी परिवारों की जानकारी रखते है।इस अभियान में इनका सहयोग बेहतर साबित हो सकता है।बाद में सीओ मोनिका आनंद ने बताया कि इन कर्मियों को पत्रक संबंधित निर्धारित सरकारी भवन पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### कोटवा प्रखंड में इवीएम-वीवीपैट को लेकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड में आगामी चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की सही जानकारी देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को प्रखंड के अहिरौलिया, कररिया और बड़हरवा कला पश्चिमी पंचायतों में ग्रामीणों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट के माध्यम से वोट डालने की विधि बताई गई। इस मौके पर जागरूकता टीम ने बताया कि मतदान के समय मतदाता को केवल निर्धारित बटन दबाना होता है और उसके तुरंत बाद वीवीपैट मशीन में कुछ सेकंड तक पर्ची दिखाई देती है। इस पर्ची पर उम्मीदवार का नाम और चुनाव चिन्ह अंकित होता है, जिससे मतदाता को यह विश्वास हो सके कि उसका वोट सही उम्मीदवार को गया है। टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि मतदान केंद्र पर किसी तरह की जल्दबाजी न करें और शांतिपूर्वक मतदान करें। साथ ही उन्हें निर्भीक होकर वोट डालने की सलाह दी गई।

# ऋषिपंचमी व्रत 28 अगस्त गुरुवार को मनाया जाएगा

**राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो**



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** महिलाओं के अखंड सौभाग्य का द्योतक पर्व हरितालिका (तीज) का अत्यन्त कठिन व्रतोपवास 26 अगस्त मंगलवार को किया जाएगा। सौभाग्यवती स्त्रियाँ चिरस्थायी सौभाग्य की कामना से तथा अविवाहित कन्यायें मनोनुकूल वर प्राप्त कर भविष्य में सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना से इस व्रत को बड़े श्रद्धा और विश्वास के साथ करतीं हैं। बिहार में प्रचलित चौथ चन्दा (ढेलहिया चौथ) एवं चन्द्र पूजा का मान भी इसी दिन अर्थात 26 अगस्त मंगलवार को ही है। इस दिन चन्द्रमा को देखना निषेध माना गया है। वही वैनायकी सिद्धि विनायक श्रीगणेश चतुर्थी का प्रसिद्ध पर्व गणेशोत्सव के साथ 27 अगस्त बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन से देशव्यापी गणेश उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही ऋषि पंचमी व्रत का मान 28 अगस्त गुरुवार को मध्याह्न व्यापिनी पंचमी तिथि में होगा। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि तीज व्रत वैधव्य दोष नाशक व पुत्र-पौत्रादि को बढ़ाने वाला होता है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार जैसे नक्षत्रों में चंद्रमा, ग्रहों में सूर्य, वर्णों में ब्राह्मण, देवताओं में विष्णु, नदियों में गंगा, पुराणों में महाभारत, वेदों में सामवेद व इन्द्रियों में मन श्रेष्ठ है ठीक उसी तरह व्रतों में हरतालिका व्रत श्रेष्ठ है। जो स्त्रियाँ इस व्रत को निष्ठा एवं श्रद्धा पूर्वक करतीं हैं वे समस्त ज्ञाताज्ञात पापों से मुक्त होकर सांसारिक भोग, सायुज्य, संतान सुख, धन-धान्य व अखंड सौभाग्य सुख के साथ मनोवांछित फल प्राप्त करतीं हैं। बताया कि व्रत के दिन महिलायें शुद्ध शरीर व मन से उपवास रहते हुए प्रदोषकाल के समय पार्वती सहित भगवान शिव की पूजा करें और रात्रि में मंगलगीत गाते हुए जागरण करें। दूसरे दिन प्रातःकाल बाँस के पात्र में अन्न, वस्त्र, दक्षिणा आदि रखकर ब्राह्मण को दान देने के बाद पारण करें। प्राचार्य पाण्डेय ने चौथ चन्दा व्रत के बारे में बताया कि भगवान गणेश जहाँ भक्तों के लिए विघ्न विनाशक हैं वहीं दुष्टों के लिए विघ्नकर्ता भी हैं। इनकी उपासना से जहाँ कार्य में सफलता मिलती है वही ज्ञान में वृद्धि भी होती है। व्रत के दिन भगवान गणेश की प्रतिमा पर सिन्दूर चढ़ाना चाहिए और लड्डू का भोग लगाना चाहिए।

**पापों को नष्ट करने वाला व्रत है ऋषि पंचमीः-**

उन्होंने बताया कि ऋषि पंचमी व्रत का मान मध्याह्न व्यापिनी पंचमी तिथि में 28 अगस्त गुरुवार को है। इस दिन मध्याह्न काल में नदी, तालाब आदि निर्मल जलाशय पर जाकर अपामार्ग (चिचिड़ा) की एक सौ आठ दातुन से दन्तधावन कर तथा शरीर में मिट्टी का लेपन कर जल में स्नान करना चाहिए। साथ ही पंचगव्य का प्राशन कर अपामार्ग व कुशा से निर्मित अरुंधती सहित सप्त ऋषियों की प्रतिमा को सर्वतोभद्र की वेदी पर स्थापित कर निष्ठा पूर्वक पूजन करना चाहिए। इस व्रत के प्रभाव से रजस्वला दोष सहित शरीर अथवा मन से किया गया समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। इस व्रत का अनुष्ठान सात वर्षों तक करने का विधान है।

# नरकटिया बाजार पर एनडीए घटक दलों की बैठक संपन्न



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटीया विधानसभा के नरकटिया बाजार स्थित अंबिका मैरेज हॉल में आज नरकटिया विधानसभा के ठउ्अ के घटक दलों की बैठक की गयी। बैठक में ठउ्अ के लोजपा को छोड़ जनतांत्रिक गठबंधन के सभी दल के जिला स्तर के नेताओं ने भाग लिया। किसी कारणवश लोजपा के नेता बैठक में नहीं पंहुच पाये। बैठक में आगामी 25 अगस्त को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी एवं सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नरकटिया विधानसभा के मुख्यालय स्थित नरकटिया हाई स्कूल के मैदान में होना है। प्रस्तावित कार्यकर्ता सम्मेलन में ठउ्अ में शामिल सभी दलों के राज्य स्तर के बरिष्ट नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मौके पर उपस्थित नेताओं ने एक स्वर से यह संकल्प लिया कि गठबंधन में शामिल किसी भी दल या किसी भी व्यक्ति को गठबंधन द्वारा प्रत्याशी बनाया जाता है तो गठबंधन में शामिल सभी दल एक होकर उस प्रत्याशी को जीत दिलाने में अपना ऊर्जा लगायेंगे बैठक में पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, विशाल साह, हरिमोहन भगत सहित अन्य नेता गण उपस्थित हुए।

# अनुकम्पा चयनित 47 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय समाहरणालय सभागार में अनुकम्पा के आधार पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 45 विद्यालय लिपिक एवं 02 विद्यालय परिचारी पदों पर कुल 47 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। यह अवसर न केवल अभ्यर्थियों के लिए बल्कि उनके पूरे परिवार के लिए एक यादगार और ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री जनक राम थे। समारोह की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने की। मंत्री श्री राम ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। कम समय में पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर नियुक्ति पत्र दिया जाना जिला प्रशासन की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बेहतर कार्य किया गया है, यह काबिले



तारीफ है। कम समय में 45 विद्यालय लिपिक एवं 02 विद्यालय परिचारी पद पर नियुक्ति पत्र मिल रहा है, यह बड़ी बात है। इसके लिए सभी पदाधिकारी के कार्यों की जितनी सराहना की जाय, कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को अवसर दे रही है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थी अपनी गरिमा को बरकरार रखेंगे। शेष आवेदनकताओं को भी जांचोपरांत एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए शीघ्र नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों का आभार प्रकट किया। उन्होंने अनुकम्पा के आधार पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 45 विद्यालय लिपिक एवं 02 विद्यालय परिचारी के पदों पर कुल-47 अनुशंसित अभ्यर्थियों के अनुशंसा को लेकर विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि आपके जीवन में यह अच्छा एवं बड़ा अवसर है। कहा कि शिक्षा कार्यालय में किसी भी प्रकार का शोषण या परेशानी हो तो सीधे मुझे अवगत कराएँ। शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और त्वरित कार्रवाई होगी। उन्होंने पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि सभी नवनियुक्त विद्यालय लिपिकों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाए। इस प्रशिक्षण में फाइलिंग, नोटिंग, ड्राफ्टिंग तथा कार्यालयी कार्यों की बारीकियों से उन्हें अवगत कराया जाएगा, ताकि कार्यों में दक्षता लाई जा सके। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को नसीहत भी दी कि अपने कार्यों में ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता रखें। अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन बेहतर तरीके से करेंगे। इस अवसर पर विधान पार्षद आफाक अहमद ने प्रभारी मंत्री, जिला पदाधिकारी को धन्यवाद दिया। साथ ही अभ्यर्थियों से कहा कि आप सभी युवा हैं, सर्विस में जा रहे हैं। उजार्वान होकर बेहतर तरीके से अपने कार्यों को संपादित कीजिएगा।मौके पर विधायक नारायण प्रसाद, उमाकांत सिंह, राम सिंह, विनय बिहारी, उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, कुमार रविन्द्र, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रविन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जमीनी विवाद में फायरिंग का आरोपित बीडीसी सदस्य भीम सिंह गिरफ्तार

**विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों का आरोपित है भीम सिंह**




**रसूलपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसूलपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीवान जिले के दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा बाजार से जमीनी विवाद में फायरिंग करने के आरोपी एवं वांछित बीडीसी अमित कुमार सिंह उर्फ भीम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी बगौरा गांव का निवासी और वर्तमान में बगौरा पश्चिमी बीडीसी सदस्य है। गौरतलब है कि 12 अप्रैल को रसूलपुर थाना क्षेत्र के इटहरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इसी दौरान फायरिंग की घटना हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी और गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को बगौरा बाजार से भीम सिंह को काफी मशक्कत के बाद दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और आरोपी के समर्थकों के बीच नोकझोंक भी हुई, लेकिन पुलिस टीम ने संयम बरतते हुए आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार भीम सिंह के खिलाफ दारौंदा, हसनपुरा समेत विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पीएमआवास में 1.50 लाख अवैध वसूली में दो पर प्राथमिकी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योगापट्टी प्रखंड के बरवा ओझा व दरवलिया पंचायत के 15 लाभुकों से एक लाख 50 हजार अवैध राशि वसूली करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। योगापट्टी थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने बताया कि बरवा-ओझा पंचायत के ग्रामीण संतोष कुमार के आवेदन पर सिरिसिया वार्ड संख्या-2 निवासी सुदीश कुमार कुशवाहा व विजय कुमार कुशवाहा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी में बताया गया है कि पीएम आवास का लाभ दिलाने के लिए 15 लाभुकों से 10-10 हजार रुपये लेने की शिकायत सुदीश प्रसाद कुशवाहा ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार से की थी। मामले की जांच डीआरडीए निदेशक अरुण प्रकाश से कराया गया। जिसमें गीता देवी, अन्हैया देवी, मीरा देवी एवं शोभा देवी बरवा ओझा व हथिया दरवलिया पंचायत के रहने वाले है। तथा मालती देवी बरवा ओझा पंचायत की निवासी है। ये सभी आवास योजना के लिए पात्र भी नही है और इनका नाम भी आवास योजना के सर्वे सूची में अंकित नहीं है।

# नरकटियागंज में 12 हजार रिश्वत लेती महिला दारोगा को विजिलेंस ने किया गिरफ्तार



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने नरकटियागंज में बड़ी करवाई करते हुए 12 हजार रुपए रिश्वत लेते एक महिला दारोगा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला दरोगा शिकारपुर थाने में पदस्थापित हैं। वही टीम ने महिला दारोगा के साथ उसके एक बिचौलिए साथी को भी गिरफ्तार किया है। दारोगा व उसके बिचौलिए की गिरफ्तारी नगर के स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के समीप स्थित दरोगा के आवास से की गई है। उक्त करवाई विजिलेंस की टीम ने गुरुवार की दोपहर में की है। गिरफ्तार दारोगा की पहचान प्रीति कुमारी के रूप में हुई है।वही उसके बिचौलिए की पहचान नगर के प्रकाशनगर निवासी अर्जुन कुमार के रूप में की गई है। विजलेंस डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि शिकारपूर थाना क्षेत्र के मलदहिया निवासी फिरोज कौशर ने महिला दारोगा द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि शिकारपूर थाना कांड संख्या 791/25 में महिला दारोगा ने फोन पर 15 हजार रुपए मांगे थे। हालांकि मामला 12 हजार में तय हुआ। शिकायत के बाद टीम द्वारा तीन दिनों तक जांच की गई और दारोगा को उसके बिचौलिए साथी के साथ गिरफ्तार किया गया। उंन्होने बताया कि आवेदक को रंग लगे रुपए उपलब्ध कराए गए थे।दारोगा के हाथ पर रंग के निशान मिले हैं।दारोगा के बिचौलिए साथी के पास से रिश्वत के रुपए बरामद हुए हैं।दारोगा व उसके बिचौलिए साथी की गिरफ्तारी के बाद विजलेंस टीम दोनो को अपने साथ लेती गयी।इस टीम में निगरानी विभाग के डीएसपी रिसिता कुमारी,अरुणोदय पांडेय,इंस्पेक्टर मुरारी प्रसाद आदि शामिल थे।

# नवविवाहिता की हत्या कर शव छुपाने की कोशिश

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नव विवाहिता का शव गुरुवार को साठी पुलिस ने मटियारिया थाना को सहयोग करते हुए थाना क्षेत्र के बरवा कला गांव से बरामद कर लिया। इस मामले में थाना क्षेत्र के सिरिसिया गांव निवासी रोजीना खातून के मामा मोहम्मद मतीम ने बताया कि गुरुवार को 11 बजे दिन में मटियारिया थाना के बड़हरवा गांव निवासी शेख इस्तखार की पत्नी मृतिका की सास बेगम खातून ने फोन पर बताया कि उसके भांजी की तबीयत खराब है और नरकटियागंज डॉक्टर द्वारा बेतिया रेफर कर दिया गया है। आधा घंटा बाद फिर फोन आया कि उसकी मौत हो गई है और वह लोग शव को लेकर बरवा कला आए हैं। परिजनों के साथ जब वह बरवा कला पहुंचा तो देखा कि उसके भानजी के गले पर काला निशान है और आंख ऊपर के तरफ हो गया है। उसे अंदेशा है कि उसके भानजी की हत्या गला दबाकर दहेज के लिए कर दी गई है। मोहम्मद मतीम ने बताया कि 17 दिसंबर 2024 को वह अपने भानजी की शादी मटियारिया थाना के बड़हरवा निवासी शेख इस्तखार के पुत्र शेख जियाउल से अपने हैसियत मुताबिक पारितोषिक देकर किया था।

## फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चस्पाए इश्तेहार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के भानाचक और गुरचुरवा गांव में वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गुरुवार को सख्त कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों के घर पर इश्तेहार चस्पाकर सार्वजनिक सूचना दी और आत्मसमर्पण करने का अंतिम मौका दिया।जानकारी के अनुसार, गुरचुरवा निवासी ललन यादव रंगदारी मामले में अभियुक्त है और लंबे समय से फरार है। वहीं,भानाचक निवासी सुगन मुखिया चोरी के मामले में आरोपित है और वह भी वर्षों से पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# मोहनी नदी में डूबने से किशोर की मौत,परिवार में मचा कोहराम

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चनायनबान स्थित मोहनी पुल के पास गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय किशोर आसिम आलम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आसिम विद्यालय से लौटने के बाद दोस्तों के साथ मोहनी पुल के पास पहुंचा। वहां स्नान कर रहे अन्य बच्चों को देखकर वह भी पानी में उतर गया। इसी दौरान अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे नदी से बाहर निकाला। हालांकि अधिक पानी निगल लेने के कारण उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत उसे इलाज के लिए जीएमसीएच अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने काफी प्रयास के बावजूद उसे नहीं बचा सके। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।आसिम आलम शेख हसंमजान का पुत्र था। बताया जाता है कि उसके पिता विदेश में काम करते हैं। घर पर उसकी मां और छोटे भाई-बहन रहते हैं। घटना की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग परिवार को ढांढस बंधाने में लगे हैं।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि अस्पताल से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।ग्रामीणों ने भी कहा कि हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है।किशोर की असमय मौत से पूरा गांव शोक में डूब गया है।

# मोतिहारी मेयर का आरोप- मुझे पद से हटाने की साजिश

**प्रीति कुमारी ने कहा - 56 करोड़ की विकास योजनाओं को रोकने की कोशिश**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की राजनीति इन दिनों गरमाई हुई है। मेयर प्रीति कुमारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निगम के अंदर गहराते विवाद और साजिश की परतें खोलते हुए गंभीर आरोप लगाए।बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि उन्हें मेयर पद से हटाने के लिए एक बड़ी और सुनियोजित योजना बनाई जा रही है। उनका कहना है कि जैसे ही नगर निगम की अस्थायी सशक्त समिति की बैठक के दौरान उप मेयर अचानक उठकर चले गए, उसी समय से उनके खिलाफ माहौल तैयार करने की कोशिशें तेज हो गईं।

**56 करोड़ की विकास योजनाओं पर रोड़ा**

मेयर ने कहा कि नगर के 45 वार्डों के पूरे विकास को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 56 करोड़ रुपए की योजनाओं को स्वीकृत कराया था। इनमें सड़क, नाला, जलनिकासी और अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की योजनाएं शामिल थीं। लेकिन, इन योजनाओं में जानबूझकर अड़चनें डाली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 18 के पार्षद धीरज जायसवाल ने विभाग में एक मुकदमा दायर कर कहा कि उन्हें योजना से वंचित किया गया है। 'यह शिकायत पूरी तरह भ्रामक है। खास बात यह है कि जिस बैठक में योजनाओं को स्वीकृति दी गई थी, उसमें उप मेयर भी मौजूद थे। इसके बावजूद केवल मेयर को निशाने पर लिया जा रहा है।

**जांच से पहले ही दिशा तय करने की कोशिश**



मेयर ने कहा कि इस शिकायत के आधार पर विभाग ने योजनाओं पर रोक लगाते हुए एक जांच टीम का गठन कर दिया है। रिपोर्ट आने से पहले ही वार्ड 32 की पार्षद डॉली सिंह के पति राकेश सिंह द्वारा एक पत्र भेजा गया । यह पत्र डीएम के माध्यम से नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव के नाम से भेजा गया था। 'हैरानी की बात यह है कि उस पत्र में वही सारे सवाल पूछे गए थे, जो इस समय मेरे खिलाफ चल रही जांच से संबंधित हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि मुझे पद से हटाने की दिशा में पहले से ही जमीन तैयार की जा रही है।

**जनता के हितों से समझौता नहीं करूंगी**

मेयर ने साफ शब्दों में कहा कि वे किसी भी दबाव में आने वाली नहीं हैं। उन्होंने कहा- 'मैं जनता के हितों से कोई समझौता नहीं करूंगी। कुछ लोग नगर का विकास नहीं चाहते, इसलिए मेरे खिलाफ साजिश रच रहे हैं। लेकिन मैं किसी भी साजिश के आगे झुकूंगी नहीं।' उन्होंने यह भी दावा किया कि जब से उन्होंने पदभार संभाला है, तभी से उन्हें कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं।

**स्थायी सशक्त समिति को भंग करने की योजना का आरोप**

प्रेसवार्ता के दौरान मेयर ने यह भी आरोप लगाया कि अब नगर निगम की स्थायी सशक्त समिति को भंग करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि अब तक जितनी भी अस्थायी सशक्त समिति की बैठकें हुईं, उनमें उप मेयर की भी उपस्थिति रही है। "अगर कोई गलती हुई है तो कार्रवाई दोनों पर होनी चाहिए। केवल मेयर को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है?

**नगर निगम की राजनीति में नई हलचल**

प्रीति कुमारी के इन आरोपों के बाद नगर निगम की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। एक ओर उनके समर्थक इसे विकास विरोधी ताकतों की करतूत बता रहे हैं, वहीं विपक्षी गुट इसे मेयर की विफलता करार देकर दबाव बनाने में जुट गए हैं। नगर निगम में इस समय जिस तरह के आरोप - प्रत्यारोप का दौर चल रहा है, उससे यह साफ हो गया है कि आने वाले दिनों में निगम की राजनीति और भी गरमा सकती है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार तीन लोग घायल, एक की मौत

**भेल्दी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार की दोपहर छपरा-रेवा एनएच-722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के राजा चौक के समीप एक बड़ा हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है।मृतक की पहचान भेल्दी थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव निवासी स्वर्गीय कामेश्वर राय के पुत्र उपेंद्र राय (35) के रूप में की गई है। उपेंद्र राय अपने दो साथियों के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे कि अचानक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में उपेंद्र राय बुरी तरह घायल हो गए और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

# पुरुष हॉकी हीरो एशिया कप की ट्रॉफी गौरव यात्रा जहानाबाद पहुंची

## गांधी मैदान में जिलाधिकारी के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पुरुष हॉकी हीरो एशिया कप-2025 की ट्रॉफी गौरव यात्रा जहानाबाद पहुंची। इस अवसर पर गांधी मैदान में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने ट्रॉफी का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रॉफी के साथ आए विशिष्ट दल तथा जिले के खिलाड़ियों ने हॉकी स्टिक से बॉल पास कर हॉकी खेल को बढ़ावा देने के साथ टीम भावना का परिचय दिया। बताया गया कि खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में पुरुष हॉकी हीरो एशिया कप-2025 का आयोजन आगामी 29 अगस्त से 7 सितंबर तक नालंदा के राजगीर स्थित राज्य खेल अकादमी में किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया की प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी। राज्य सरकार द्वारा खेल संस्कृति को मजबूत करने और युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से यह ट्रॉफी गौरव यात्रा राज्य के सभी 38 जिलों से होकर गुजर रही है। जहानाबाद में ट्रॉफी आगमन पर विशेष उत्साह देखा गया। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है और यह गर्व की बात है कि बिहार में इस तरह का अंतर्राष्ट्रीय आयोजन हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ट्रॉफी गौरव यात्रा से जहानाबाद जिले के युवाओं में भी नई ऊर्जा का संचार होगा और वे खेल की ओर अधिक प्रेरित होंगे। उन्होंने इस दौरान विश्वास जताया कि जहानाबाद के खिलाड़ी भी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।

# आज प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बिहार को मिल सकती है 16 केंद्रीय विद्यालयों की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आज प्रधानमंत्री के गया जी में आयोजित होने वाले सभा के दौरान बिहार में 16 अलग-अलग स्थानों पर केंद्रीय विद्यालय के स्थापना की घोषणा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बताया जाता है कि इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से स्थल चयन के साथ-साथ भूमि का प्रस्ताव तथा तत्काल विद्यालय के संचालन की प्रक्रिया अस्थाई रूप से किए जाने की व्यवस्था पहले ही कर ली गई है। कई ऐसे नए जिले जहां पर जिला के सृजन होने के बाद भी केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकी है ऐसे जिलों को भी केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलेगी। इस संबंध में बताया जाता है कि अरवल जिले के करपी प्रखंड में परियारी मौजा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना किया जाना है। यहां पर अरवल के जिलाधिकारी कुमार गौरव ने 5 एकड़ भूमि हस्तांतरण करने का प्रस्ताव केंद्रीय शिक्षा विभाग को पहले ही दे दिया है। सूत्रों के अनुसार इसी सत्र में नए विद्यालय की स्थापना के साथ कक्षा संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। तात्कालिक रूप से विद्यालय के संचालन के लिए अस्थाई रूप से अरवल जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शांतिपुरम बाजार स्थित बुनियादी विद्यालय के परिसर में केंद्रीय विद्यालय का संचालन किया जाएगा। वहीं जहां नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जानी है उसमें पटना, सासाराम, नालंदा जिले के बिहार शरीफ एवं नालंदा विश्वविद्यालय परिसर, राजगीर, हाजीपुर, मधेपुरा बोधगया सहित 16 जगह पर केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी जल्द ही मिलेगी। इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से केंद्रीय शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है जिसे इसी सत्र में मंजूरी मिलने की बात बताई जा रही है। देखा जाए तो बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले इतने बड़े स्तर पर केंद्रीय विद्यालय स्थापित होना बिहार के लिए एक गौरव का विषय होगा। यहां केंद्रीय विद्यालय की स्थापना सिविल स्तर पर की जाएगी जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए शिक्षण सहायक सामग्री सहित कई अन्य सुविधाएं उन्हें मुफ्त में मिलेंगी।

# पूर्व नक्सली सहित मास्टरमाइंड जहानाबाद से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** गया जिले के बेला बाजार में कुछ दिन पूर्व हुए एक जेवर दुकान में लाखों रुपये की जेवर की चोरी हुई थी। जिसमे उसका मास्टरमाइंड जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना क्षेत्र के खसखोरी गांव निवासी सकती पासवान, बेला गांव से सोहित पासवान, बिर्रा गांव से रिशु जो इस पूरे लूट का मास्टरमाइंड भी बताया जा रहा है। वही पूरे मामले में विसुनगंज थाने की पुलिस के सहयोग से सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ साथ चोरी और लूट में इस्तेमाल किये जाने वाले गाड़ी को भी पुलिस ने बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने पूर्व नक्सली को भी इसी मामले में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विसुनगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगो में खसखोरी गांव निवासी शक्ति पासवान की भी गिरफ्तारी हुई है। जो पूर्व में नक्सली गतिविधियों में भी संलग्न रह चुका है। उन्होंने बताया कि इसके विरुद्ध थाना कांड संख्या 7/2020 दर्ज किया गया था जिसमे शक्ति पासवान टेम्पू पर देसी कट्टा, कार्बाइन, लगभग 50 राउंड गोली, नक्सलियों की पर्ची लेकर जा रहा था। जिसमे पुलिस ने घेराबंदी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। वही शक्ति पासवान उस समय मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों का अपराधिक इतिहास है। वही शक्ति पासवान के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं।

## बाउंड्री वॉल गिराने को ले मारपीट

**दाउदनगर/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदनगर शहर के वार्ड नं-चार स्थित पुरानी शहर मोहल्ला में बाउंड्री वॉल गिराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दंपती समेत अन्य लोग घायल हो गए। घायल में इसी मोहल्ला निवासी राजू चौधरी और उनकी पत्नी सरिता देवी शामिल है। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। डयूटी पर रहे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल राजू चौधरी ने बताया कि घर के पास ही उसने 10 वर्ष पहले अपनी जमीन में मकान बनाने के बाद बाउंड्री वॉल खड़ा किया था। गुरुवार को अचानक पड़ोसी वहां पहुंचा और बिना किसी को सूचना दिए दीवार गिरा दी। जब राजू चौधरी को दीवार गिरने की जानकारी मिली तो वह अपने घर पहुंचा और पटीदार से दीवार गिराने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ लिया। बताया कि दीवार गिरने के बाद जब मैं थाना में शिकायत करने जा रहा था तो पटीदारों ने ईंट-पत्थर व डंडे से मारपीट कर मुझे और मेरी पत्नी को घायल कर दिया। इधर दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली है परंतु घायलों द्वारा अभी तक किसी भी तरह की लिखित आवेदन थाने में नहीं दी गई है। आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद मामले में प्राथमिकी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार फोटोग्राफी एसोसिएशन की कार्यशाला संपन्न, फोटो फेयर 2025 का पोस्टर जारी





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार फोटोग्राफी एसोसिएशन की जिला कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को जहानाबाद के एक निजी उत्सव हॉल में भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलेभर से बड़ी संख्या में फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश, महासचिव गणेश कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ बाबा, सोनी मैटर मनीष अग्रवाल, सोनी बिहार-झारखंड के टेक्निकल हेड अमित कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी शिल्पी कुमारी और सहायक श्वेता कुमारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में फोटोग्राफी की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रसिद्ध कलाकार श्वेता पांडेय के साथ मॉडल शूट का लाइव प्रैक्टिकल सेशन भी कराया गया, जिसमें फोटोग्राफरों ने नए तकनीकी अनुभव प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष विकास कुमार, सचिव पप्पू कुमार, उपाध्यक्ष विकास कुमार, कोषाध्यक्ष मोनू कुमार, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार एवं कोर कमेटी सदस्य योगेंद्र, प्रदीप, धीरज, सागर, श्याम सुंदर और राहुल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर फोटो फेयर 2025 का पोस्टर भी लॉन्च किया गया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि आगामी 13 से 15 अक्टूबर तक पटना के ज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर पर फोटोग्राफरों का सम्मेलन होगा। इसमें देशभर के फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर शामिल होंगे। जिला सचिव पप्पू कुमार ने अपील की कि सभी फोटोग्राफर इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वेडिंग इंडस्ट्री का महाकुंभ साबित होगा, जहां एक ही छत के नीचे नई तकनीक और अनुभव साझा किए जाएंगे।

# फेसर से रफीगंज जाने वाली 18 किमी सड़क की स्थिति बदहाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** फेसर से रफीगंज जाने वाली सड़क इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। करीब 18 किलोमीटर की सड़क जर्जर होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण के प्रति गंभीर नहीं हो रहे हैं। बता दें कि करीब 19 वर्ष पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़क का निर्माण कराई गई थी। सड़क से होकर बाकन, बघोई कुशा, गम्हारी, जोखिम, रफीगंज सहित के ग्रामीण आवागमन करते है। सड़क अब पूरी तरह से जर्जर हो गई है। आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वर्षा होने पर इस सड़क से होकर गुजरने में गिरने की संभावना बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को गिरकर चोटिल होना नियति बनी हुई है। सड़क में गड्ढों एवं गिट्टी के अलावा कुछ नजर नहीं आता है, जबकि इस मार्ग पर अधिकांश कृषि भूमि रहने से किसानों व लोगों का पूरे दिन आवागमन लगा रहता है। यहां तक की शाम ढलते ही सड़क से आवागमन बंद हो जाता है। रात के अंधेरे में आवागमन करने से छोटी दुर्घटनाएं होती रहता है। बावजूद इतने वर्ष गुजरने के बाद एक अच्छी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों धर्मेंद्र कुमार, संतोष रजक, कामता यादव, पितांबर पासवान सहित कहते हैं कि जिस तरीके से अटकी हुई सांस को आक्सीजन की जरूरत होती है, उसी तरह इस टूटी-फूटी सड़क को निमार्ण कार्य की जरूरत है। सड़क निर्माण नहीं होने से जर्जर सड़क पर कड़क पत्थर पैर में चुभता है। कहा कि लगभग गड्ढे में तब्दील हो चुके इस सड़क में आवागमन भी मुश्किल होता है। अक्सर दोपहिया वाहन चालक इस जर्जर सड़क में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जब वर्षा होती है तो स्थिति और भी बदहाल हो जाती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से सड़क निर्माण कराने की मांग की है। सड़क मरम्मत न होने से ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कराने की मांग करते हुए अविलंब सड़क निर्माण कराने की मांग किया है। कहा कि जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो मजबूरन बाध्य होकर आंदोलन करेंगे।

# रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय में तीन दिन अनुपस्थित होने पर होगा नामांकन रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर सख्त कदम उठाया है। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी विद्यार्थी लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहता है तो उसका नामांकन स्वतः रद्द कर दिया जाएगा। प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार अब प्रत्येक दिन प्रार्थना सभा में उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। यदि कोई विद्यार्थी प्रार्थना सभा में अनुपस्थित रहता है तो उसकी उस दिन की उपस्थिति दर्ज नहीं की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन कक्षाओं की गतिविधियों का फोटो अपलोड कर विभाग को भेजना भी अनिवार्य किया गया है। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को



समय पर विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति न केवल शिक्षा की गुणवत्ता के लिए आवश्यक है बल्कि सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, वर्दी, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं से भी जुड़ी है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस सख्ती से शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन आएगा और विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति गंभीर होंगे।

# जम्होर में भव्य एवं दिव्य रूप से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राधाकृष्णन मंदिर परिसर जम्होर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव जम्होर आयोजन समिति द्वारा भव्य एवं दिव्य रूप से सात दिवसीय श्रीकृष्ण महोत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अध्यक्ष मुकेश कुमार सिह ने की। उद्घाटन विष्णु महोत्सव अध्यक्ष अजीत कुमार सिह, थाना प्रभारी जम्होर, जवाबदेही पत्रिका के संपादक डा. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, ज्योतिष विद शिवनारायण सिह एवं महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने फीता काटकर कर किया। स्वागत उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा ने किया। स्वागज गीत नृत्य गायत्री परिवार के छात्र-छात्राओं ने किया। जिले भर में आयोजित सभी महोत्सव देव महोत्सव, उमगा, अंबे, गजना, पुनपुन महोत्सव टंडवा, आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री महोत्सव, पंचदेव धाम, दोमुहान सूर्य महोत्सव, सत्यचंडी महोत्सव रायपुरा, विष्णु धाम महोत्सव जम्होर, ओबरा महोत्सव, बाणभट्ट महोत्सव हसपुरा, देवकुंड महोत्सव, मरही धाम महोत्सव गोह, श्रीराम छावनी महोत्सव, मातृ-पितृ महोत्सव एवं लोकगायक भिखारी ठाकुर महोत्सव चैनपुर, श्रीकृष्ण महोत्सव जम्होर के दो दो सक्रिय सदस्यों को महोत्सव रत्न से सम्मानित किया गया। समिति के नवनीत प्रसाद, संजय गुप्ता उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, सचिव रणजीत कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सागर विश्वकर्मा, सह कोषाध्यक्ष बिक्की विश्वकर्मा ने माला, व्यवस्थापक कुंदन सिह सोनु ने अंगवस्त्र, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। देर रात तक रंगारंग कार्यक्रम चला। स्थानीय कलाकार सनोज सागर, मुकेश चौबे, टिकु टाईगर, नेहा आर्या, रामश्लोक विश्वकर्मा, सुनीता आर्ट ओबरा, निखिल डांस मदनपुर सहित ने अपने गायन से धूम मचा दी। इन्होंने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। इस मौके पर जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिह, जन विकास परिषद के अध्यक्ष प्रो. दिनेश प्रसाद, उपाध्यक्ष रामचंद्र सिह, कवि लवकुश प्रसाद सिह, गजना धाम से भृगुनाथ सिह, रायबहादुर सिह, गोलू विश्वकर्मा, सुरज विश्वकर्मा, प्रेमचंद पांडेय, गुडु कुमार, युवराज विश्वकर्मा, अंकित विश्वकर्मा, रौशन कुमार, रक्षक बर्मा, रौनक कुमार, पंकज सिह, आनंद कुमार, प्रेम कुमार, सोनू सिह, अरविद सिह, विकास कुमार, मुकेश कुमार, शंकर राम, निरंजन यादव, चंदन कुमार, मोनू कुमार, मुना कुमार, रिशु विश्वकर्मा, रोहित कुमार, सहित ने कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन गायत्री परिवार के नवनीत गुप्ता ने की।

# अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की हड़ताल 13वें दिन भी जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (गोपगुट) की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को 13वें दिन भी जारी रही। जिले के समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल स्तर पर कार्यरत अनुसचिवीय कर्मचारी 10 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस दौरान कारगिल चौक पर आयोजित धरना में बड़ी संख्या में कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार को सबक सिखाया जाएगा। धरना को संबोधित करते हुए संघ के नेताओं ने कहा कि अनुसचिवीय कर्मचारी जिला प्रशासन की रीढ़ होते हैं, लेकिन 20 वर्षों से सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में निम्नवर्गीय लिपिकों को मात्र 1900 रुपये ग्रेड पे मिलता है, जो चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों से सिर्फ 100 रुपये अधिक है। संघ ने मांग रखी कि निम्नवर्गीय लिपिक का पदनाम बदलकर 'सहायक' किया जाए और ग्रेड पे 2800 रुपये किया जाए। इसी प्रकार उच्चवर्गीय लिपिकों को 'वरीय सहायक' का पदनाम और 4200 रुपये ग्रेड पे देने की मांग की गई। साथ ही प्रधान लिपिकों को 25 प्रतिशत प्रोन्नति के आधार पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदों पर समायोजित करने, प्रधान लिपिक को प्रशाखा पदाधिकारी का दर्जा और 4600 रुपये ग्रेड पे देने की भी मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने कार्यबल में वृद्धि, सभी कर्मियों को कार्यस्थल पर निशुल्क आवास, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, 50 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा और राजपत्रित कर्मियों का जिला स्तरीय संवर्ग बनाए रखने जैसी मांगें भी रखीं। इसके साथ ही समाहरणालय संवर्ग के लिपिकों को उनके गृह जिले में स्थानांतरण की मांग भी की गई। ज्ञात हो कि संघ ने 9 अगस्त 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। गुरुवार के धरना को संघ के नेता राम उदय कुमार, बासुदेव सिंह, सत्येंद्र कुमार, मृत्युंजय पाठक, उदय कुमार, नीरज कुमार सिन्हा, पूजा कुमारी, सुकृति कुमारी, किरण कुमारी, अजय कुमार और सुरेंद्र चौधरी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## कोर्ट की अवमानना पर स्वास्थ्य सचिव पटना को भेजा गया पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने एक पत्र स्वास्थ्य सचिव पटना को निर्गत किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इसमें कहा गया है कि खुदवा थाना की एक कांड में हत्या और आर्म्स एक्ट तथा एससी-एसटी एक्ट से संबधित है। इसमें साक्षी डॉ नदीम अख़्तर एवं डॉ उदय प्रकाश के साक्ष्य न देने के कारण विचारण प्रभावित है। सक्षम पदाधिकारीयों के नोटिस और टेलिफोनिक सूचना के बाद भी उपस्थित नहीं हो रहे हैं। हाईकोर्ट ने वाद निष्पादन के लिए चार महीने का समय दिया है, ऐसे स्थिति में न्यायालय ने कठोर कदम उठाते हुए दो चिकित्सकों के वेतन बंद करने और न्यायालय में साक्ष्य के लिए दोनों को उपस्थिति कराने का आदेश दिया है।

# रफीगंज थाना के एसआई महेश पासवान को दी विदाई




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज।** रफीगंज थाना परिसर में बुधवार की रात उस समय भावुक माहौल बन गया जब एसआई महेश पासवान को स्थानांतरण पर विदाई दी गई। महेश पासवान का तबादला रफीगंज से बगहा थाना के लिए हुआ है। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद ने की, जबकि संचालन रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू यादव ने किया। अपने संबोधन में सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद ने कहा कि महेश पासवान उम्र में वरिष्ठ होने के बावजूद ऊर्जा और उत्साह से भरे रहते थे। उन्होंने रफीगंज में अपने कार्यकाल के दौरान पुलिसिया कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन किया। थाना अध्यक्ष शंभू यादव ने कहा कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि आने वाले पदाधिकारी उनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने बताया कि एसआई महेश पासवान ने रफीगंज में अपने 18 माह के कार्यकाल में कई बड़े मामलों का उद्भेदन किया। विशेषकर भादवा पंचायत के सेक्टर पदाधिकारी रहते हुए उन्होंने नकली नोट कांड का सफल खुलासा किया था। इसके अलावा कई विवादों को उन्होंने सूझबूझ और सहजता से नियंत्रित किया। विदाई समारोह में अपर थाना अध्यक्ष कन्हैया कुमार, एसआई सोलानी कुमारी, मिथलेश कुमार, आकाश कुमार, गीतांजलि कुमारी, पप्पू पासवान, सुहैल अहमद खान, रविकांत यादव, एएसआई मृत्यंजय कुमार, बबनजीत कुमार, संजय पासवान, चौकीदार विनोद चौधरी, एएसआई अटल बिहारी वाजपेई, केशनाथ सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाजसेवी शंकर शौण्डिक, हम पार्टी अध्यक्ष संजय यादव, पिंटू सिंह, दिलीप उर्फ कारू और सूरज सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। विदाई के क्षणों में महेश पासवान की आंखें नम हो गईं। सहयोगियों ने उन्हें नए कार्यक्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दीं।

# पौथू उप डाकघर की अनियमितताओं पर भड़के ग्रामीण, पीएमजी को भेजा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पौथु उप डाकघर में व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। दर्जनों ग्रामीणों ने मुखिया डिम्पल कुमारी के नेतृत्व में चीफ पोस्टमास्टर जनरल, पटना को आवेदन भेजा है। आवेदन में कहा गया है कि डाकघर में खाता खोलने और लेन-देन की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों का आरोप है कि पोस्टमास्टर अक्सर लिंक न रहने का बहाना बनाते हैं, जिससे खाता खोलने में हफ्तों लग जाते हैं। कई लोग तो परेशान होकर अपना आवेदन ही वापस ले लेते हैं। वहीं जिनका खाता खुला है, उनका तीन वर्षों से हस्ताक्षर स्कैन नहीं हुआ है। इसके चलते लिंक फेल रहने पर पैसा निकासी संभव नहीं हो पाता। ग्रामीणों ने बताया कि 30 जुलाई से 14 अगस्त तक डाकघर में न तो कोई निकासी हुई और न ही कोई जमा। पोस्टमास्टर की उपस्थिति पर भी सवाल उठाए गए हैं, कहा गया कि वे अक्सर देर से आते और जल्दी चले जाते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां किसी अनुभवी पोस्टमास्टर की नियुक्ति की जाए, ताकि आम जनता को बैंकिंग सेवाएं समय पर मिल सकें। इस संदर्भ में जब पोस्टमास्टर हिमांशु शेखर से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब देने से परहेज किया।

# शिवदयाल प्रसाद बने व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी पद पर रफीगंज निवासी शिवदयाल प्रसाद गुप्ता की मनोनयन की घोषणा होते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। श्री गुप्ता ने कहा कि उन्हें यह दायित्व पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया एवं प्रदेश संयोजक राजीव रंजन उर्फ राजू गुप्ता के विश्वास के आधार पर सौंपा गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की नीतियों को धरातल तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, भादवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सुबोध कुमार सिंह, शुभम सिंह समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ और अधिक मजबूत होगा और संगठन की पकड़ जमीनी स्तर पर बढ़ेगी।

# रक्तदान जीवन का सर्वोत्तम परोपकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** दनियावां, खुशरूपुर और फतुहा के प्रेम यूथ फाउंडेशन से जुड़े स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। फाउंडेशन के स्वयंसेवक जित्तू मोनी ने बताया कि रक्तदान जीवन का सर्वोत्तम उपहार है। रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ्य रहता है साथ ही ब्लड सेल बनने की प्रक्रिया में तेजी आती है। कोई भी 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग का व्यक्ति स्वैच्छिक रक्तदान कर सकता है बशर्ते जिसका वजन 50 किलो एवं हीमोग्लोबिन लेवल 13 हो। रक्तदान करने से दर्जनों रोगों से बचा जा सकता है।

# ई-केवाईसी नहीं कराने पर गैस सब्सिडी से वंचित होंगे उपभोक्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सरकार के सख्त निर्देशों के तहत अब गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। रफीगंज कारगिल गैस एजेंसी के संचालक शिवदयाल प्रसाद गुप्ता एवं बाला जी गैस एजेंसी के प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि बिना ई-केवाईसी उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा। एजेंसी संचालकों ने कहा कि अब प्रत्येक उपभोक्ता को गैस की डिलीवरी केवल ओटीपी सत्यापन के बाद ही मिलेगी। उपभोक्ता को पंजीकृत मोबाइल नंबर से 9493602222 पर मिस कॉल कर ओटीपी प्राप्त करना होगा और गैस भेंडर को देना होगा। अन्यथा गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि थाना गली और बाबूगंज इलाके में उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया है तथा वहीं पर ई-केवाईसी प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई है। एजेंसी प्रबंधन ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि समय पर एजेंसी पहुंचकर ई-केवाईसी अवश्य कराएं, ताकि सब्सिडी एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

# सस्पेंशन ब्रिज पर कार्य कर रहा मजदूर नदी में गिरा, तलाश जारी

## मजदूरों ने किया हंगामा, घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन नदी पर बन रहे बिहार का पहला सस्पेंशन ब्रिज पर काम कर रहे एक मजदूर गुरुवार को तकरीबन 12 बजे पुनपुन नदी में गिर गया। दरअसल बताया जाता है की चल रहे संस्पेशन ब्रीज के निर्माण कार्य के दौरान रेलिंग पर कार्य करने के दौरान वह पुल से नीचे नदी में गिर गया, जहां नदी में गिरने के बाद सभी मजदूरों ने हो हल्ला मचाया। मौके पर पुनपुन पुलिस पहुंची और तुरंत एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई, लेकिन एसडीआरएफ की टीम जब घंटो नहीं पहुंची तो सभी मजदूर आक्रोशित हो गये और काम काज बंद कर हो हंगामा विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिये। हलांकि पुलिस ने आक्रोशित मजदूरों को शांत करवाया, उसके बाद गोताखोर की टीम पहुंच कर नदी मे डुबे मजदूर की तलाश मे जुटी रही। एसडीआरएफ के इंचार्ज ने बताया की नदी का बहाव काफी तेज है लगता है बहुत दूर तक बह गया है। फिलहाल गोताखोर की टीम काफी दूर तक खोजबीन मे जुटी है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की पुनपुन नदी मे एक मजदूर नदी मे गिर गया है जिसका नाम दीपक कुमार उम्र 21 वर्ष है जो यूपी का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अभिषेक कुमार, बीडीओ एवं सीओ की पुरी टीम घटना स्थल पर पहुचे और घटना स्थल का जायजा लिया और मजदूर के गिरे शव की तलाश को निरंतर रखने का निर्देश दिया। घटना के बाद मजदूरों मे एक तरफ आक्रोश है वही दुसरी तरफ दहशत का माहौल है। वही बिहार राज्य पुल निगम के प्रोजेक्ट मनेजर कुमार गौरव ने कहा कि पिडित परिवार को सरकारी स्तर पर सभी लाभ पहुंचायी जायेगी फिलहाल शव की तलाश मे सभी पुलिस प्रशासन जुटी है।



## हत्याकांड में फरार दो अभियुक्तो के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के उस्मानचक गांव में रजनीश हत्याकंाड में फरार दो अपराधियों के घर पर लहसुना पुलिस ने विधिवत ढोल बजा कर दोनों अभियुक्तो के घर पर इश्तेहार साट कर उसे सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। लहसूना थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी ने बताया कि 2 अप्रैल 2025 को रजनीश कुमार की हत्या कर दी गई थी जिसमें 7 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, बाकी बचे दो लोग अभी भी फरार चल रहे थे ऐसे में उनके खिलाफ उनके घर पर जाकर इश्तेहार साटा गया और सरेंडर करने की चेतावनी दी है और अगर जल्द ही सरेंडर नहीं करेंगे तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की लहसुना थाना कंाड संख्या - 275/25 के फरार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत इश्तेहार का विधिवत तमिला किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अल्पसंख्यक समाज की...

बनी तो भागलपुर दंगे में दोषियों पर कार्रवाई की गई और पीड़ितों को मुआवजा दिया गया। नीतीश कुमार ने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा आप अपनी पत्नियों को नहीं छोड़िएगा। सरकार मुस्लिम परित्यागता महिला को 25 हजार दे रही है। यह काम मुस्लिम समुदाय के लिए किया गया। इसी तरह मुस्लिम वर्ग के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई-लिखाई के लिए भी काम किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अल्पसंख्यक लोगों को कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो बताइए उसे तत्काल पूरा किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री आज बिहार को...

सुनिश्चित करते हुए प्रधानमंत्री मुंगेर में नमामि गंगे के तहत निर्मित 520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे। इससे गंगा में प्रदूषण कम करने और क्षेत्र में स्वच्छता सुविधाओं में सुधार करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री लगभग 1,260 करोड़ रुपये की लागत वाली शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की एक श्रृंखला का भी शिलान्यास करेंगे। इनमें औरंगाबाद और जहानाबाद के दाउदनगर में एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क, लखीसराय और जमुई के बरहिया में एसटीपी और इंटरसेप्शन व डायवर्जन कार्य शामिल हैं। अमृत 2.0 के तहत, वह औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जलापूर्ति परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं स्वच्छ पेयजल, आधुनिक सीवरेज प्रणाली और बेहतर स्वच्छता प्रदान करेंगी जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी मानकों और जीवन स्तर में सुधार होगा। क्षेत्र में रेल संपर्क को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जो आधुनिक सुविधाओं, आराम और सुरक्षा के साथ यात्री सुविधा में सुधार करेगी। साथ ही वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन, जो क्षेत्र के प्रमुख बौद्ध स्थलों में पर्यटन और धार्मिक यात्रा को बढ़ावा देगी। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 12,000 ग्रामीण लाभार्थियों और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत 4,260 लाभार्थियों का गृह प्रवेश समारोह भी आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा प्रतीकात्मक रूप से कुछ लाभार्थियों को चाबियां सौंपी जाएंगी, जिससे हजारों परिवारों का अपना घर होने का सपना पूरा होगा।

# ओबरा में धूमधाम से मनाई गई भगवान श्रीकृष्ण की छठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु उत्साहित दिखे और मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने सोहर एवं जन्मोत्सव के गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राधा कृष्ण मंदिर ओबरा में ह्लदेव ऋषि के मंगल भइले जन्मे कृष्ण मोहनवा, सजनवा हो जन्मे कृष्ण मोहनवाङ्क जैसे भजनों से पूरा इलाका गूंज उठा। छठी महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजद के वरीय नेता विनय प्रसाद, रामस्वरूप जयसवाल, पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद, अभिषेक कुमार, मुखिया प्रतिनिधि गोबिंद अग्रवाल, रामजी प्रसाद गुप्ता, आनंद किशोर पाण्डेय, दयानंद पाण्डेय, अनिल अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं ठाकुरबाड़ी ओबरा में भी भगवान कृष्ण की छठी पूरे उत्साह और भक्ति भाव से मनाई गई। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और प्रसाद ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त मोतीलाल जयसवाल एवं बीडी तिवारी के मंदिरों में भी धूमधाम से आयोजन हुआ। पंडित कमल किशोर पाण्डेय एवं आनंद किशोर पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। शहर के विभिन्न मंदिरों में हुए इन आयोजनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई और वातावरण भक्ति रस से सराबोर रहा।

# 13वें दिन भी धरना पर बैठे रहे अनुसचिवीय कर्मचारी

## लोगों को हो रही परेशानी, कार्यालयों से बैरंग लौट रहे लोग

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड के समीप अनुसचिवीय कर्मचारियों की 10 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल गुरुवार को 13वें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर बैठे हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि जब तक हमारी 10 सूत्री मांगें पूरी नहीं होगी, तबतक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। साथ ही राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार संघ के राज्य प्रतिनिधियों के साथ अविलंब वार्ता करे अन्यथा बाध्य होकर जनआंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे, जिसकी सारी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। जिलाध्यक्ष भगवान पासवान ने कहा कि राज्य में अफसरशाही चरम पर है। इस राज्य में कर्मचारियों के साथ दोहन शोषण हो रहा है। सरकार अनुबंध मानदेय पर बहाली करके कर्मचारियों के वेतन की चोरी कर रही है। विकास के नाम पर लूट खसोट चल रहा है। सुशासन के नाम पर आम जनता के पैसों को लुटाया जा रहा है लेकिन कर्मचारियों को उनके काम के अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है।

इधर अनुसचिवीय कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने से प्रखंड कार्यालय और समाहरणालय में आवश्यक कार्यों को लेकर पहुंचने वाले लोग बिना काम कराए ही वापस लौट रहे हैं। कर्मचारियों की हड़ताल से कार्यालय में लोगों का जरूरी काम नहीं हो पा रहा है। इस मौके पर संघ कार्यकारी अध्यक्ष पिकेश कुमार, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिह, जितेंद्र कुमार, गुंजन राज, संयुक्त सचिव शशि कुमार सिह, उपाध्याय कुमार मंगलम, प्रीतम कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, मुख्य संरक्षक न्याय अहसन अंसारी, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, कार्यालय सचिव सतीश कुमार, जिला संयोजक ब्रिजेश पटेल, मीडिया आईटी सेल प्रभारी मनीष कुमार, अमित कुमार, चौधरी गुड्डू, युगल पासवान, अजय कुमार, मिथिलेश कुमार, सुदीप कुमार सिह, गौतम कुमार, विनोद यादव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त

### बालभोग का आयोजन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महावीर सेवा समिति बिक्रम द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के छठी पर बाल भोग का आयोजन किया गया। समिति के ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा मिट्टी के बर्तन में 56 व्यंजन से भगवान को भोग लगाया गया। नप. अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिजीत कुमार द्वारा बाल भोग का प्रसाद वितरण की शुरुआत की गई। मौके पर महावीर सेवा समिति के अध्यक्ष मदन दास, नगहर मुखिया अजित वर्मा, हिन्दू धर्म रक्षक संगठन के गुड्डू गुप्ता, आशुतोष कुमार, शाहिल सुमन,समी, अरबिंद कुमार , नीतीश सोनी, हरिओम, निक्कू, विक्की, ज्योति, चमन राज उपस्थित थे। महाआरती में हिन्दू धर्म रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुणाल किशोर, समाज सेवी साकेत सिंह, वार्ड पार्षद रेणु सिंह, निशि देवी शामिल हुई।

### पदभार ग्रहण को लेकर लगाई गुहार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद क्षेत्र के भदौरा पैक्स चुनाव हुए तकरीबन 26 दिन बीत गए हैं, बावजूद अभी तक पूर्ण रूप से नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष ने कार्य भार नही संभाला है। ऐसे में नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार पांडे पिता आदित्य नारायण ने लिखित आवेदन देकर जिला सहकारिता पदाधिकारी और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी से लिखित पत्र देकर पूर्ण रूप से कार्यभार दिलवाने की मांग की है, उसे साथ ही लिखित आवेदन में बताया गया है कि बीते एक अगस्त को अपनी कमेटी का गठन भी कर लिया है और जिसका साक्ष्य संलग्न करके पदवार ग्रहण की मांग की है।

### महिला हुई नशाखुरानी गिरोह का शिकार

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे स्टेशन पर बेहोशी की हालत में एक महिला रेल यात्री को उतर गया। जिसे बाढ़ के ही एक रेल यात्री के द्वारा अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की सहायता करने वाला संजय सिंह नामक व्यक्ति ने बताया कि वह वेल्लोर गांव का रहने वाला है और फौजी से रिटायर है दिल्ली से आने के दौरान महिला अकेली आनंद विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन में में चढ़ी थी और उन्हें बाढ़ उतारना था लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन के पास नशा पुरानी गिरोह का शिकार हो गई। उसके कान और गला का स्वर्ण आभूषण सहित 13000 रुपया नगदी गायब कर दिया गया। महिला के मोबाइल पर आए कॉल से पता चला कि वह अथमलगोला प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत की रहने वाली है। उसका नाम रेखा देवी उम्र 28 साल पति मोहन साहब के रूप में पहचान हुई है। इलाज के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई।

### शराब के नशे में बेहोश रहा वेंडर

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की संध्या अवैध रूप से स्टेशन के प्लेटफार्म और ट्रेन पर कोल्ड ड्रिंक बेचने वाला बाढ़ का लंगरपुर का एक व्यक्ति शराब के नशे में धूत होकर प्लेटफार्म संख्या तीन पर घंटों बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। मजे की बात यह है कि बेहोशी की हालत में पड़े युवक के ठीक सामने रेल पुलिस का थाना होने के बावजूद भी अवैध तरीके से प्लेटफार्म पर सामान बेचने के साथ-साथ नशा भी खुलेआम करते हुए देखा जा सकता है। इतना ही नहीं प्लेटफार्म पर सुलेशन का नशा करने वाले बच्चे भी हाथ में पॉलिथीन लिए घूमते फिरते हैं जिस पर रेल पुलिस कभी कार्रवाई नहीं करती है। युवक के पास से नगद पैसे भी बरामद हुए हैं।

### प्लेटफार्म पर रेल यात्री को हार्ट अटैक

**बाढ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर गुरुवार की संध्या लखनऊ से आ रहे एक व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। जिसके चलते वह बेहोशी की हालत में प्लेटफार्म पर पड़ा रहा। इस दौरान परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। इसके बाद जल्दबाजी में परिजन एंबुलेंस लेकर बाढ़ रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गए और स्ट्रेचर पर उठाकर एंबुलेंस के माध्यम से पटना के लिए रवाना हो गए लेकिन प्लेटफार्म पर ड्यूटी करने वाले रेल पुलिस हो या रेल स्टाफ को उन्हें भनक तक नहीं लगी। रेल यात्री की हालत चिंताजनक स्थिति में होने की बात स्थानीय लोगों ने बताई।

### एसडीओ के तबादले पर छात्राओं ने दी विदाई

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पालीगंज एसडीओ अमनप्रीत सिंह के तबादले के पश्चात गुरुवार को बिक्रम मदनधारी बालिका उच्च विद्यालय में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राकेश रंजन, संचालन अमित्रजीत एवं धन्यवाद ज्ञापन रवि प्रकाश ने किया। अमनप्रीत सिंह ने कहा कि महिला में वो शक्ति है जो अव्यवस्थित चीज को व्यवस्थित प्रदान करने की शक्ति होती है अपनी शक्ति को पहचानो। विदाई समारोह में शिक्षक एवं छात्रों ने एसडीओ अमनप्रीत सिंह को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# प्रधानाचार्यों के बीच बीईईओ ने वितरित किए टैब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड तकरीबन 200 विद्यालय मे प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षक को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने टैब वितरण किया साथ ही साथ लेखा सहायक प्रमोद कुमार ने सभी टैब को ऐक्टिवेट करते हुए शिक्षकों को फोटो अपलोड करने के लिए प्रशिक्षित किया। शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव के आदेशानुसार सभी विद्यालय को टैब दिया जा रहा है जिससे शिक्षक प्रार्थना के समय चार फोटो, मध्यान भोजन के समय फोटो एवं छुट्टी के समय फोटो इ शिक्षा ऐप अपलोड करने का आदेश दिया है। इससे शिक्षा मे गुणवत्ता पुर्ण सुधार होगा। साथ ही साथ छात्रों के फर्जी उपस्थिति मे कमी आयेगीद्ध वही बीईईओ राजेंद्र ठाकुर ने बताया की शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए, सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। शिक्षको मे दिपक शर्मा, मो. मंजर शादाब की माने तो इससे स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। टैबलेट का उपयोग छात्रों को डिजिटल शिक्षा प्रदान करने में भी मदद करेगा, क्योंकि ये टैबलेट शिक्षा विभाग के पोर्टल से जुड़े होंगे, जिससे शिक्षकों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री और निर्देश तुरंत मिल सकेंगे। टैबलेट के माध्यम से, शिक्षकों को मूल्यांकन स्वचालन और विभिन्न शिक्षण संसाधनों तक पहुंच में भी मदद मिलेगी, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा।




# राधा-कृष्ण द्वारका मंदिर में मनाया गया भगवान श्री कृष्ण का छठिहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/फुलवारी।** राजधानी के बोरिंग रोड स्थित राधा कृष्ण द्वारिका मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के पश्चात छठे दिन छठिहार का आयोजन बड़े हर्षों-उल्लास के साथ मनाया गया। छठिहार के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर समिति की सचिव सह व्यवस्थापक रंजन यादव नवीन ने बताया कि इस बार भगवान का छठिहार कुछ अलग प्रकार से मनाया जा गया है जहां भगवान श्री कृष्ण अपने बालरूपी अवस्था में आ कर बन रहे प्रांगण में पकवान का लुत्फ उठाये। भोग के लिए पकवान में खीर, पुरी, हलवा, माखन, मिश्री का व्यवस्था किया गया था वही मंदिर सेविका प्रतिमा कुमारी यादव ने अपनी गीत मंडली के साथ भगवान श्री कृष्ण का सोहर गाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। आए सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का भी इंतज़ाम किया गया था। संध्या 5 बजे भगवान कृष्ण का पूजा-स्नान करा कर मंदिर सेविका प्रतिमा कुमारी यादव ने श्री कृष्ण-राधा को नए वस्त्र पहनाये वही। मंदिर के अन्य सदस्य शशिबाला केसरी, अर्चना सिंह मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं का विशेष रूप से ध्यान रखा।

# कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रम।** आगामी 29 अगस्त को बिक्रम के खेल मैदान में एनडीए द्वारा प्रस्तावित बिक्रम विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर बिक्रम स्थित भाजपा जिला मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू पटना ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह एवं संचालन भाजपा पटना जिला ग्रामीण अध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। बैठक में एनडीए की और से लोजपा (राम विलास) के जिला अध्यक्ष चंदन यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रतिनिधि विवेकानंद, बिक्रम विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा किरण कुमारी आदि मौजूद थीं। कार्यकर्ताओ को आगामी सम्मेलन की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अतुल कुमार ने कहा कि होने वाले सम्मेलन में एनडीए के सभी पांचों दलों के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# जर्जर भवन में पढ़ाई को मजबूर छात्र, आजादी से पहले बने विद्यालय का नहीं हुआ कायाकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनोरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मनोरा की तस्वीर शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयां करती है। 1934 में आज़ादी से पहले स्थापित यह विद्यालय आज तक कायाकल्प की बाट जोह रहा है। विद्यालय में कुल पाँच कमरे हैं, जिनमें से तीन पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। भवनों के अभाव में छात्र-छात्राओं को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय में वर्तमान में 315 छात्र नामांकित हैं, जिनमें प्रतिदिन करीब 260 छात्र उपस्थित होते हैं। लेकिन सीमित कक्षाओं के कारण प्रथम, द्वितीय और तृतीय कक्षा को एक ही कमरे में, जबकि चतुर्थ एवं पंचम के छात्रों को दूसरे कमरे में और षष्ठम, सप्तम एवं अष्टम को अलग-अलग कमरों में समायोजित किया जाता है। जगह की कमी होने पर बच्चों को बरामदे में बैठाकर पढ़ाना पड़ता है। बरसात के दिनों में खपड़ैल से पानी टपकने के कारण और गर्मी-ठंड में खुले बरामदे में बैठना बच्चों के लिए कठिन हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय कभी क्षेत्र का गौरव माना जाता था, लेकिन आज जर्जर भवन के बीच बच्चों को पढ़ते देख अभिभावक और ग्रामीण निराश हैं। ग्रामीण कुंदन शर्मा और विभूति नारायण सिंह के अनुसार विद्यालय का निर्माण आज़ादी से पहले हुआ था, लेकिन तीन भवन आज तक पुनर्निर्मित नहीं किए गए। वहीं, रतनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सिद्धेश्वर सिंह ने अपने कार्यकाल में विद्यालय को सजाने-संवारने का प्रयास किया था, जिससे कुछ समय तक स्थिति बेहतर रही। प्रधानाध्यापक मणिभूषण कुमार ने बताया कि विद्यालय में कुल 12 शिक्षक पदस्थापित हैं। पाँच कमरों में शिक्षण कार्य और कार्यालय के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन की सामग्रियाँ भी रखी जाती हैं। तीन जर्जर भवन किसी भी समय दुर्घटना को दावत दे सकते हैं। इस संबंध में जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है, लेकिन स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी और भवन निर्माण को लेकर पहल की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बातें तो करती है, लेकिन जब तक भवनों का कायाकल्प नहीं होगा, तब तक बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती रहेगी।

# जुग जुग जियो हो ललनवा.. सोहर गीतों से गूंजी ठाकुरबाड़ी

## कान्हा का मनाया गया छठिहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** गुरुवार की शाम को मसौढ़ी के श्रीरामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर में जुग जुग जीया हो ललनवा.. सोहर गीतों से देर शाम तक गुंजता रहा। दरअसल श्रीराम जानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर समेत अन्य कान्हा के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का छठियार धूमधाम से मनाया गया। यहां सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी रही। मौके पर मंदिरों में कान्हा के भोग के लिए विविध प्रकार के व्यंजन बनाए गए। मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाने के बाद भक्तों में वितरित किया। गोपाल पांडे ने बताया कि ठाकुरवाड़ी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के छठियार पर्व पर सुबह पूजा-अर्चना की गई। मंगलगान और आरती के बाद प्रसाद तैयार किया गया। कान्हा को विविध प्रकार से सजाया। शायंकाल में महिलाओं ने मंदिर में गीत-नृत्य की प्रस्तुति दी। कान्हा को पालना पर बिठाकर सोहर गित गाये। इसके अलावा उन्होंने बताया की भगवान श्रीकृष्ण के जन्माष्टमी के बाद छठवें दिन मनाया जाता है। इस दिन, घरों और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती रही है।और भजन-कीर्तन करते हैं और दही, मक्खन, मिठाइयों आदि का प्रसाद चढ़ाते हैं, क्योंकि ये सभी श्रीकृष्ण के प्रिय माने जाते हैं। कान्हा की छठी को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए विशेष रूप से मनाया जाता है और इस दिन को भक्तों द्वारा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। वहीं इस दिन श्रीकृष्ण को विशेष रूप से कढ़ी-चावल का भोग लगाया जाता है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य कान्हा के जन्म का उत्सव मनाना और उनकी बाल लीलाओं को याद करना है. इस दिन माताएं अपने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और समृद्धि की कामना करती हैं.श्रीकृष्ण छठी पर व्रत रखने और पूजा करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है. मान्यता है कि इस दिन उपवास रखने और श्रीकृष्ण को कढ़ी-चावल का भोग लगाने से भगवान कृष्ण प्रसन्न होते हैं।इसके अलावा मंडप के श्री रामनाथेश्वरार मंदिर एवं लखीबाग स्थित मंदिर में भी छठियार मनाया गया। मौके पर पंकज कुमार सिंह,कुमारी खुशबू रानी, सुनील कुमार सिंह, शशि प्रकश गुप्ता, मृत्युंजय कुमार, वीणा देवी आदी शामिल रहे।

# राजकीय पॉलिटेकनिक औरंगाबाद में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** धनाड़ी स्थित राजकीय पॉलिटेकनिक, औरंगाबाद में गुरूवार को 'मेंटल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम 2025' का आयोजन संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ भावना कुमारी, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, सदर अस्पताल कैमूर ने छात्रऽछात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, संतुलित जीवनशैली और सही निर्णय क्षमता की नींव है। छात्रों को अपनी मानसिक समस्याओं को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। डॉ0 कुमारी ने छात्रों से सीधे प्रश्नोत्तर भी किए। छात्रों ने तनाव, आत्मविश्वास की कमी और पढ़ाई के दबाव जैसे सवाल पूछे जिनका उन्होंने सरल और प्रभावी समाधान बताया। छात्रों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी बताया। संस्थान के प्राचार्य डॉ0 बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज की पीढ़ी के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसे आयोजन छात्रों को जीवन में संतुलन बनाए रखने और सफलता हासिल करने में मददगार होते हैं। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो0 डॉ0 कुमारी नीशु एवं प्रो0 प्रिया कुमारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को व्यवहारिक मार्गदर्शन मिलता है।

# एसडीपीओ ने किया थाने का निरीक्षण लंबित कांडों के निष्पादन का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** एसडीपीओ एक एएसपी अतुलेश झा ने डिहरी मुफस्सिल, अकोढी गोला व दरिहट थानों में गुरुवार को लंबित कांडों की समीक्षा की और तेजी से निष्पादित करने का निर्देश दिया। समीक्षा में थानाध्यक्ष समेत सभी पुलिसकर्मी मौजूद थे। श्री झा के अनुसार लंबित मामलों की समीक्षा की गई और तेजी से निष्पदित करने का निर्देश दिया गया। गिरफ्तारी और वारंट निष्पादन की स्थिति की भी जांच की गई। बताया कि नियमित पेट्रोलिंग की जानकारी ली गई। नए कानूनों और प्रावधानों की जानकारी और अद्यतन किया गया। केस डायरी लेखन की प्रगति, डिजिटल माध्यम से अनुसंधान कार्य की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध नियंत्रण में प्रभावी योगदान देना है।

## मजदूर नहीं लौटा घर, पत्नी ने थाने में लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** पांच दिन से गायब मजदूर के घर वापस नहीं लौटने पर मजदूर की पत्नी ने थाने में गुहार लगाई है। थाने में दिए आवेदन में नगर पंचायत के वार्ड आठ के सीता देवी ने कहीं है कि उसका पति रास बिहारी राम 16 अगस्त को मजदूरी करने के लिए घर से गए थे, घर वापस नहीं लौटे। आसपास व रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद भी रास बिहारी का कहीं पता नहीं चला। पत्नी ने आवेदन में पति को ढूढने में पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। आवेदन में पत्नी ने कहा है कि पति के घर वापस नहीं लौटने के चलते परिवार का खर्चा चलना मुश्किल हो गया है। मजदूरी के बदौलत की परिवार का जीविका चलता था।

# छात्राओं को सिखाए गए योग से निरोग रहने के गुर

## पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कुदरा।** प्रखंड के राम जानकी बालिका टेन प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें स्कूल के छात्राओं को योग से निरोग रहने के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम का आयोजन पतंजलि योग समिति द्वारा किया गया। समिति के दक्षिण बिहार राज्य प्रभारी व योग गुरु अवध नारायण चौबे ने कहा कि योग सबको जरूरी है। योग से अनेकों बीमारियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान पर भी ध्यान देना होगा। शिविर में हाइट बढ़ाने के लिए आसन जैसे बृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोण आसन, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, ओम का उचारण के साथ ही जंक फूड न खाने की सलाह दी गई। शिविर में प्लास्टिक के प्रयोग न करने की सलाह दी गई। शिविर में हेडमास्टर उषा कुमारी, रवि प्रकाश रंजन, जैनेंद्र कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह, सुनील सिंह, अनिल कुमार सिंह , आशुतोष तिवारी, पंकज कुमार, श्वेता रानी, रश्मि सिंह, प्रेमदा कुमारी समेत सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं समेत सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थे।

# किसानों ने एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य को रोका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर के किसानों ने उचित मुआवजा की मांग को लेकर भारत माला परियोजना के तहत जिले में चल रहे वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के कार्य को रोका दिया। किसान कृषि भूमि की प्रति एकड़ 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा की मांग कर रहे हैं। किसान संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष विमलेश पांडेय ने बताया कि अभि किसानों को मुआवजा की राशि भी नहीं भुगतान की गई है। इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा धान की फसल लगी भूमि में जबरन एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार सज्जन ने बताया कि आयुक्त कोर्ट के आदेश के आलोक में किसानों को मुआवजा की राशि भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को अधिग्रहित भूमि पर धान की रोपनी नहीं करने का अल्टिमेटम दिया गया था। इसके बावजूद किसानों ने धान की रोपनी कर दिया है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि एक्सप्रेस-वे निर्माण का कार्य रोकने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सीवान के इओ के खिलाफ भभुआ में भी दर्ज है मुकदमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** सिवान नगर परिषद के वर्तमान व भभुआ के पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव के विरुद्ध भभुआ नगर थाने में भी एफआईआर दर्ज है। आय से अधिक संपत्ति मामले में सिवान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव के कई ठिकानों पर बुधवार को आर्थिक अपराध इकाई की टीम द्वारा की गई छापेमारी की चर्चा कैमूर में जोरों पर चल रही है। भभुआ नगर परिषद के अफसर व कर्मी इओयू द्वारा की गई इस छापेमारी को ईओ के भभुआ के कार्यकाल से भी जोड़ रहे हैं। बताया जाता है कि भभुआ नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव के विरुद्ध भभुआ सदर थाने में भी एफआईआर दर्ज है। शहर के वार्ड 13 निवासी राजेश कुमार उर्फ वेद प्रकाश ने नगर परिषद के ईओ अनिभूति श्रीवास्तव के खिलाफ नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराते हुए यह आरोप लगाया है कि ईओ एक जून 2020 को अपने आवास पर उसे बुलाकर नींबू-पानी में जहर मिलाकर जान मारने का प्रयास किए। उक्त मामले में नगर थाने की पुलिस ने परिवाद पत्र पर मुकदमा दर्ज कर जहर वाले नींबू-पानी को जब्त कर सैंपल की जांच के पटना एफएसएल को भेजा था। एफएसएल की जांच रिपोर्ट में नींबू पानी में जहर मिलाएं जाने की बात सही आने के बाद एसपी ने नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव व कनीय अभियंता राहुल कुमार को गिरफ्तार करने का आदेश जांचकर्ता को दिया। उक्त मामले में सीजेएम कोर्ट द्वारा ईओ व जेई के खिलाफ वारंट जारी किया गया है।

# मांगों के समर्थन में 12 वें दिन भी हड़ताल पर रहे कर्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** अपनी मांगों के समर्थन में जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कैमूर जिले के अनुसचिवीय कर्मचारी लगातार 12 वा दिन हड़ताल पर हैं और धरना प्रदर्शन कर रहे है। गुरुवार को हड़ताली कर्मियों ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों में पहुंचकर कार्य में जुटे सहकर्मियों को पकड़कर अपने साथ धरना स्थल पर ले गए। कर्मियों के हड़ताल से कामकाज प्रभावित होने के कारण कलेक्ट्रेट से लेकर प्रखंड, अंचल एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में भीड़-भाड़ कम दिख रहा है। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने से सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं व कार्यों का निष्पादन प्रभावित हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे अनुसचिवीय कर्मचारी लिपिक संघ के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं करेगी हम लोगों का हड़ताल जारी रहेगा। लिच्छिवी भवन के पास अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे कर्मियों ने बताया कि हड़ताल पर जाने से पहले हमलोगों ने सरकार को अल्टीमेटम दिया था। हर दिन दोपहर तक कार्यालयों में काम काज करने के बाद सांकेतिक रूप से प्रदर्शन कर रहे थे। ताकि सरकार हमलोगों की जायज मांगों को पूरी कर दें, लेकिन सरकार के स्तर पर कोई पहल नहीं किया गया। बाद में संघ के आह्वान पर हमलोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किए।

# विद्यालय के रसोइयों का क्षमता संवर्धन शुरु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोचस।** प्रखंड संसाधन केंद्र में गुरुवार को विद्यालय में कार्यरत रसोइया का क्षमता संवर्धन का प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया। पीएम पोषण प्रखंड प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि निदेशक मध्याह्न भोजन योजना पटना के निर्देश के अलोक में प्रखंड के सभी रसोइया एवं सहायक को क्षमता एवं संवर्धन प्रशिक्षण के तहत गुणवता युक्त खाना पकने व उसके रख-रखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रखंड के सभी 400 रसोइया एवं सहायक को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रथम दिन बलथरी एवं अगरसीडिहरा पंचायत के बबिता देवी, जानकी देवी, किरण, डिम्पल, अनिल सिंह समेत लगभग 50 रसोइया को प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम दोपहर 1:30 से 3 बजे तक 23 अगस्त तक चलेगा।

# अगस्त माह में पशुओं को खुरहा-मुंहपका रोग का रहता है खतरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग पशुओं के स्वास्थ्य का खास ध्यान रख रहा है। इन दिनों यानी अगस्त माह में पशुओं का ध्यान कैसे रखा जाए इसके लिए विभाग ने पशुपालक कैलेंडर जारी किया है, जिसमें एफएमडी रोग अर्थात खुरहा-मुंहपका रोग से बचाव के उपायों पर जोर दिया गया है। कैलेंडर में विभाग ने कहा है कि पशुओं के खुरहा-मुंहपका रोग से ग्रसित होने पर रोगग्रस्त पशुओं को अलग रखें एवं ग्रसित पशुओं की खान-पान की व्यवस्था भी अलग से करें। साथ ही, खुरहा-मुंहपका रोग से ग्रसित पशुओं के दूध को उसके बछड़ों को न पीने दें। ऐसा करने से बछड़े संक्रमित होने से बचेंगे एवं स्वस्थ रहेंगे। आपके पशुओं में मुंहपका-खुरपका रोग का प्रकोप है, तो इसे स्वस्थ पशुओं से अलग रखें। यदि आस-पास के पशुओं से यह रोग फैल रहा है तो अपने पशुओं का सीधा संपर्क रोगी पशुओं से नहीं होने दें। वहीं गलाघोंटू जहरवात एवं अन्य रोग के लक्षण दिखते ही तुरंत पशु चिकित्सक से सम्पर्क करें। भेड़, बकरियों में पी.पी.आर., भेड़ चेचक रोग होने की संभावना रहती है। अतः बचाव के लिए टीके निश्चित रूप से लगवा लें। पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए खनिज मिश्रण 30-50 ग्राम प्रतिदिन दें, जिससे पशुओं में दूध उत्पादन के साथ ही शारीरिक तंदुरुस्ती बनी रहे। पशुओं को अत्यधिक तापमान एवं तेज धूप से बचाने के लिए उपाय करें। फुट-एंड-माउथ डिजीज, जिसे खुरपका-मुंहपका रोग भी कहा जाता है। यह पशुओं विशेषकर गाय, भैंस, भेड़, बकरी और सुअर में होने वाला एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है।

# कर्मियों की हड़ताल से कार्य प्रभावित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कर्मियों द्वारा दिए गए प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनिश्चितकालीन हड़ताल से अचल स्तर पर लोक शिकाय, आपदा व भूमि विवाद, प्रखंड स्तर पर निर्वाचन, एसटीआर, अनुमंडल स्तर पर निर्वाचन, एसटीआर, पीडीएस नियोजन, कार्यालय में न्यायालय कार्य, भूमि सुधार कार्यालय में न्यायालय कार्य व निलाम पत्र, जिला स्तर पर निर्वाचन कार्य, निर्माण पत्र, अनुकंपा नियुक्ति, माननीय उच्च न्यायालय, विपत्र निकासी व पत्रों का पत्राचार आदि विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-06/2025-26

पत्रांक –519 गढ़वा / दिनांक – 20 / 08 / 2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बांकी नदी पर एकल चेकडैम निर्माण ग्राम– बारोडीह , पंचायत– पिपरडीह, प्रखण्ड– नगर उँटारी, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 80,92,739.58 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा भुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e-Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–**jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.360050 Minor Irrigation(25-26):D


# डालमियानगर थाने में नये थानाध्यक्ष ने किया योगदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शांति व्यवस्था कायम करना पहला प्राथमिकता, अवैध कारोबार पर लगेगा प्रतिबंध, सबसे पहले क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना, अवैध शराबों पर प्रतिबंध लगाना सबसे पहला प्राथमिकता होगा। उक्त बातें डालमियानगर में नये थानाध्यक्ष अजय कुमार ने योगदान करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि विदित हो कि गुरुवार को रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने शहर में विधि-व्यवस्था को देखते हुए चार थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाने में योगदान करने का निदेश दिया है।

## शराब के खिलाफ छापेमारी, एक धंधेबाज धराया

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के चिलबिली व माथाचक में शराब के खिलाफ छापेमारी की गई। चिलबिली गांव बधार में बरामद पांच सौ लीटर देसी शराब को नष्ट किया गया। हालांकि धंधेबाज भागने में सफल हो गया जबकि पुलिस ने माथाचक गांव के एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया।

# कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई दर्जनों महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस में गुरुवार को 126 महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 126 गर्भवती महिलाओं का शुगर, ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन, एचआईवी, वजन आदि की जांच की गयी। सभी महिला जांच में स्वस्थ पायी गयी। पीएचसी में आई हुई महिलाओं की काउंसलिंग करने के बाद चिकित्सकों ने गर्भावस्था के दौरान जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में जानकारी दी, प्रसव के बाद परिवार कल्याण के तरीके के बारे में भी विस्तार से बताया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड के सभी आशाओं ने गर्भवती महिलाओं को निजी वाहन से लाया जहां जांचोंपरांत सभी महिलाओं को भोजन में हरी साग, सब्जी, अंडा, दूध, घी, मछली सेवन करने के सलाह के साथ दवा दे उन्हें घर भेजा गया। अगर किसी भी गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी होती हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों को दिखाने की बात कही गयी। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# 36 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 36 आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या, दुष्कर्म, विविध, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि पुलिस दबिश के कारण 19 आरोपितों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 60 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 34 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।


**शपथ पत्र**

मैं चन्द्रावती कुमारी (CHANDRAWATI KUMARI) पति दुधेश्वर सिंह (DUDHESAWAR SINGH) निवासी ग्राम-बहादुर बिगहा, पो.-चौराही, थाना-हसपुरा, जिला -औरंगाबाद, बिहार शपथपूर्वक निम्न बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड सं.- 8004 6807 0419 है जिसमें मेरा जन्म तिथि 01/02/1957 अंकित है। मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 01/02/1957 अंकित है। मैं अपना नाम एवं जन्म तिथि का गजट कराने हेतू यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं। शपथपूर्वक बयान करती हूं कि उपर लिखित सभी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

शपथ पत्र सं. 59/E दिनांक -11.08.2025

शपथकर्ता
चन्द्रावती कुमारी


# आयरकोठा थाना में नए थानाध्यक्ष ने दिया योगदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के आयरकोठा थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में बृहस्पतिवार की दोपहर में सुगंधा प्रियदर्शनी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही नव पदस्थापित थानाध्यक्ष सुगंधा प्रियदर्शनी ने सभी पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता अवैध बालू, शराब पर रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाना, क्षेत्र की जनता को उचित न्याय दिलवाना, शांति व्यवस्था कायम करना, पुलिस पब्लिक मैत्री स्थापित करना, जनता के विश्वासों पर खरा उतरना है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मुझसे मिले उनकी समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच मधुर संबंध से ही क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। नए थाना अध्यक्ष के योगदान देने पर डॉ मनोज पंडित, प्रिंस कुमार कुशवाहा, अनिल मुखिया, अजीत कुमार सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।

# मारपीट में महिला समेत दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** थाना क्षेत्र के पंडितपुरा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट बाइक को खड़ा करने को लेकर हुई जिससे दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष की एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घटना गुरुवार शाम की बतायी गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के पंडित पुरा गांव के विक्रमा चौहान ने पड़ोस के विकलांग महिला गीता देवी के दरवाजे के सामने अपना बाइक खड़ा किया जब महिला के द्वारा बाइक को हटाने के लिए कहा गया तो विक्रमा चौहान ने उक्त महिला एवं उसके 13 वर्षीय लड़के के साथ घर में घुस मारपीट किया जिसमें मां बेटे बुरी तरह घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित डॉक्टर विकास कुमार ने किशोर का दाहिना हाथ फ्रैक्चर होने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है जबकि घायल महिला का पीएससी में उपचार जारी है। वहीं थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि घायल महिला के द्वारा थाने में लिखित आवेदन दी गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/GARHWA/$F_2$-05/2025-26

पत्रांक –518 गढ़वा / दिनांक – 20 / 08 / 2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सरकोनी (हौकाहा) मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम–सरकोनी, पंचायत–सरकोनी, प्रखण्ड–काण्डी, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 24,14,448.22 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाइट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e- Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 360053 Minor Irrigation(25-26).D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना।

( गुमशुदा महिला रीता देवी, उम्र– 30 वर्ष)



डंडई थाना सनहा सं0–18 / 2025 दिनांक–13.08.2025 में गुमशुदा महिला रीता देवी, उम्र–करीब 30 वर्ष, पति–सुनिल प्रजापति, सा0–सुअरजंघा, थाना –डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। गुमशुदा महिला के पति एवं आवेदक सुनिल प्रजापति के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनकी पत्नी रीता देवी दिनांक–12.08.2025 की रात्री समय करीब 11 बजे अपने घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई जो अबतक घर वापस नहीं आयी है। उक्त गुमशुदा महिला रीता देवी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा महिला रीता देवी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया**– उम्र– 30 वर्ष, रंग–सांवला,
लम्बाई– करीब 05 फीट, बनावट–समान्य,
भाषा–स्थानीय भाषा, बाल–काला एवं लम्बा,
विशेष पहचान–कनपटी के पास चोट का निशान
पहनावा–गुलाबी साड़ी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.360044 Police(25-26):D

# अनुकंपा पर चयनित लिपिक व परिचारी को मिला नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** अनुकंपा के आधार पर विद्यालय लिपिक और परिचारियों के बीच लघु जल संसाधन सह प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन एवं विधान पार्षद जीवन कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान औरगाबाद जिले में 135 लिपिक एवं 13 परिचारियों की नियुक्ति की गई है। जिला प्रभारी मंत्री श्री सुमन ने नवनियुक्त कर्मियों को बधाई व शुभकामना देते उन्हें मन लगाकर निर्धारित दायित्व निर्वहन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार सूबे के समेकित विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। अनुकंपा आधारित त्वरित नियुक्ति संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अभ्यर्थी नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे। मुझे पूरा विश्वास है कि ये सभी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ पालन करेंगे। इस कदम को समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2006 से शिक्षा विभाग में मृत शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर शिक्षक पद पर नियुक्ति का प्रावधान था। लेकिन जिन आश्रितों की योग्यता शिक्षक पद के लिए उपयुक्त नहीं थी उन्हें 2020 से नियोजन इकाई के माध्यम से विद्यालय लिपिक और विद्यालय परिचारी के नियत वेतन पर नियुक्त किया जाने लगा। वर्ष 2024 तक यह प्रक्रिया जारी रही। वर्तमान में राज्य सरकार ने विद्यालय लिपिक और विद्यालय परिचारी को भी राज्यकर्मी की श्रेणी में लाते हुए उनकी नियुक्ति और सेवा शर्तों को बेहतर बनाया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

# अब 5 सितंबर को होगी अतिपिछड़ा अधिकार महारैली : धर्मेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में 23 अगस्त को अतिपिछड़ा अधिकार मंच के बैनर तले प्रस्तावित अतिपिछड़ा अधिकार महारैली को उसी दिन बाबा गणिनाथ जयंती और अन्य अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए 5 सितंबर को करने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष और कुटुंबा के प्रखंड प्रमुख सह नबीनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ लगने की संभावना है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। बताया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में जो अतिपिछड़ा समाज को ठगने का कार्य करेगा उसकी खैर नहीं है। इस बार हमलोग टिकट नहीं तो वोट नहीं का फार्मूले अपनाएंगे। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जिले के छह विधानसभा में से किसी भी विधानसभा में अबतक अतिपिछड़ा समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी आखिर क्यों नहीं दिया गया। क्या अतिपिछड़ा समाज सिर्फ वोट देने के लिए है। क्या उसे प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिलना चाहिए। आज समाज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। जबकि आज किसी भी विधानसभा में अतिपिछड़ा समाज का 38 प्रतिशत आबादी के साथ सबसे ज्यादा वोट है जो किसी की सता बनाने या उखाड़ने का मादा रखती है फिर भी आज इस समाज का यहां कोई आंसू पोछने वाला भी नहीं है। इन सभी कारणों से जिले के तमाम अतिपिछड़ा समाज के लोगों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाज अपना राजनीतिक हिस्सेदारी लेकर रहेगा। इसके लिए चाहे सड़क पर संघर्ष क्यों न करना पड़े, लेकिन हम टिकट लेकर रहेंगे। इस बार जो राजनीतिक दल अतिपिछड़ा समाज को टिकट देगा समाज वोट भी उसी को करेगा। इस मौके पर दिनेश पाल, बबन प्रजापति, सुरेंद्र प्रसाद, रामप्रवेश प्रजापति, राजरूप पाल, सुरेंद्र चौरसिया, सिनेश राही, डा. शारदा शर्मा, टेंगरा पैक्स अध्यक्ष रंजीत चंद्रवंशी, धीरेंद्र चंद्रवंशी, अंकित कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिह, अजीत ठाकुर, दिलीप गुप्ता, जिला पार्षद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, राजरूप पाल, विकास सिंघानिया, विनोद ठाकुर, अंजन चंद्रवंशी, संजय चौहान, जितेंद्र जोशी, अजीत पाल, धर्मेंद्र कुमार सिह, आलोक चंद्रवंशी, सरपंच प्रमोद सिह चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, एमडी मुराद समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# वज्रपात से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के कंकेर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान कंकेर गांव निवासी अनूप सिंह के रूप में हुई है।सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह अनूप सिंह अपने घर से थोड़ी दूर पर खेत में कृषि कार्य (सोहनी) कर रहे थे तभी अचानक तेज बारिश होने लगी। बारिश के दौरान अचानक वज्रपात की चपेट में आकर वे बुरी तरह झुलस गए जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घंटों मृत अवस्था में खेत में ही वे पड़े रहे। उसी रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर उनपर पड़ी तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि बारिश के साथ अचानक वज्रपात की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हुई है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हत्यारोपित को आजीवन कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद ने बारून थाना क्षेत्र के बहुचर्चित हत्याकांड में दोषी करार दिए गए अभियुक्त को कठोर सज़ा सुनाई है। नवम जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज पांडेय ने शुक्रवार को सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त खजूरी फार्म निवासी राजू प्रसाद गुप्ता को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 में सश्रम आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे दो वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत अभियुक्त को सात वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना देने का आदेश दिया गया है। जुर्माना नहीं देने पर उसे एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सज़ा होगी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# सड़क नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश : डॉ. सुरेश पासवान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नवीनगर प्रखंड के मुंगिया पंचायत अंतर्गत विसनपुर कुशवाह नगर में आज भी पक्की सड़क का अभाव है जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। बरसात के दिनों में यह गांव पूरी तरह से टापू बन जाता है और आवागमन ठप हो जाता है। ग्रामीणों को रोज़मर्रा की ज़रूरतों से लेकर आपात स्थिति तक में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि गांव के लोग वर्षों से पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण कई बार पंचायत के मुखिया, स्थानीय विधायक और सांसद से मिलकर गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया। लगभग 500 से अधिक की आबादी वाले इस गाँव के लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। श्री पासवान ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और सरकार से मांग की है कि इस सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके और वे इस बुनियादी संकट से उबर सकें।

# पितृपक्ष मेला को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर में होने वाले प्रथम पिण्डदान पितृपक्ष मेला एवं महोत्सव के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु चंद्रिका स्मृति भवन के सभागार में पंचायत समिति अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सिद्धेश्वर विद्यार्थी, वरीय अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह उपस्थित थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष समाजसेवी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जम्होर-पुनपुन बटाने संगम स्थल के किनारे पुनपुन नदी के पवित्र घाट पर देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेश तक के लोग भी गया जी जाने के पूर्व प्रथम पिण्ड दान करते थे। आयोजन समिति के महासचिव राजीव कुमार सिंह बबलू ने बैठक में महोत्सव की रूप रेखा, कार्यक्रम एवं बजट प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि महोत्सव धर्मशाला के प्रांगण में होगा जो 12 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि दस बजे तक चलेगा। दूसरे दिन प्रातः अनंत चतुर्दशी के दिन पिण्ड दानी यात्रियों की लगभग 150 गाड़ियां यहां आती हैं उन्हें हम स्थल पर जाकर सम्मानित करेंगे। यह सांकेतिक महोत्सव होगा। दूसरे वर्ष इसे हम सभी व्यापक रूप प्रदान करेंगे। मौके पर जितेंद्र कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार सिंह, पवन सिंह मुन्ना, पवन कुमार सिंह, रवि कुमार, रवि कुमार सिंह, मधुसूदन त्रिवेदी, आदित्य श्रीवास्तव, राम प्रसाद चौधरी, सोनू सिंह, राहुल कुमार खटीक आदि सदस्य उपस्थित थे। संचालन अजीत कुमार सिंह तो धन्यवाद ज्ञापन विनय कुमार सिंह मंटू ने किया। समिति की अगली बैठक 24 अगस्त को होगी जिसमें कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।

# भगवान कृष्ण की छठी में शामिल हुए पूर्व सांसद सुशील सिंह, भव्य स्वागत



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भगवान कृष्ण की छठी के अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह मंगलवार को सुर्खी गांव पहुंचे। यहां हनुमान मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की और भगवान हनुमान समेत अन्य देवी-देवताओं की विधिवत पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व सांसद ने मौके पर उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया था। इस अवसर पर रालोजपा प्रत्याशी रहे चंद्रभूषण वर्मा, भाजपा नेता जितेंद्र शर्मा, विभूति नारायण सिंह, अशोक शर्मा, संजय गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं, जम्होर गांव में भी भगवान कृष्ण की छठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पूजा समिति के सदस्यों ने पहुंचे अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सह वरीय भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, मुखिया सुजीत सिंह, जितेंद्र गुप्ता, सिद्धेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।